इमममुष्य पुत्रममुष्यै पुत्रमस्यै विश एष वोऽमी | राजा सोमोऽस्माकं ब्राह्मणाना राजा ।|

दधिशङ्खतुषाराभं क्षीरोदार्णवसम्भवम् । ज्योत्सनापतिं निशानाथं सोममावाहयाम्यहम् ॥
ॐ भूर्भुवः स्वः यमुनातीरोद्भव आत्रेयगोत्र शुक्लवर्ण भो सोम । इहागच्छ, इह तिष्ठ ॐ सोमाय नमः, सोममवाहयामि, स्थापयामि ।

*३- मंगल (दक्षिणमें, त्रिकोण, लाल) मङ्गलका आवाहन (लाल फूल और अक्षत लेकर) –*

ॐ अग्निमूर्धा दिवःककुत्पतिः अयम् । अपा रेता असि जिन्वति ॥
धरणीगर्भ संभूतं विद्युत्कांति समप्रभम् । कुमारं शक्तिहस्तं च भौममावाहयाम्यहम् ॥
ॐ भूर्भुवः स्वः अवन्तिदेशोद्भव भारद्वाजगोत्र रक्तवर्ण भो भौम । इहागच्छ, इह तिष्ठ ॐ भौमाय नमः, भौममावाहयामि, स्थापयामि ।

*४- बुध (ईशानकोणमें, हरा, धनुष) बुधका आवाहन (पीले, हरे अक्षत-पुष्प लेकर) –*

ॐ उद्बुध्यस्वाग्ने प्रतिजागृहि त्वमिष्टापूर्ते स सृजेथामयं च । अमिन्त्सधस्थे अध्युत्तरस्मिन् विश्वेदेवा यजमानश्च सीदत ॥

प्रियंगुकलिका भासं रूपेणाप्रतिमं बुधम् ।सौम्यं सौम्यगुणोपेतं बुधमावाहयाम्यहम् ॥
ॐ भूर्भुवः स्वः मगधदेशोद्भव आत्रेयगोत्र पीतवर्ण भो बुध । इहागच्छ, इह तिष्ठ ॐ बुधाय नमः, बुधमवाहयामि, स्थापयामि ।

*५- बृहस्पति (उत्तरमें पीला, अष्टदल) बृहस्पतिका आवाहन (पीले अक्षत-पुष्पसे) –*

ॐ बृहस्पते अति यदर्यो अहार्दधुमद्विभाति क्रतुमज्जनेषु । यदीदयच्छवसऋतप्रजात तदस्मासु द्रविणं धेहि चित्रम् ॥
उपयामगृहीतोऽसि बृहस्पतये त्वैष ते योनिर्बृहस्पतये त्वा ॥

देवानां च मुनीनां च गुरुं कांचनसन्निभम् । वन्द्यभूतं त्रिलोकानां गुरुमावाहयाम्यहम् ॥
ॐ भूर्भुवः स्व सिन्धुदेशोद्भव आङ्गिरसगोत्र पीतवर्ण भो गुरो । इहागच्छ, इह तिष्ठ ॐ बृहस्पतये नमः, बृहस्पतिमावाहयामि, स्थापयामि ।

*६- शुक्र (पूर्वमें श्वेत, चतुष्कोण) शुक्रका आवाहन (श्वेत अक्षत-पुष्पसे) –*

ॐ अन्नात्परिस्त्रुतो रसं ब्रह्मणा व्यबक्षत्रं पयः सोमं प्रजापतिः । ऋतेन सत्यमिन्द्रियं विपान शुक्रमन्धस इन्द्रस्येन्द्रियमिदं पयोऽमृतं मधु ॥

ॐ हिमकुन्दमृणालाभं दैत्यानां परमं गुरुम् । सर्वशास्त्र प्रवक्तारं भार्गवं आवाहयाम्यहम् ॥
ॐ भूर्भुवः स्वः भोजकटदेशोद्भव भार्गवगोत्र शुक्लवर्ण भो शुक्रः । इहागच्छ, इहतिष्ठ ॐ शुक्राय नमः, शुक्रमावाहयामि, स्थापयामि ।

*७- शनि (पश्चिममें, काला मनुष्य) शनिका आवाहन (काले अक्षत-पुष्पसे) –*

ॐ शं नो देवीरभिष्टय आपो भवन्तु पीतये । शं योरभि स्त्रवन्तु नः ॥
नीलांबुजसमाभासं रविपुत्रं यमाग्रजम् । छाया मार्तण्ड सम्भूतं शनिमावाहयाम्यहम् ॥
ॐ भूर्भुवः स्वः सौराष्ट्रदेशोद्भव काश्यपगोत्र कृष्णवर्ण भो शनैश्चर । इहगच्छ, इह तिष्ठ ॐ शनैश्चराय नमः, शनैश्चरमावाहयामि, स्थापयामि ।

*८ – राहु (नैऋत्यकोणमें, काला मकर) राहुका आवाहन (काले अक्षत-पुष्पसे)-*

ॐ काया नश्चित्र आ भुवदूती सदावृधः । सखा कया सचिष्ठया वृता ॥
अर्धकायं महावीर्यं चन्द्रादित्यविमर्दनम् । सिंहिकागर्भ संभूतं राहुं आवाहयाम्यहम् ।
ॐ भूर्भुवः स्वः राठिनपुरोद्भव पैठीनसगोत्र कृष्णवर्ण भो राहो । इहागच्छ, इह तिथ्ठ ॐ राहवे नमः, राहुमावाहयामि, स्थापयामि ।

*९ – केतु (वायव्यकोणमें, कृष्ण खड्ग) केतुका आवाहन (धूमिल अक्षत-पुष्प लेकर) –*

ॐ केतुं कृण्वन्नकेतवे पेशो मर्या अपेशसे । समुषद्भिरजायथाः ॥

पलाशपुष्पसंकाशं तारकाग्रहमस्तकम् । रौद्रं रौद्रात्मकं घोरं केतुं आवाहयाम्यहम् ॥
ॐ भूर्भुवः स्वः अन्तर्वेदिसमुद्भव जैमिनिगोत्र धूम्रवर्ण भो केतो । इहागच्छ, इहतिष्ठ, ॐ केतवे नमः, केतुमावाहयामि, स्थापयामि ।

*नवग्रह-मण्डलकी प्रतिष्ठा – आवाहन और स्थापनके बाद हाथमें अक्षत लेकर*

ॐ मनो जूतिर्ज्जुषतामांज्जस्य बृहस्पतिर्यज्ञमिमं तनोत्वरिष्टं यज्ञ गुंग समिमं दधातु । विश्वेदेवास ऽइह मादयन्तामो ३ प्रतिष्ठ । अस्यै प्राणाः प्रतिष्ठन्तु अस्यै प्राणाः क्षरन्तु च । अस्यै देवत्वमर्चायै मामहेति च कश्चन ॥ *इस मन्त्रसे नवग्रहमण्डलमें अक्षत छोड़े ।* अस्मिन् नवग्रहमण्डले आवाहिताः सूर्यादिनवग्रहा देवाः सुप्रतिष्ठिता वरदा भवन्तु ।

*नवग्रह- पूजन नवग्रहोंका आवाहन कर इनकी पूजा करे ।* **ॐ आवाहितसूर्यादिनवग्रहेभ्यो देवेभ्यो नमः ।**

*इस नाम मन्त्रसे पूजन करनेके बाद हाथ जोड़कर निम्नलिखित प्रार्थना करे-* **ॐ ब्रह्मा मुरारिस्त्रिपुरान्तकारी भानुः शशी भूमिसुतो बुधश्च । गुरुश्च शुक्रः शनिराहुकेतवः सर्वे ग्रहाः शान्तिकरा भवन्तु ॥**

*अधिदेवता प्रत्यधि देवता - नवग्रह मण्डल के परिधि में ही अधिदेवता व प्रत्यधि देवता का स्थापन किया जाता है। अधिदेवताओं की स्थापना हाथ में अक्षत-पुष्प लेकर निम्न मन्त्रों को पढ़ते हुए चित्रानुसार नियत स्थानों पर अधिदेवताओं के आवाहन-स्थापन पूर्वक अक्षत-पुष्पों को छोड़ता जाय ।)*

## अधिदेवता प्रत्यधि देवता

*1 ईश्वर (सूर्य के दायें भाग में) आवाहन-स्थापन-*

ॐ त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिं पुष्टिवर्धनम् । उर्वारुकमिव बन्धनान्मृत्योर्मूक्षीय मामृतात् ॥ एह्येहि विश्वेश्वर नस्त्रिशूलकपालखट्वाङ्गधरेण सार्धम् । लोकेश यक्षेश्वर यज्ञसिद्धयै गृहाण पूजां भगवन् नमस्ते ॥ ॐ भूर्भुवः स्वः ईश्वराय नमः ईश्वर मावाहयामि स्थापयामि ।

*२-उमा (चन्द्रमा के दायें भाग में ) आवाहन स्थापन-*

ॐ श्रीश्च ते लक्ष्मीश्च पत्न्यावहोरात्रे पार्श्वे नक्षत्राणि रूपमश्विनौ व्यात्तम् । इष्णन्निषाणामुं म इषाण सर्वलोकं म इषाण । हेमाद्रितनयां देवीं वरदां शङ्करप्रियाम् । लम्बोदरस्य जननीमुमामावाहयाम्याहम् ॥ ॐ भूर्भुवः स्वः उमायै नमः उमामावाहयामि स्थापयामि।

*३- स्कन्द (मङ्गल के दायें भाग में) आवाहन-स्थापन-*

ॐ यदक्रन्दः प्रथमं जायमान उद्यन्त्समुद्रादुत वा पुरीषात् । श्येनस्य पक्षा हरिणस्य बाहू उपस्तुत्यं महि जातं ते अर्वन् ॥ रुद्रतेजःसमुत्पन्नं देवसेनाग्रगं विभुम् । षण्मुखं कृत्तिकासूनुं स्कन्दमावाहयाम्यहम् ॥ ॐ भूर्भुवः स्वः स्कन्दाय नमः स्कन्दमावाहयामि स्थापयामि ।

*४- विष्णु (बुध के दायें भाग में) आवाहन - स्थापन-* ॐ विष्णो रराटमसि विष्णोः श्नप्त्रे स्थो विष्णोः स्यूरसि विष्णोर्ध्रुवोऽसि । वैष्णवमसि विष्णवे त्वा ॥ देवदेवं जगन्नाथं भक्तानुग्रहकारकम् । चतुर्भुजं रमानाथं विष्णुमावाहयाम्यहम् ॥ ॐ भूर्भुवः स्वः विष्णवे नमः विष्णुमावाहयामि स्थापयामि ।

*५- ब्रह्मा (बृहस्पति के दायें भाग में) आवाहन- स्थापन-*

ॐ आ ब्रह्मन् ब्राह्मणो ब्रह्मवर्चसी जायतामा राष्ट्रे राजन्यः शूर इषव्योऽतिव्याधी महारथो जायतां दोग्ध्री धेनुर्वोढानड्वानाशुः सप्तिः पुरन्धिर्योषा जिष्णू रथेष्ठाः सभेयो युवास्य यजमानस्य वीरो जायतां निकामे निकामे नः पर्जन्यो वर्षतु फलवत्यो न ओषधयः पच्यन्तां योगक्षेमो नः कल्पताम् ॥
कृष्णाजिनाम्बरधरं पद्मसंस्थं चतुर्मुखम् । वेदाधारं निरालम्बं विधिमावाहयाम्यहम् ॥ ॐ भूर्भुवः स्वः ब्रह्मणे नमः ब्रह्माणमावाहयामि स्थापयामि ।

*६- इन्द्र (शुक्र के दायें भाग में) आवाहन -स्थापन-*

ॐ सजोषा इन्द्र सगणो मरुद्भिः सोमं पिब वृत्रहा शूर विद्वान् । जहि शत्रूँरप मृधो नुदस्वाथाभयं कृणुहि विश्वतो नः । देवराजं गजारूढं शुनासीरं शतक्रतुम् । वज्रहस्तं महाबाहुमिन्द्रमावाहयाम्यहम् ॥ ॐ भूर्भुवः स्वः इन्द्राय नमः इन्द्रमावाहयामि स्थापयामि ।

*७-यम (शनि के दायें भाग में) आवाहन- स्थापन-*

ॐ यमाय त्वाऽङ्गिरस्वते पितृमते स्वाहा । स्वाहा घर्माय स्वाहा घर्मः पित्रे ॥ धर्मराजं महावीरं दक्षिणादिक्पतिं प्रभुम् । रक्तेक्षणं महाबाहुं यममावाहयाम्यहम् ॥ ॐ भूर्भुवः स्वः यमाय नमः यममावाहयामि स्थापयामि ।

*८-काल (राहु के दायें भाग में) आवाहन स्थापन-*

ॐ कार्षिरसि समुद्रस्य त्वा क्षित्या उन्नयामि । समापो अद्भिरग्मत समोषधीभिरोषधीः ॥ अनाकारमनन्ताख्यं वर्तमानं दिने दिने । कलाकाष्ठादिरूपेण कालमावाहयाम्यहम् ॥ ॐ भूर्भुवः स्वः कालाय नमः कालमावाहयामि स्थापयामि ।

*९-चित्रगुप्त (केतु के दायें भाग में) आवाहन-स्थापन-*

ॐ चित्रावसो स्वस्ति ते पारमशीय । धर्मराजसभासंस्थं कृताकृतविवेकिनम् । आवाहये चित्रगुप्तं लेखनीपत्रहस्तकम् ॥ ॐ भूर्भुवः स्वः चित्रगुप्ताय नमः चित्रगुप्तमावाहयामि स्थापयामि ।

## प्रत्यधि देवताओं का स्थापन

बायें हाथ में अक्षत लेकर दाहिने हाथ से नवग्रहों के बायें भाग में मन्त्र को उच्चारण करते हुए नियत स्थानों पर अक्षत छोड़ते हुए एक-एक प्रत्यधिदेवता का आवाहन-स्थापन करे-

*१- अग्नि (सूर्य के बायें भाग में) आवाहन-स्थापन -* ॐ अग्निं दूतं पुरोदधे हव्यवाहमुप ब्रुवे । देवाँ २ आ सादयादिह ॥
रक्तमाल्याम्बरधरं रक्तपद्मासनस्थितम् । वरदाभयदं देवमग्निमावाहयाम्यहम् ॥
ॐ भूर्भुवः स्वः अग्नये नमः अग्निमावाहयामि स्थापयामि ।

*२- अप (जल) (चन्द्रमा के बायें भाग में) आवाहन - स्थापन-* ॐ आपो हि ष्ठा मयोभुवस्ता न ऊर्जे दधातन । महे रणाय चक्षसे ॥ आदिदेवसमुद्भूतजगच्छुद्धिकराः शुभाः । ओषध्याप्यायनकरा अप आवाहयाम्यहम् ॥ ॐ भूर्भुवः स्वः अद्भ्यो नमः अप आवाहयामि स्थापयामि ।

*३- पृथ्वी (मंगल के बायें भाग में) आवाहन - स्थापन -* ॐ स्योना पृथिवि नो भवानृक्षरा निवेशनी । यच्छा नः शर्म सप्रथाः ॥ शुक्लवर्णां विशालाक्षीं कूर्मपृष्ठोपरिस्थिताम् । सर्वशस्याश्रयां देवीं धरामावाहयाम्यहम् ॥ ॐ भूर्भुवः स्वः पृथिव्यै नमः पृथिवीमावाहयामि स्थापयामि ।

*४- विष्णु (बुध के बाये भाग में) आवाहन - स्थापन-* ॐ इदं विष्णुर्वि चक्रमे त्रेधा नि दधे पदम् । समूढमस्य पा ँ सुरे स्वाहा ॥
शङ्खचक्रगदापद्महस्तं गरुडवाहनम् । किरीटकुण्डलधरं विष्णुमावाहयाम्यहम् ॥
ॐ भूर्भुवः स्वः विष्णवे नमः विष्णुमावाहयामि स्थापयामि ।

*५- इन्द्र (बृहस्पति के बायें भाग में) आवाहन स्थापन-* ॐ इन्द्र आसां नेता बृहस्पतिर्दक्षिणा यज्ञः पुर

एतु सोमः । देवसेनानामभिभञ्जतीनां जयन्तीनां मरुतो यन्त्वग्रम् ॥ ऐरावतगजारूढं सहस्त्राक्षं शचीपतिम् । वज्रहस्तं सुराधीशमिन्द्रमावाहयाम्यहम् ॥ ॐ भूर्भुवः स्वः इन्द्राय नमः इन्द्रमावाहयामि स्थापयामि ।

६- *इन्द्राणी (शुक्र के बायें भाग में) आवाहन स्थापन-* ॐ अदित्यै रास्नाऽसीन्द्राण्या उष्णीषः । पूषाऽसि घर्माय दीष्व ॥ प्रसन्नवदनां देवीं देवराजस्य वल्लभाम् । नानालङ्कारसंयुक्तां शचीमावाहयाम्यहम् । । ॐ भूर्भुवः स्वः इन्द्राण्यै नमः इन्द्राणीमावाहयामि स्थापयामि ।

७- *प्रजापति (शनिके बायें भागमें) आवाहन - स्थापन-* ॐ प्रजापते न त्वदेतान्यन्यो विश्वा रूपाणि परि ता बभूव ।

यत्कामास्ते जुहुमस्तन्नो अस्तु वय ँ स्याम पतयो रयीणाम् ॥ आवाहयाम्यहं देवदेवेशं च प्रजापतिम् । अनेकव्रतकर्तारं सर्वेषां च पितामहम् ॥ ॐ भूर्भुवः स्वः प्रजापतये नमः प्रजापतिमावाहयामि स्थापयामि ।

८- *सर्प (राहु के बायें भाग में) आवाहन- स्थापन-* ॐ नमोऽस्तु सर्पेभ्यो ये के च पृथिवीमनु । ये अन्तरिक्षे ये दिवि तेभ्यः सर्पेभ्यो नमः ॥ अनन्ताद्यान् महाकायान् नानामणिविराजितान् । आवाहयाम्यहं सर्पान् फणासप्तकमण्डितान् ॥ ॐ भूर्भुवः स्वः सर्पेभ्यो नमः सर्पानामावाहयामि स्थापयामि ।

९- *ब्रह्मा (केतु के बायें भाग में) आवाहन- स्थापन-* ॐ ब्रह्म जज्ञानं प्रथमं पुरस्ताद्वि सीमतः सुरुचो वेन आवः । स बुध्न्या उपमा अस्य विष्ठाः सतश्च योनिमसतश्च विवः ॥ हंसपृष्ठसमारूढं देवतागणपूजितम् । आवाहयाम्यहं देवं ब्रह्माणं कमलासनम् ॥ ॐ भूर्भुवः स्वः ब्रह्मणे नमः ब्रह्माणमावाहयामि स्थापयामि ।

===

**पञ्चलोकपाल आवाहन-पूजनः-** *पञ्चलोकपाल पूजा - नवग्रह मण्डल में ही क्रमशः केतु के पास गणेशजी और दुर्गाजी का तथा बृहस्पति के पास वायु आकाश और अश्विनीकुमारों का आवाहन और स्थापन कर पूजन करें ।*

*गणेशजी -* ॐ गणानां त्वा गणपति ँ हवामहे प्रियाणां त्वा प्रियपतिँ हवामहे निधीनां त्वा निधिपतिँ हवामहे वसो मम । आहमजानि गर्भधमात्वमजासि गर्भधम् ॥ लम्बोदरं महाकायं गजवक्त्रं चतुर्भुजम् । आवाहयाम्यहं देवं गणेशं सिद्धिदायकम् ॥ ॐ भूर्भुवः स्वः गणपते ! इहागच्छ, इहतिष्ठ गणपतये नमः , गणपतिमावाहयामि स्थापयामि ॥

*दुर्गाजी -* ॐ अम्बे अम्बिकेऽम्बालिके न मा नयति कश्चन । ससस्त्यश्वकः सुभद्रिकां काम्पीलवासिनीम् ॥
पत्तने नगरे ग्रामे विपिने पर्वते गृहे । नाना जाती कुलेशानीं दुर्गमवाहयाम्याहम् ॥
ॐ भूभुर्वः स्वः दुर्गे ! इहागच्छ इहतिष्ठ दुर्गायै नमः दुर्गामावाहयामि स्थापयामि ॥

*वायु -* ॐआ नो नियुद्भिः शतिनीभिरध्वर ँ सहस्त्रिणीभिरुप याहि यज्ञम् । वायो अस्मिन्त्सवने मादयस्व यूयं पात स्वस्तिभिः सदा नः॥ आवाहयाम्यहं वायुं भूतानां देहधारिणम् । सर्वाधारं महावेगं मृगवाहनमीश्वरम् ॥ ॐ भूर्भुवः स्वः वायो ! इहागच्छ इहतिष्ठ वायवे नमः वायुमावाहयामि स्थापयामि ॥

*आकाश -* ॐ घृतं घृतपावानः पिबत वसां वसापावानः पिबतान्तरिक्षस्य हविरसि स्वाहा । दिशः प्रदिश आदिशो विदिश उद्दिशो दिग्भ्यः स्वाहा ॥ अनाकारं शब्दगुणं द्यावाभूम्यन्तरस्थितम् । आवाहयाम्यहं देवमाकाशं सर्वगं शुभम् ॥
ॐ भूर्भुवः स्वः आकाश ! इहागच्छ इहतिष्ठ आकाशाय नमः आकाशमावाहयामि स्थापयामि ॥

*अश्विनीकुमारों -* ॐ या वां कशा मधुमत्यश्विना सुनृतावती । तया यज्ञं मिमिक्षतम् । उपयामगृहीतोऽस्यश्विभ्यां त्वैष ते योनिर्माध्वीभ्यां त्वा ॥ देवतानां च भैषज्ये सुकुमारो भिषग्वरौ । आवाहयाम्यहं देवावश्विनौ पुष्टिवर्द्धनौ ॥ ॐ भूर्भुवः स्वः अश्विनौ ! इहागच्छ इहतिष्ठ अश्विभ्यां नमः अश्विनावाहयामि स्थापयामि ॥

ॐ मनो० *इस मन्त्र से अक्षत छोड़ते हुए पञ्चलोकपाल की प्रतिष्ठा करे। इसके बाद*
पञ्चलोकपालेभ्यो नमः *इस नाम-मन्त्र से यथालब्धोपचार पूजन कर*
अनया पूजया पञ्चलोकपालाः प्रीयन्ताम् न मम | *ऐसा उच्चारण कर अक्षत छोड़ दे ।*

**दशदिक्पाल आवाहन-पूजनः-** *कहीं-कहीं आचार्यगण अधिक अलंकारिक स्वरुप देते हुए, वड़े यज्ञों, गृहप्रवेशादि कर्म में यज्ञ-मंडप/भवन के विलकुल बाहर पूर्वादि क्रम से दसों दिशाओं में स्थापित कर पूजित करते हैं । नवग्रह मण्डल में वेदी के अंदर पञ्चलोकपाल वासतोष्पति व क्षेत्रपाल का आवाहन-स्थापन कर पूजन किया जाता है । दसों दिशाओं में दिशाओं के अधिपति देवता जिन्हे कि दश दिक्पाल कहा जाता है अक्षत छोड़ते हुए आवाहन एवं स्थापन व पूजन किया जाता है-*

*( पूर्व में) इन्द्र का आवाहन और स्थापन-* ॐ त्रातारमिन्द्रमवितारमिन्द्र ँ हवे हवे सुहव ँ शूरमिन्द्रम् । ह्वयामि शक्रं पुरुहूतमिन्द्र ँ स्वस्ति नो मघवा धात्विन्द्रः ॥
इन्द्रं सुरपतिश्रेष्ठं वज्रहस्तं महाबलम् । आवाहये यज्ञसिद्ध्यै शतयज्ञाधिपं प्रभुम् ॥
ॐ भूर्भुवः स्वः इन्द्र ! इहागच्छ इह तिष्ठ इन्द्राय नमः इन्द्रमावाहयामि, स्थापयामि ।

*( आग्नेयकोण में) अग्नि का आवाहन और स्थापन -* ॐ अग्निं दूतं पुरो दधे हव्यवाहमुप ब्रुवे । देवॉ२ आ सादयादिह ॥
त्रिपादं सप्तहस्तं च द्विमूर्धानं द्विनासिकम् । षण्नेत्रं च चतुःश्रोत्रमग्निमावाहयाम्यहम् ॥
ॐ भूर्भुवः स्वः अग्ने ! इहागच्छ इह तिष्ठ अग्नये नमः अग्निमावाहयामि स्थापयामि ।

*(दक्षिण में) यम का आवाहन और स्थापन -* ॐ यमाय त्वाऽङ्गिरस्वते पितृमते स्वाहा । स्वाहा घर्माय स्वाहा घर्मः पित्रे ॥
महामहिषमारूढं दण्डहस्ते महाबलम् । यज्ञसंरक्षणार्थाय यममावहयाम्यहम् ॥
ॐ भूर्भुवः स्वः यम ! इहागच्छ इह तिष्ठ यमाय नमः यममावाहयामि स्थापयामि ।

*(नैर्ऋत्यकोण में) निर्ऋति का आवाहन और स्थापन-* ॐ असुन्वन्तमयजमानमिच्छ स्तेनस्येत्यामन्विहि तस्करस्य । अन्यमस्मदिच्छ सा त इत्या नमो देवि निर्ऋते तुभ्यमस्तु ॥ सर्वप्रेताधिपं देवं निर्ऋतिं नीलविग्रहम् । आवाहये यज्ञसिद्ध्यै नरारूढं वरप्रदम् ॥ ॐ भूर्भुवः स्वः निर्ऋते ! इहागच्छ इह तिष्ठ निर्ऋतये नमः निर्ऋतिमावाहयामि, स्थापयामि ।

*(पश्चिम में) वरुण का आवाहन और स्थापन-* ॐ तत्त्वा यामि ब्रह्मणा वन्दमानस्तदा शास्ते यजमानो हविर्भिः ।
अहेडमानो वरुणेह बोध्युरुश ँ स मा न आयुः प्रमोषीः ॥

शुद्धस्फटिकसंकाशं जलेशं यादसां पतिम् । आवाहये प्रतीचीशं वरुणं सर्वकामदम् ॥
ॐ भूर्भुवः स्वः वरुण ! इहागच्छ इह तिष्ठ वरुणाय नमः वरुणमावाहयामि स्थापयामि ।

*(वायव्यकोण में) वायु का आवाहन और स्थापन-* ॐ आ नो नियुद्भिः शतिनीभिरध्वर ँ
सहस्त्रिणीभिरुप याहि यज्ञम् ।
वायो अस्मिन्त्सवने मादयस्व यूयं पात स्वस्तिभिः सदा नः ॥
मनोजवं महातेजं सर्वतश्चारिणं शुभम् । यज्ञसंरक्षणार्थाय वायुमावाहयाम्यहम् ॥
ॐ भूर्भुवः स्वः वायो ! इहागच्छ, इह तिष्ठ वायवे नमः वायुमावाहयामि स्थापयामि ।

*(उत्तर में) कुबेर का आवाहन और स्थापन-*
ॐ कुविदङ्ग यवमन्तो यवं चिद्यथा दान्त्यनुपूर्वं वियूय । इहेहैषां कृणुहि भोजनानि ये बर्हिषो नम उक्तिं यजन्ति ॥
उपयामगृहीतोऽस्यश्विभ्यां त्वा सरस्वत्यै त्वेन्द्राय त्वा सुत्राम्ण । एष ते योनिस्तेजसे त्वा वीर्याय त्वा बलाय त्वा ॥
आवहयामि देवेशं धनदं यक्षपूजितम् । महाबलं दिव्यदेहं नरयानगतिं विभुम् ॥
ॐ भूर्भुवः स्वः कुबेर ! इहागच्छ इह तिष्ठ कुबेराय नमः कुबेरमावाहयामि स्थापयामि ।

*(ईशानकोण में) ईशान का आवाहन और स्थापन -*
ॐ तमीशानं जगतस्तस्थुषस्पतिं धियञ्जिन्वमवसे हूमहे वयम् । पूषा नो यथा वेदसामसद् वृधे रक्षिता पायुरदब्धः स्वस्तये ॥
सर्वाधिपं महादेवं भूतानां पतिमव्ययम् । आवाहये तमीशानं लोकानामभयप्रदम् ॥
ॐ भूर्भुवः स्वः ईशान ! इहागच्छ इह तिष्ठ ईशानाय नमः ईशानमावाहयामि स्थापयामि।

*(ईशान-पूर्व के मध्य में) ब्रह्मा का आवाहन और स्थापन-*
ॐ ब्रह्म जज्ञानं प्रथमं पुरस्ताद्वि सीमतः सुरुचो वेन आवः । स बुध्न्या उपमा अस्य विष्ठाः सतश्च योनिमसतश्च वि वः ॥
पद्मयोनिं चतुर्मूर्तिं वेदगर्भं पितामहम् । आवाहयामि ब्रह्माणं यज्ञसंसिद्धिहेतवे ॥
ॐ भूर्भुवः स्वः ब्रह्मन् ! इहागच्छ , इह तिष्ठ ब्रह्मणे नमः , ब्रह्माणमावाहयामि, स्थापयामि ।

*(नैर्ऋत्य-पश्चिम के मध्य में) अनन्त का आवाहन और स्थापन-*
ॐ स्योना पृथिवि नो भवानृक्षरा निवेशनी । यच्छा नः शर्म सप्रथाः । अनन्तं सर्वनागानामधिपं विश्वरूपिणम् । जगतां शान्तिकर्तारं मण्डले स्थापयाम्यहम् ॥
ॐ भूर्भुवः स्वः अनन्त ! इहागच्छ इह तिष्ठ अनन्ताय नमः अनन्तमावाहयामि स्थापयामि ।

प्रतिष्ठा - *इस प्रकार आवाहन स्थापन कर* ॐ मनो जूतिर्जुषतामाज्यस्य वृहस्पतिर्यज्ञमिमं तनोत्वरिष्टं यज्ञँ समिमं दधातु। विश्वे देवास इह मादयंतामो३म्प्रतिष्ठ।। *हे मन की गति के समान यज्ञ को ग्रहण करने वाले, हे बृहस्पति! इस यज्ञ को विस्तारित करें और इसे निर्विघ्न रूप से स्थापित करें। हे विश्वेदेवा आप सब यहाँ प्रसन्न हों, इस मन्त्र से अक्षत छोड़ते हुए दश दिक्पाल का प्रतिष्ठा करे उसके बाद निम्न मन्त्र से यथालब्धोपचार पूजन करे-*
**ॐ इन्द्रादिदशदिक्पालेभ्यो नमः** । पुन: इसके बाद **अनया पूजया इन्द्रादिदशदिक्पालाः प्रीयन्ताम्** ऐसा उच्चारण कर अक्षत दश दिक्पाल मण्डल पर छोड़ दे ।

**वास्तोष्पतिम् – (गुरुलरे)** वासतोष्पति का आवाहन और स्थापन -
*नैर्ऋत्य कोण में १ कलश की स्थापना*
*६४ खाना बनाकर वास्तु पूजा ( गृह ) प्रवेश में ८१ खाने बनाकर वास्तुपीठ पूजा*
ॐ वासतोष्पते प्रतिजानीह्यस्मान्त्स्वावेशो अनमीवो भवा नः । यत् त्वेमहे प्रति तन्नो जुषस्व शं नो भव द्विपदे शं चतुष्पदे ॥ ऋ० ७.५४.१
नागपृष्ठं समारूढं, शूलहस्तं महाबलम् । पातालनायकम् देवं, वास्तुदेवं नमाम्यहम्॥
ॐ भूभुर्वः स्वः वासतोष्पते ! इहागच्छ इहतिष्ठ वासतोष्पतये नमः वासतोष्पतिमावाहयामि स्थापयामि ॥

**क्षेत्राधिपतिम् – (गुरोरुत्तरे)** *क्षेत्रपालका आवाहन-स्थापन*
*वायव्य कोण में 51 खाना बनाकर क्षेत्रपाल पूजा*
- ॐ क्षेत्रपालादिभ्यो नमः
ॐ नहि स्पशमविदन्नन्यमस्माद्वैश्वानरात्पुर एतारमग्नेः । एमेनमवृधन्नमृता अमर्त्यं वैश्वानरं क्षैत्रजित्याय देवाः॥
भूतप्रेतपिशाचाद्यैरावृतं शूलपाणिनम् । आवाहये क्षेत्रपालं कर्मण्यस्मिन् सुखाय नः ॥
क्षेत्रपालात्रमस्यामि सर्वारिष्टनिवारकान्। अस्य यागस्य सिद्ध्यर्थं पूजयाराधितान् मया॥
ॐ भूर्भुवः स्वः क्षेत्राधिपते । इहागच्छ इह तिष्ठ क्षेत्राधिपतये नमः क्षेत्राधिपतिमावाहयामि स्थापयामि ।
आवाहन-स्थापन उपरांत ॐ मनो जूतिर्जुषतामाज्यस्य वृहस्पतिर्यज्ञमिमं तनोत्वरिष्टं यज्ञँ समिमं दधातु। विश्वे देवास इह मादयंतामो३म्प्रतिष्ठ।। - इस मन्त्र से प्रतिष्ठाकर

**षोडषमातृका पूजन -** *षोडषमातृका-पूजनम् - पूजक के दाहिने हाथ की ओर लाल वस्त्र पर उपरोक्त चित्र के अनुसार १६ (सोलह) कोष्ठों में गेहूँ अथवा चावल रखकर क्रम से बनाये गये मातृका मण्डल पर पश्चिम से पूर्व की ओर मातृकाओं का आवाहन नीचे लिखे नाम मन्त्रों से कर उन्हें विराजमान करें । अग्नि कोण में ( पूर्व - दक्षिण कोना ) षोडश मातृका ; सप्त मातृका , घृत - मातृका तथा १ कलश की स्थापना*

*गणेशम् -* ॐ गणानां त्वा गणपति गुंग हवामहे प्रियाणां त्वा प्रियपति गुंग हवामहे निधीनां त्वा निधिपति गुंग हवामहे व्वसो मम । आहमजानि गर्भधमा त्वमजासि गर्भधम् । *ॐ भूर्भुवः स्वः गणपतये नमः, गणपतिमावाहयामि स्थापयामि । (प्रथम अक्षत-पुञ्ज पर गणेश के लिए पुष्पाक्षत छोड़ें ।)*

*गौरीम --* ॐ आयं गौः पृश्निरक्रमीदसदन्मातरं पुरः । पितरं च प्रयन्स्वः । हेमाद्रितनयां देवी वरदां शङ्करप्रियाम् । लम्बोदरस्य जननीं गौरीमावाहयाम्यहम् ।। ॐ भूर्भुव: स्व: गौर्यै नमः गौरीमावाहयामि स्थापयामि ।
*(द्वितीय अक्षत-पुञ्ज पर गौरी के लिए पुष्पाक्षत छोड़ें ।)*

*पद्मामृ --* ॐ हिरण्यरूपा ऽउपसो विरोक ऽउभाविन्दा ऽउदिधः सूर्यश्च । आरोहतं व्वरुण मित्र गर्त ततश्चक्षाथामदितिं दितिञ्च मित्रोऽसिव्वरुणोऽसि । पद्माभां पद्मवदनां पद्मनाभोरुसंस्थिताम् । जगत्प्रियां पद्मवासां पद्मामावाह्याम्यहम् ।।
ॐ पद्मायै नमः, पद्मामावाहयामि स्थापयामि । *(तृतीय कोष्ठक में पद्मा के लिए पुष्पाक्षत छोड़ें।)*

*शचीम् --* ॐ निवेशनः सङ्गमनो व्वसूनां विश्वा रूपाभिचष्टे शचीभिः । देवऽइव सविता सत्यधर्मेन्द्रो न तस्थौ समरे पथीनाम् ।।
दिव्यरूपां विशालाक्षीं शुचि-कुण्डल-धारिणीम् । रक्तामुक्ताद्यलङ्कारां शचीमावाहयाम्यहम् ।। ॐ शच्यै नमः, शचीमावाहयामि स्थापयामि । *(चतुर्थ कोष्ठक में शची के लिए पुष्पाक्षत छोड़ें ।)*

*मेधाम्* -- मेधां मे व्वरुणो ददातु मेधामग्निः प्रजापतिः । मेधामिन्द्रश्च व्वायुश्च मेधां धाता ददातु मे स्वाहा । विश्वेऽस्मिन् भूरिवरदां जरां निर्जरसेविताम् । बुद्धिप्रबोधिनी सौम्यां मेधामावाहयाम्यहम् ।। ॐ मेधायै नमः, मेघामावाहयामि स्थापयामि । *(पाँचवें अक्षत-पुञ्ज पर मेधा के लिए पुष्पाक्षत छाड़े ।)*

*सावित्रीम्* -- ॐ सविता त्त्वा सवाना गुंग सुवतामाद्यग् हपतीना गुंग सोमो वनस्पतीनाम् । वृहस्पतिर्व्वाच ऽइन्द्रो ज्यैष्ठ्यायरूद्द्रः पशुब्भ्यो मित्र - सत्त्यो व्वरुणो धर्मपतीनाम् । जगत्सृष्टिकरी धात्री देवी प्रणवमातृकाम् । वेदगर्भा यज्ञमयीं सावित्री स्थापयाम्यहम् ।। ॐ सावित्र्यै नमः, सावित्रीमावाहयामि स्थापयामि *।(छठे अछत-पुञ्ज पर सावित्री के लिए पुष्पाक्षत छोड़े ।।*

*विजयाम्* -- ॐ विज्यन्धनुः कपर्दिनो व्विशल्यो वाणावाँ२ || उत |अनेशन्नस्य या ऽइषव ऽआभुरस्य निषङ्गधिः । सर्वास्त्रधारिणीं देवीं सर्वाभरणभूषिताम् । सर्वदेवस्तुतां वन्द्यां विजयां स्थापयाम्यहम् ।। जयायै नमः, विजयामावाहयामि स्थापयामि । *(सातवें अक्षत-पुञ्ज पर विजया के लिए पुप्पाक्षत छोड़ें ।)*

*जयाम्*:- ॐ वह्नीनां पिता वहुरस्य पुत्रश्शिचश्श्चाकृणोति समनावगत्य । इषुधिः सङ्काः पृतनाश्च सर्वाः पृष्ठे निनिद्धो जयति प्रसूतः । सुरारिमथिनी देवी देवानामभयप्रदाम् । त्रैलोक्यवन्दितां शुभ्रां जयामावाहयाम्यहम् ।। ॐ जयायै नमः, जयामावाहयामि स्थापयामि । *(आठवें पुञ्ज पर जया के स्थापनार्थ अक्षत छोड़ें ।)*

*देवसेनाम्* - ॐ इन्द्र ऽआसां नेता वृहस्पतिर्दक्षिणा यज्ञः पुर एतु सोमः । देवसेनानामभिभञ्जतीनां जयन्तीनां मरुतो यन्त्वग्रम् । मयूरवाहनां देवी खड्ग-शक्ति-धनुर्धराम् । आवाहयेद् देवसेनां तारकासुरमर्दिनीम् ।। ॐ देवसेनायै नमः, देवसेनामावाहयामि स्थापयामि । *(नवें अक्षत-पुञ्ज पर देवसेना के लिए अक्षत छोड़ें ।)*

*स्वधाम्* -- ॐ पितृभ्यः स्वधायिभ्यः स्वधा नमः पितामहेभ्यः स्वायिब्भ्यः स्वधा नमः प्रपितामहेभ्यः स्वधायिभ्यः स्वधा नमः । अक्षन्नितरोऽमीमदन्त पितरोऽतीतृपन्त पितरः, पितर शुन्धद्ध्वम् । अग्रजा सर्वदेवानां कव्यार्थ या प्रतिष्ठिता । पितृणां तृप्तिदां देवी स्वधामावाहयाम्यहम् ।।
स्वधायै नमः, स्वधामावाहयामि स्थापयामि । *(दसवें पुञ्ज पर स्वधा के निमित्त पुष्पाक्षत छोड़े )*

*स्वाहाम्*:- ॐ स्वाहा प्राणेब्भ्यः साधिपतिकेब्भ्यः । पृथिव्यै स्वाहाग्नये स्वाहान्तरिक्षाय स्वाहा ब्बायवे स्वाहा । दिवे स्वाहा सूर्याय स्वाहा । हविर्गृवा सततं देवेभ्यो या प्रयच्छति । तां दिव्यरूपां वरदां स्वाहामावाहयाम्यहम् ।।
ॐ स्वाहायै नमः, स्वाहामावाहयामि स्थापयामि । *(ग्यारहवें पुञ्ज पर स्वाहा के निमित्त पुष्पाक्षत छोड़ें।*

*मातृ*:-- ॐ आपोऽअस्मान्मातरः शुन्धयन्तु घृतेन तो घृतप्प्वः पुनन्तु । व्विश्श्व गुंग हि रिप्रं प्रवहन्ति देवीरुदिदाब्भ्यः शुचिरा पूतऽएमि । दीक्षातपसोस्तनूरसि तां त्वा शिवा गुंग शम्मां परिदधे भद्रं व्वर्ण पुष्प्यन् । आवाहयाम्यहं मातृः सकलाः लोकपूजिताः । सर्वकल्याण रूपिण्यो वरदा दिव्यभूषणाः ।
ॐ मातृभ्यो नमः, मातृः आवाहयामि स्थापयामि । *(बारहवें अक्षत-पुञ्ज पर मातृ के निमित्त पुष्पाक्षत छोड़ें।)*

*लोकमातृ*:-- ॐ रयिश्च मे रायश्च मे पुष्टं च मे पुष्टिश्च मे विभु च मे प्रभु च मे पूर्ण्णं च मे पूर्णतरं च मे कुयवं च मऽक्षितं च मेऽन्नं च मेऽक्षुच्च मे यज्ञेन कल्पन्ताम् । आवाहयेल्लोकमातृ, जयन्तीप्रमुखाः शुभाः । नानाऽभीष्टप्रदाः शान्ताः सर्वलोकहितावहाः ।। ॐ लोकमातृभ्यो नमः, लोकमातृ, आवाहयामि स्थापयामि । *(तेरहवें अक्षत-पुञ्ज पर लोक मातृ के लिए अक्षत छोड़ें ।)*

*धृतिम्* -- ॐ यत्प्रज्ञानमुत चेतो धृतिश्च्व यज्ज्योतिरन्तरमृतं प्रजासु । यस्मान्नऋते किञ्च न कर्म क्रियतं तन्मे मनः शिवसंकल्पमस्तु । सर्वहर्षकरी देवी भक्तानामभयाप्रदाम् । हर्षोत्फुल्लास्यकमलां धृतिमावाहयाम्यहम् ।। ॐ धृत्यै नमः, धृतिमावाहयामि स्थापयामि ।*(चौदहवें अक्षत-पुञ्ज पर धृति के लिए पुष्पाक्षत छोडे )*

*पुष्टिम्* - ॐ अङ्गान्यात्मन्भिषजा तदश्विनात्मानमङ्गैः समधात्सरस्वती । इन्द्रस्य रूप गुंग शतमानमायुश्चन्द्रेण ज्योतिरमृतं दधानाः । पोषयन्तीं जगत्सर्वं स्वदेहप्रभवैर्नवैः । शाकैः फलैर्जलैरत्नैः पुष्टिमावाहयाम्यहम् ।। ॐ पुष्ट्यै नमः, पुष्टिमावाहयामि स्थापयामि ।*(पन्द्रहवें अक्षत-पुञ्ज पर पुष्टि देवी के लिए पुष्पाक्षत छोड़ें ।)*

*तुष्टिम्* – ॐ जातवेदसे सुनवाम सोममरातीयतो निदहाति वेदः । सनः पर्षदति दुर्गाणि विश्वा नावेव सिन्धु दुरितात्यग्निः । देवैराराधितां देवीं सदा सन्तोषकारिणीम् । प्रसादसुमुखीं देवीं . तुष्टिमावाहयाम्यहम् ॥ ॐ तुष्ट्यै नमः, तुष्टिमावाहयामि, स्थापयामि । *(सोलहवें पुञ्ज पर तुष्टि के लिए पुष्पाक्षत छोड़ें ।)*

*आत्मनः कुलदेवताम्* -- ॐ प्राणाय स्वाहाऽपानाय स्वाहा व्यानाय स्वाहा । चक्षुषे स्वाहा क्षोत्राय स्वाहा व्वाचे स्वाहा मनसे स्वाहा । पत्तने नगरे ग्रामे विपिने पर्वते गृहे । नानाजातिकुलेशानी दुर्गामावाहयाम्यहम् ॥ ॐ आत्मनः कुलदेवतायै नमः, आत्मनः कुलदेवतामावाहयामि, स्थापयामि। *(सतरहवें अक्षत-समूह पर अपनी कुलदेवी के लिए पुष्पाक्षत छोड़ें।)*

*प्राणप्रतिष्ठा* -- ॐ मनो जूतिर्जुषतामाज्यस्य बृहस्पतिर्यज्ञमिमं तनोत्वरिष्टं यज्ञ गुंग समिमं दधातु । विश्वे देवास ऽइह मादयन्तामों ३। प्रतिष्ठठ । ॐ भूर्भुवः स्वः गणपतिसहिताः श्रीगौर्यादिषोडशमातरः वरदा भवत ।

<u>नारिकेलादिफलं समर्पयेत</u> - <u>श्रीसूक्तेन षोडशोपचारैः सम्पूज्य, प्रार्थयेत्</u> -- आयुरारोग्यमैश्वर्यं दधध्वं मातरो मम । निर्विघ्नं सर्वकार्येषु कुरुध्वं सगणाधिपाः ।।

*पुष्पाञ्जलिः* - **गौरी पद्मा शची मेधा सावित्री विजया जया । देवसेना स्वधा स्वाहा मातरो लोकमातरः ।।**
**धृतिः पुष्टिस्तथा तुष्टिः आत्मनः कुलदेवताः । गणेशेनाधिका ह्येता वृद्धौ पूज्यास्तु षोडश ।।**
**ॐ षोडशमातृकाभ्यो नमः।**
**अनया पूजया गणेशसहित-गौर्यादिषोडशमातरः प्रीयन्तां न मम ।**

## सप्त घृत मातृकाः-

अग्नि कोण मैं ( पूर्व - दक्षिण कोना ) षोडश मातृका ; सप्त मातृका , घृत - मातृका तथा १ कलश की स्थापना

**श्रीलक्ष्माधृतिमेधा स्वाहा प्रजा सरस्वती माङ्गल्येषु प्रपूज्यन्ते सप्तैता घृतमातरः॥**

**1- श्री , 2- लक्ष्मी , 3- धृति, 4- मेधा, 5- स्वाहा, 6- प्रज्ञा , 7- सरस्वती**

<u>सप्त घृत मातृका स्तुतिः-</u>
**सौभाग्यदात्री कमलासनस्था तथा जगद्धात्री सदैव मेधा। पुष्टिश्च श्रदाखिल लोकपूज्या सरस्वती मे वितनोतु लक्ष्मी।**
**ॐ भूर्भुव स्व ध्यानार्थे पुष्पाणि समर्पयामिः श्रीयादि सप्तघृतमातृकाभ्यो नमः**

<u>सप्त घृत मातृका आवाहन मंत्र सहित</u>
*श्रिय-* ॐ मनसः काममाकूतिं वाचं सत्यमशीमहि पशूनां रूपमन्नस्य मयि श्रीः श्रयतां यशः। ॐ श्रियै नमः श्रियमावाहयामि स्थापयामि। <u>(प्रथम विन्दु पर पुष्प अक्षत छोड़कर श्री देवी का आवाहन करें।)</u>

*लक्ष्मी-* ॐ श्रीश्चते लक्ष्मीश्च पत्न्यावोरात्रे पार्श्ववे नक्षत्राणि रूपमश्विनी व्यानम्। इष्णन्निषाणामुं मषाण सर्व्वलोकं मऽइषाण। ॐ लक्ष्म्यै नमः। लक्ष्मीमावाहयामि स्थापयामि । <u>(दूसरी विन्दु पर अक्षत छोड़कर लक्ष्मी का आवाहन करें)</u>

धृति- ॐ भद्रं कण्णेभिः शृणुयाम देवा भद्र पश्येमाक्ष भिर्यजत्राः। स्थिरैरङ्गैस्तुष्टुवा ठं सस्तनूभिर्व्य शेमहि देवहितं यदायुः। धृत्यै नमः धृतिमावाहयामि स्थापयामि। (तीसरी विन्दु पर अक्षत छोड़कर धृति का आवाहन करें ।)

मेधाम- ॐ मेधां मे व्वरुणो ददातु मेधामग्निः प्रजापतिः। मेधामिन्द्रश्च्च व्वायुरश्च मेधा धाता दधातु मे स्वाहा। ॐ मेधायै नमः मेधामावाहयामि स्थापयामि। (चौथी रेखा पर चावल छोड़कर मेधा का आवाहन करें ।)

स्वाहा- ॐ प्राणाय स्वाहा पानाय स्वाहा व्यानाय स्वाहा चक्षुषे स्वाहा श्रोत्राय स्वाहा वाचे स्वाहा मनसे स्वाहा । ॐ स्वाहायै नमः स्वाहामावाहयामि स्थापयामि। (पाँचवी विन्दु रेखा पर चावल छोड़कर स्वाहा का आवाहन करें ।)

प्रज्ञा- ॐ आयं गौः पृश्निरक्रमीदसदन्मातरं पुर पितरं न प्रयन्स्वः। ॐ प्रज्ञायै नमः प्रज्ञामावाहयामि स्थापयामि । (छठी विन्दु रेखा पर अक्षत छोड़कर प्रज्ञा का आवाहन करें ।)

सरस्वती- ॐ पावका नः सरस्वती वाजेभिर्वाजिनीवति। यज्ञं व्यष्टुधियावसुः । ॐ सरस्वत्यै नमः, सरस्वतीमावाहयामि स्थापयामि । (सातवीं विन्दु रेखा पर अक्षत छोड़कर सरस्वती का आवाहन करें ।)

प्राण-प्रतिष्ठा निम्नलिखित मंत्र द्वारा :- ऊँ एतं ते देव सवितर्यज्ञं प्राहुर्बृहस्पतये ब्रह्मणे तेन यज्ञमव तेन यज्ञपतिं तेन मामव।
ऊँ मनोजूतिर्जुषतामाज्यस्य बृहस्पतिं यज्ञमिमं तन्नोत्वरिष्टं यज्ञ ठं समिमं दधातु।। विश्वेदेवा स इह मादयंतामो २ प्रतिष्ठ।

प्राण स्थिर मंत्र- ॐ अस्यै प्राणाः प्रतिष्ठन्तु अस्यै प्राणाः क्षरन्तु च। अस्यै देवत्वमर्चायै मामहेति च कश्चन॥ श्रीयादि सप्तघृत मातृके सुप्रतिष्ठिते वरदे भवेताम् ।

सप्तघृत मातृका मंत्र (सभी वस्तुओ से पूजन करें पूजन मंत्र) - ॐ भूर्भुवः स्वः श्रियादि सप्तघृतमातृभ्यो नमः ।

हाथ मैं अक्षत लेकर प्रार्थना करें प्रार्थना – ॐ यदङ्गत्वेन भो देव्यः पूजिता विधिमार्गतः। कुर्वन्तु कार्यमखिलं निर्विघ्नेन क्रतूद्भवम्॥ *अनया पूजया वर्सो धारा देवता प्रीयन्ताम न मम।* ऐसा उच्चारण कर मण्डलपर अक्षत छोड़ दे ।

घृत धारी मंत्र--वसोर्धारा मंत्र :--

ॐ वसोः पवित्र शतधारं वसोः पवित्रमसि सहस्त्र धारण्। देवस्त्वा सविता पुनातु वसोः पवित्रेण शतधारेण सुप्वाः काम धुक्ष्वः॥ विभक्त धाराओं के मध्य में गुड़ द्वारा (फलादि से ग्रहण करके) एकीकरण - ॐ कामधुक्षः ॥

*पूजक अंजलि में पुष्प ग्रहण करे तथा ब्राहमण आयुष मंत्र पढ़ें*

*आयुष्य मन्त्र पाठ*- ॐ आयुष्यं व्वर्चस्य ७ रायस्पोषमौद्भिदम् । इद ७ हिरण्य व्वर्चस्व जैत्रायाविशता द्रुमाम् ॥ ॐ न तद्रक्षा ७ सि न पिशाचास्तरन्ति देवानामोजः प्रथमज ७ ह्येतत् । यो विभर्त्ति दाक्षायणः हिरण्य स देवेषु कृणुते दीर्घमायुः स मनुष्येषु कृणुते दीर्घमायुः॥

ॐ यदा बध्नन् दाक्षायणा हिरण्यं शतानीकाय सुमनस्यमानाः तन्मऽआबध्नामि शत शारदायायुष्माञ्जरदष्टिर्यथासम् ॥

ॐ यदायुष्यं चिरं देवाः सप्तकल्पान्तजीविषु । ददुस्तेनायुषा युक्ता जीवेम शरदः शतम् ॥ दीर्घा नागा नगा नद्योऽनन्ताः सप्तार्णवा दिशः । अनन्तेनायुषा तेन जीवेम शरदः शतम् ॥ सत्यानि पञ्चभूतानि विनाशरहितानि च । अविनाश्ययुषा तद्वज्जीवेम शरदः शतम् ॥

*सप्त घृत मातृका ध्यान :-*

सप्तहुं विन्दु पे सप्तहुं मातर श्री लक्ष्मी धृति मेधा माँ आओ। स्वाहा सुप्रभा सरस्वती मातु हमें भव सिंधु से पार लगाओ।।
हे वसुधारा सदा वसुधा तल पे करुणामयि धार बहाओ । पूजा में आय सनाथ करो माँ भक्त के माथे माँ हाथ लगाओ ।।

## नान्दीश्राद्ध: ker sakte hain

चतुःषष्टियोगिनी आवाहन पूजनः- *इनका स्थान सुविधानुसार प्रधान कलश के पास अथवा मातृकावेदी के समीप रखा जा सकता है । अन्य देवावाहन की तरह ही इनके लिए भी वायें हाथ में पुष्पाक्षत लेकर, दायें हाथ से मन्त्रोच्चारण करते हुए छोड़ते जायें -*
१. ॐ दिव्ययोगायै नमः । २. ॐ महायोगायै नमः । ३. ॐ सिद्धयोगायै नमः । ४. ॐ महेश्वर्यै नमः । ५. ॐ पिशाचिन्यै नमः । ६. ॐ डाकिन्यै नमः । ७. ॐ कालरात्र्यै नमः । ८. ॐ निशाचर्यै नमः । ९. ॐ कंकाल्यै नमः । १०. ॐ रौद्रवेताल्यै नमः । ११. ॐ हुँकार्यै नमः । १२. ॐ ऊर्ध्वकेश्यै नमः । १३. ॐ विरुपाक्ष्यै नमः । १४. ॐ शुष्काङ्ग्यै नमः । १५. ॐ नरभोजिन्यै नमः । १६. ॐ फटकार्यै नमः। १७. ॐ वीरभद्रायै नमः । १८. ॐ धूम्राक्षस्यै नमः । १९. ॐ कलहप्रियायै नमः । २०. ॐ रक्तक्ष्यै नमः । २१. ॐ राक्षस्यै नमः । २२. ॐ घोरायै नमः । २३. ॐ विश्वरुपायै नमः । २४. ॐ भयङ्कर्यै नमः । २५. ॐ कामाक्ष्यै नमः । २६. ॐ उग्रचामुण्डायै नमः । २७. ॐ भीषणायै नमः । २८. ॐ त्रिपुरान्तकायै नमः । २९. ॐ वीरकौमारिकायै नमः । ३०. ॐ चण्ड्यै नमः । ३१. ॐ वाराह्यै नमः । ३२. ॐ मुण्डधारिण्यै नमः । ३३. ॐ भैरव्यै नमः । ३४. ॐ हस्तिन्यै नमः । ३५. ॐ क्रोधदुर्मुकख्यै नमः । ३६. ॐ प्रेतवाहिन्यै नमः। ३७. ॐ खट्वाङ्गदीर्घलम्बोष्ठ्यै नमः । ३८. ॐ मालत्यै नमः । ३९. ॐ मन्त्रयौगिन्यै नमः । ४०. ॐ अस्थिन्यै नमः । ४१. ॐ चक्रिण्यै नमः । ४२. ॐ ग्राहायै नमः । ४३. ॐ भुवनेश्वर्यै नमः । ४४. ॐ कण्टक्यै नमः । ४५. ॐ कारक्यै नमः । ४६. ॐ शुभ्रायै नमः । ४७. ॐ क्रियायै नमः । ४८. ॐ दूत्यै नमः । ४९. ॐ करालिन्यै नमः । ५०. ॐ शङ्खिन्यै नमः । ५१. ॐ पद्मिन्यै नमः । ५२. ॐ क्षीरायै नमः । ५३. ॐ असन्धायै नमः । ५४. ॐ प्रहारिण्यै नमः । ५५. ॐ ॐ लक्ष्म्यै नमः । ५६. ॐ कामुक्यै नमः । ५७. न ॐ लोलायै नमः । ५८. ॐ काकदृष्ट्यै नमः । ५९. ॐ अधोमुख्यै नमः । ६०. ॐ धूर्जट्यै नमः । ६१. ॐ मालिन्यै नमः । ६२. ॐ घोरायै नमः । ६३. ॐ कपाल्यै नमः । ६४. ॐ विषभोजिन्यै नमः ।

*उक्त चौंसठ योगिनियों के नाममन्त्रों से आवाहन करने के बाद पुनःपुष्पाक्षत लेकर—*
आवाहयाम्यहं देवीर्योगिनीः परमेश्वरीः । योगाभ्यासेन संतुष्टाः परं ध्यानसमन्विताः ।।
दिव्यकुण्डलसंकाशादिव्यज्वालास्त्रिलोचनाः । मूर्तिमतीर्ह्यमूर्त्ताश्च उग्राश्चैवोग्ररुपिणीः ।।
अनेकभावसंयुक्ताः संसारार्णवतारिणीः। यज्ञे कुर्वन्तु निर्विघ्नं श्रेयो यच्छन्तु मातरः ।।
ॐ चतुःषष्टियोगिनीभ्यो नमः, युष्मान् अहम् आवाहयामि, स्थापयामि, पूजयामि च— *बोलते हुए छोड़ दे और पंचोपचार/षोडशोपचार पूजन करे—*

**ॐ चतुःषष्टियोगिनीभ्यो नमः** *कहते हुए।*

*पूजन के बाद हाथ जोड़कर प्रार्थना करे* – यज्ञे कुर्वन्तु विर्विघ्नं श्रेयो यच्छन्तु मातरः ।

पुनः अक्षत लेकर– **अनया पूजया ॐ चतुःषष्टियोगिन्यः प्रीयन्ताम् न मम** - कहकर छोड़दे ।

## सर्वोतोभद्र मंडल

**बीच मैं सर्वोतोभद्र मंडल बनाकर प्रधान देवता की पूजा**
**रुद्र कलश यज्ञ मैं स्थापित ईशान कोण नवग्रह और प्रधान पीठ के बीच पीसी हल्दी या रोली से अष्टदल कमल बनाकर एक कलश स्थापित करें**
**शंकर जी की पूजा मैं लिंगतोभद्र बनता है**

## SERV DEV AAVAHAN

माँ गायत्री मंत्र - **ॐ आयातु वरदे देवि, त्र्यक्षरे ब्रह्मवादिनी। गायत्रिच्छन्दसां मातः, ब्रह्मयोने नमोऽस्तुते।। ॐ श्री गायत्र्यै नमः। आवाहयामि, स्थापयामि, ध्यायामि, ततो नमस्कारं करोमि।**
**ॐ स्तुता मया वरदा वेदमाता, प्रचोदयन्तां पावमानी द्विजानाम्।**
**आयुः प्राणं प्रजां पशुं कीर्तिं द्रविणं ब्रह्मवर्चसम्। मह्यं दत्त्वा व्रजत ब्रह्मलोकम्। -अथर्व० १९.७१.१**

गणेश - **अभीप्सितार्थ - सिद्धार्थ पूजितो यः सुराऽसुरैः । सर्वविघ्नहरस्तस्मै गणाधिपतये नमः ।।**
गौरी - **सर्वमङ्गलमाङ्गल्ये शिवे सर्वार्थसाधिके ! । शरण्ये त्र्यम्बके गौरि नारायणि ! नमोऽस्तु ते ।।**
हरि - **शुक्लाम्बरधरं देवं शशिवर्णं चतुर्भुजम् । प्रसन्नवदनं ध्यायेत् सर्वविघ्नोपशान्तये ।।**
**सर्वदा सर्वकार्येषु नास्ति तेषाममङ्गलम् । येषां हृदिस्थो भगवान् मङ्गलायतनो हरिः ।।**
सीताराम - **रामाय रामभद्राय रामचंद्राय वेधसे। रघुनाथाय नाथाय सीतायाः पतये नमः॥**
**नीलाम्बुजश्यामलकोमलाङ्गं सीतासमारोपितवामभागम। पाणौ महासायकचारूचापं, नमामि रामं रघुवंशनाथम॥**

हनुमान स्तुति - **मनोजवं मारुततुल्यवेगं, जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम्। वातात्मजं वानरयूथमुख्यं, श्रीरामदूतं शरणं प्रपद्ये॥**
**अतुलितबलधामं हेमशैलाभदेहं , दनुजवनकृशानुं ज्ञानिनामग्रगण्यम्। सकलगुणनिधानं वानराणामधीशं , रघुपतिप्रियभक्तं वातजातं नमामि॥**
**आञ्जनेयमतिपाटलाननं काञ्चनाद्रिकमनीय विग्रहम्। पारिजाततरूमूल वासिनं भावयामि पवमाननंदनम्।**
**यत्र यत्र रघुनाथकीर्तनं तत्र तत्र कृत मस्तकाञ्जिलम। वाष्पवारिपरिपूर्णलोचनं मारुतिं राक्षसान्तकाम्।**

ॐ ऐं ह्रीं श्रीं ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्रैं ॐ नमो भगवते महाबल पराक्रमाय भूत-प्रेत-पिशाच ब्रह्म राक्षस शाकिनी डाकिनी यक्षिणी पूतना मारीमहामारी राक्षस भैरव बेताल ग्रह राक्षसादिकान् क्षणेन हन हन,भंजय भंजय मारय मारय फट् स्वाहा।

ॐ दक्षिणमुखाय पञ्चमुख हनुमते करालवदनाय नरसिंहाय ॐ ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्रैं ह्रौं ह्रः सकलभूतप्रेतदमनाय स्वाहा।

ॐ नमो हनुमते रुद्रावताराय सर्वशत्रुसंहारणाय सर्वरोग हराय सर्ववशीकरणाय रामदूताय स्वाहा।
ॐ हनुमते नमः ॐ राम दूताय नमः। ॐ नमो भगवते आञ्जनेयाय महाबलाय स्वाहा। ॐ ऐ ह्रीं हनुमते श्री राम दूताय स्वाहा।

श्रीकृष्ण - **वसुदेवसुतं देवं, कंसचाणूरमर्दनम्। देवकी परमानन्दं, कृष्णं वन्दे जगद्गुरुम।**
**कृष्णाय वासुदेवाय हरये परमात्मने । प्रणतः क्लेशनाशाय गोविंदाय नमो नमः ॥**

श्री श्याम मंत्र - **ॐ श्याम देवाय बर्बरीकाय हरये परमात्मने । प्रणतः क्लेशनाशाय सुहृदयाय नमो नमः।।**
**ॐ मोर्वी नन्दनाय विद् महे श्याम देवाय धीमहि तन्नो बर्बरीक प्रचोदयात्।**

सप्तदेव - **विनायकं गुरुं भानुं, ब्रह्मविष्णुमहेश्वरान्। सरस्वतीं प्रणौम्यादौ, शान्तिकार्यार्थसिद्धये॥**
पुण्डरीकाक्ष- **मङ्गलं भगवान् विष्णुः, मङ्गलं गरुडध्वजः। मङ्गलं पुण्डरीकाक्षो, मङ्गलायतनो हरिः॥**
ब्रह्मा - **त्वं वै चतुर्मुखो ब्रह्मा, सत्यलोकपितामहः। आगच्छ मण्डले चास्मिन्, मम सर्वार्थसिद्धये॥**
**ब्रह्म जज्ञानं प्रथमं पुरस्तादवि सीमतः सुरुचो वेन आवः । स बुध्न्या उपमा अस्य विष्ठाः सतश्चः योनिमसतश्च विवः ॥ हंसपृष्ठसमारूढं देवतागणपूजितम् । आवाहयाम्यहं देवं ब्रह्माणं कमलासनम् ॥**
श्री ब्रम्हाजी - **ॐ नमस्ते परमं ब्रह्मा, नमस्ते परमात्ने । निर्गुणाय नमस्तुभ्यं, सदुयाय नमो नमः।।**

विष्णु- **शान्ताकारं भुजगशयनं, पद्मनाभं सुरेशं, विश्वाधारं गगनसदृशं, मेघवर्णं शुभाङ्गम्।**
**लक्ष्मीकान्तं कमलनयनं, योगिभिर्ध्यानगम्यं, वन्दे विष्णुं भवभयहरं, सर्वलोकैकनाथम्॥**
**कस्तूरीतिलकं ललाटपटले वक्षःस्थले कौस्तुभं। नासाग्रे वरमौक्तिकं करतले वेणुः करे कङ्कणं॥**
**सर्वांगे हरिचन्दनं सुललितं कण्ठे च मुक्तावली। गोपस्त्रीपरिवेष्टितो विजयते गोपालचूडामणिः॥**
**ॐ विष्णो रराटमसि विष्णोः, श्नप्त्रे स्थो विष्णोः, स्यूरसि विष्णोर्ध्रुवोऽसि, वैष्णवमसि विष्णवे त्वा॥**

शिव- **वन्दे देवमुमापतिं सुरगुरुं, वन्दे जगत्कारणम्, वन्दे पन्नगभूषणं मृगधरं, वन्दे पशूनाम्पतिम्।**
**वन्दे सूर्यशशाङ्कवह्निनयनं, वन्दे मुकुन्दप्रियम् , वन्दे भक्तजनाश्रयं च वरदं, वन्दे शिवं शङ्करम्॥**

**ॐ नमः शम्भवाय च मयोभवाय च नमः शङ्कराय च मयस्कराय च नमः शिवाय च शिवतराय च ॥**
पूजन - **ॐ त्र्यक्षरं त्रिगुणाधारं सर्वाक्षरमयं शुभम् त्र्यणवं प्रणवं हंसं स्रष्टारं परमेश्वरम्**
**अनादिनिधनं देवमप्रमेयं सनातनम् परं परतरं बीजं निर्मल निष्कलं शुभम्**

महामृत्युंजय मंत्र- **ॐ त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिं पुष्टिवर्धनम्। उर्वारुकमिव बन्धनान्मृत्योर्मुक्षीय मामृतात् ॥**
श्री कार्तिकेय - **ॐ शारवाना-भावाया नमः, ज्ञानशक्तिधरा स्कंदा , वल्लीईकल्याणा सुंदरा। देवसेना मनः कांता, कार्तिकेया नामोस्तुते।**

अशोक सुंदरी - **ॐ जयन्ती मङ्गलमय्या अशोक सुन्दरी देवी । त्रिपुराम्बिका रूपिणी त्रिलोकी जननी ।।**

ॐकार - **ॐकार बिंदु संयुक्तं नित्यं ध्यायंति योगिनः कामदं मोक्षदं चैव ॐकाराय नमो नमः॥**

पंचॐकार - **ॐ ब्रह्मदेवि च गायत्री तथा गोवर्धनेश्वेरः | प्रथ्वी यज्ञ पतिश्चैतान् पन्चोन्कार नमाम्यहं ||**

दुर्गा- **दुर्गे स्मृता हरसि भीतिमशेषजन्तोः स्वस्थैः स्मृता मतिमतीव शुभां ददासि।**

**दारिद्र्यदुःखभयहारिणि का त्वदन्या सर्वोपकारकरणाय सदार्द्रचित्ता ॥**

**ॐ जयंती मंगला काली, भद्रकाली कपालिनी । दुर्गा क्षमा शिवा धात्री, स्वाहा स्वधा नमोऽस्तुते।।**

सरस्वती- **शुक्लां ब्रह्मविचारसारपरमां, आद्यां जगद्व्यापिनीं, वीणापुस्तकधारिणीमभयदां, जाड्यान्धकारापहाम्।**

**हस्ते स्फाटिकमालिकां विदधतीं, पद्मासने संस्थिताम्, वन्दे तां परमेश्वरीं भगवतीं, बुद्धिप्रदां शारदाम्॥**

**ॐ सरस्वति नमस्तुभ्यं, वरदे कामरूपिणि। विद्यारम्भं करिष्यामि, सिद्धिर्भवतु मे सदा ।।**

लक्ष्मी- **आर्द्रां यः करिर्णीं यष्टिं, सुवर्णां हेममालिनीम्। सूर्यां हिरण्मयीं लक्ष्मीं, जातवेदो मऽआवह॥**
**ॐ श्रीश्चते लक्ष्मीश्च पत्न्या वहो रात्रे पार्श्वे नक्षत्राणि रूपमश्विनौभ्यात्तम् | इष्णं निखाणा मुम्मऽइखाण सर्भलोकं मऽइखाण** || (-यजुर्वेद 22.22)
**ॐ सर्वाबाधा विनिर्मुक्तो, धन धान्यः सुतान्वितः । मनुष्यो मत्प्रसादेन, भविष्यति न संशयःॐ ।**

अष्टलक्ष्मी कुबेर मंत्र - **ॐ ह्रीं श्रीं क्रीं श्रीं कुबेराय अष्ट-लक्ष्मी मम गृहे धनं पुरय पुरय नमः॥**

कालभैरव जी - **ॐ ह्रीं वां बटुकाये, क्षौं क्षौं आपदुद्धाराणाये, कुरु कुरु बटुकाये, ह्रीं बटुकाये स्वाहा।**

काली- **कालिकां तु कलातीतां, कल्याणहृदयां शिवाम्। कल्याणजननीं नित्यं, कल्याणीं पूजयाम्यहम्॥**

**काली महाकाली कालिके परमेश्वरी सर्वानन्दकरी देवी नारायणि नमोऽस्तुते ॐ क्रीं काल्यै नमः |**

गङ्गा- **विष्णुपादाब्जसम्भूते, गङ्गे त्रिपथगामिनि। धर्मद्रवेति विख्याते, पापं मे हर जाहनवि॥**

तीर्थ- **पुष्करादीनि तीर्थानि, गङ्गाद्याः सरितस्तथा। आगच्छन्तु पवित्राणि, पूजाकाले सदा मम॥**

नवग्रह- **ब्रह्मामुरारिस्त्रिपुरान्तकारी, भानुः शशीभूमिसुतो बुधश्च । गुरुश्च शुक्रः शनिराहुकेतवः,सर्वेग्रहाः शान्तिकरा भवन्तु॥**

षोडशमातृका- **गौरी पद्मा शची मेधा, सावित्री विजया जया। देवसेना स्वधा स्वाहा, मातरो लोकमातरः ॥**

**धृतिः पुष्टिस्तथा तुष्टिः, आत्मनः कुलदेवता। गणेशेनाधिका हयेता, वृद्धौ पूज्याश्च षोडश ॥**

सप्तमातृका- **कीर्तिर्लक्ष्मीर्धृतिर्मेधा, सिद्धिः प्रज्ञा सरस्वती। माङ्गल्येषु प्रपूज्याश्च, सप्तैता दिव्यमातरः॥**

पंचकन्या मंत्रः **अहल्या द्रौपदी कुंती तारा मंदोदरी तथा। पंचकन्याः स्मरेन्नित्यं महापातकनाशिनीः ॥**

वास्तुदेव- **नागपृष्ठसमारुढं, शूलहस्तं महाबलम्। पातालनायकं देवं, वास्तुदेवं नमाम्यहम्॥**
**ॐ वासतोष्पते प्रतिजानीह्यस्मान्त्स्वावेशो अनमीवो भवा नः । यत् त्वेमहे प्रति तन्नो जुषस्व शं नो भव द्विपदे शं चतुष्पदे ॥ ऋ० ७.५४.१**

क्षेत्रपाल- **ॐ नहि स्पर्शमविदन्नन्यमस्माद्वैश्वानरात्पुर एतारमग्नेः । एमेनमवृधन्नमृता अमर्त्यं वैश्वानरं क्षेत्रजित्याय देवाः॥**

**भूतप्रेतपिशाचाद्यैरावृतं शूलपाणिनम् । आवाहये क्षेत्रपालं कर्मण्यस्मिन् सुखाय नः ॥**

**क्षेत्रपालान्नमस्यामि सर्वारिष्टनिवारकान्। अस्य यागस्य सिद्धयर्थं पूजयाराधितान् मया॥**

सर्पे - **ॐ नमोस्तु सर्पेभ्यो ये के च प्रथिवी मनु । ये अंतिरिक्षे ये दिवि तेभ्यो: सर्पेभ्यो नमः ।।**

पितृ मंत्र - **ॐ पितृभ्यःस्वधायिभ्यः स्वधा नमः पितामहेभ्यः स्वधायिभ्यः स्वधा नमः प्रपितामहेभ्यः स्वधायिभ्यः स्वधा नमः । अक्षन्पितरोऽमीमदन्त पितरोऽतीतृप्यन्त पितरः पितरःशुन्धध्वम् ॥**
**ॐ देवताभ्यः पितृभ्यश्च महायोगिभ्य एव च। नमः स्वाहायै स्वधायै नित्यमेव नमो नमः।।**
**ॐ पितृ गणाय विद्महे जगतधारिणे धीमहि तन्नो पित्रो प्रचोदयात्।**

नरसिंह उपासना मंत्रः
**ॐ उग्रं वीरं महाविष्णुं ज्वलन्तं सर्वतोमुखम्। नृसिंहं भीषणं भद्रं मृत्युमृत्युं नमाम्यहम्॥**
**ॐ नमो भगवते तुभ्यं पुरुषाय महात्मने हरिंऽद्भुत सिंहाय ब्रह्मणे परमात्मने।**
**ॐ नृसिंहाय विद्महे, वज्रनखाय धीमहि। तन्नो सिंह प्रचोदयात्॥**
**ॐ क्षौं नरसिंहाय नमः**

आवाहन-स्थापन उपरांत - **ॐ मनो जूतिर्जुषतामाज्यस्य वृहस्पतिर्यज्ञमिमं तनोत्वरिष्टं यज्ञँ समिमं दधातु। विश्वे देवास इह मादयंतामोऽम्प्रतिष्ठ।।** - इस मन्त्र से प्रतिष्ठाकर

सर्वदेव नमस्कार - **नमो स्तवन अनंताय सहस्त्र मूर्तये, सहस्त्रपादाक्षि शिरोरु बाहवे। सहस्त्र नाम्ने पुरुषाय शाश्वते, सहस्त्रकोटि युग धारिणे नमः।।**

**भागवत पूजन**

गुरु पूजन
**गुरुर्ब्रह्मा गुरुर्विष्णुर्गुरुर्देवो महेश्वरः । गुरुरेव परं ब्रह्म तस्मै श्रीगुरवे नमः॥१॥ अखण्डमण्डलाकारं व्याप्तं येन चराचरम् । तत्पदं दर्शितं येन तस्मै श्रीगुरवे नमः॥२॥**

ध्यानमूलं गुरुर्मूर्तिः पूजामूलं गुरुर्पदम् । मन्त्रमूलं गुरुर्वाक्यं मोक्षमूलं गुरूर्कृपा ॥

सरस्वती पूजन

या कुन्देन्दुतुषारहारधवला या शुभ्रवस्त्रावृता। या वीणावरदण्डमण्डितकरा या श्वेतपद्मासना॥ या ब्रह्माच्युत शंकरप्रभृतिभिर्देवैः सदा वन्दिता। सा माम् पातु सरस्वती भगवती निःशेषजाड्यापहा॥ शुक्लां ब्रह्मविचार सार परमाम् आद्यां जगद्व्यापिनीम्। वीणा-पुस्तक-धारिणीमभयदां जाड्यान्धकारापहाम्॥ हस्ते स्फटिकमालिकाम् विदधतीम् पद्मासने संस्थिताम्। वन्दे ताम् परमेश्वरीम् भगवतीम् बुद्धिप्रदाम् शारदाम्॥

व्यास पूजन

व्यासाय विष्णुरूपाय व्यासरूपाय विष्णवे | नमो वै ब्रह्मनिधये वासिष्ठाय नमो नमः ||Vyash

सप्त चिरंजीवी मंत्र:

अश्वत्थामा बलिर्व्यासो हनुमांश्च विभीषणः। कृपः परशुरामश्चैव सप्तैते चिरंजीविनः॥
सप्तैतान् संस्मरेन्नित्यं मार्कण्डेयमथाष्टमम्। जीवेद् वर्षशतं सोऽपि सर्वव्याधिविवर्जितः॥

ॐ नर नारायणाभ्यां नमः

ॐ यो मायया विरचितं निजमात्मनीदम् | खे रूपभेदमिव तत् प्रतिचक्षणाय ||
ॐ नर नारायणः विद्महे वासुदेवाय धीमहि, तन्नो नर नारायणः प्रचोदयात ||

वायु देवता पूजन

ॐ अन्तः प्रविश्य भूतानि यो विभर्त्यात्म केतुभिः | अन्तर्यामीश्वरः साक्षात् पातु नो यद्वशे स्फुटम् ||

शेष सनत कुमार पूजन - ॐ शेषः सनत्कुमारश्च सान्ख्यायन पराशरौ | ब्रहस्पतिश्च मैत्रैय उद्धवश्चात्र कर्मणि ||

प्रत्युह व्रन्दं सततं हरन्तां पूजिता मया | अनया पूजया इमे देवाः प्रीयन्तां न मम ||

पौराणिक पूजन - ॐ त्र्य्यारुणिः कश्यपश्च राम शिष्यो अ क्रत व्रणः | वैशम्पायन हारीत षड्वै पौराणिका इमे ||

एतया पूजया षट् पौराणिकाः प्रीयन्ताम न मम ||

सूर्य पूजन-

ॐ ऐहि सूर्य सहस्त्रांशों तेजो राशे जगत्पते, अनुकंपयेमां भक्त्या, गृहाणार्घय दिवाकरः। ॐ ह्रीं घृणिः सूर्य आदित्यः क्लीं ॐ

ॐ सूर्याय नमः | सूर्यमावाहयामि - स्थापयामि - पूजयामि |

दशावतार पूजन - ॐ मत्स्यं कुर्म वराहं च नरसिहं त्रिविक्रमम् | रामं परसु रामं च क्रष्णं च बौद्धं चैव सकल्किनम् ||

गतो अ स्मि शरणं देवं हरि नारायणं शुभम् | प्रणतो अ स्मि जगन्नाथं समे विष्णुः प्रसीदतु ||

लोक पूजन -

ॐ अतलं वितलं चैव नितलं सुतलं तथा | तलातलं रशातलं पातालं पूजयाम्यहम् ||
ॐ जन्लोकस्त पोलोकः सत्यलोको विराजते | भूर्भुवः स्वर्लोको महर्लोक इति स्मृत ||
चतुर्दशलोकान् आवाहयामि स्थापयामि पूजयामि ||

नारद पीठः पूजन - ॐ नमस्तुभ्यं भगवते ज्ञान वैराग्य शालिने | नारदाय सर्वलोकाय पुजिताय सुरर्षये ||

धुन्धकारि पूजन - सात 7 पोर गाठ वाले बाश - लाल डोरा बन्ध कर पूजा करे -

धुन्धकारि यथा वन्शे सप्तग्रन्थि समायुते | उषित्वा क्षिप्रमुक्तो अ भूत्पीत्वा भागवतामतम् ||
तथाअहं देव मुत्तः स्यां सप्ताहः श्रवणेन वै | अनुकम्पय मां नाथ प्रसीद परमेश्वर ||

भागवत पर नारियल पुष्प द्रव्य रखे -

ॐ श्री मदभगवताख्योअयं प्रत्यक्षः कृष्ण एव हि | स्वीक्रतोअसि मयानाथ मुक्त्यर्थम् भवसागरे | |

श्री शुकदेव पूजन -

यं प्रव्रजन्तमनुपेतमपेत कृत्यं द्वैपायनो विरह कातर आजुहाव। पुत्रेति तन्मयतया तरवोऽभिनेदुः तं सर्वभूतहृदयं मुनिमानतोस्मि॥ श्री शुकदेवाय आवाहयामि स्थापयामि पूजयामि ||

*भागवतं पुस्तक पीठः पूजन* - श्री मद् भागवतं शास्त्रं विष्णु रूपं यदुच्यते | तदहं सप्रवक्ष्यामि विशेषेण सुरानद्य ||

धन्यं भागवतं शास्त्रं यस्मिन्भाति जनार्दन | धन्यास्ते वैष्णवा लोके ये शृण्वन्ति कथा मिमाम् ||

*तुलसी पूजन* -

तुलसि श्रीसखि शुभे पापहारिणि पुण्यदे । नमस्ते नारदनुते नारायणमनःप्रिये ॥ १॥
मनः प्रसादजननि सुखसौभाग्यदायिनि । आधि व्याधि हरे देवि तुलसि त्वां नमाम्यहम् ॥ २॥
सौभाग्यं सन्ततिं देवि धनं धान्यं च सर्वदा । आरोग्यं शोकशमनं कुरु मे माधवप्रिये ॥ ६॥
देवी त्वं निर्मिता पूर्वमर्चितासि मुनीश्वरैः| नमो नमस्ते तुलसी पापं हर हरिप्रिये।।
तुलसी श्रीर्महालक्ष्मीर्विद्याविद्या यशस्विनी। धर्म्या धर्मानना देवी देवीदेवमनः प्रिया।।
लभते सुतरां भक्तिमन्ते विष्णुपदं लभेत्। तुलसी भूर्महालक्ष्मीः पद्मिनी श्रीर्हरप्रिया।।

कृष्ण जी - लडडू गोपाल पूजन -

सच्चिदानंद रूपाय विश्वोत्पत्यादिहेतवे! तापत्रय विनाशाय श्री कृष्णाय वयं नुमः।।
कृष्णाय वासुदेवाय देवकी नन्दनाय च । नंदगोपकुमाराय गोविंदाय नमो नमः ॥
शान्ताकारं भुजगशयनं, पद्मनाभं सुरेशं, विश्वाधारं गगनसदृशं, मेघवर्ण शुभाङ्गम्।
लक्ष्मीकान्तं कमलनयनं, योगिभिर्ध्यानगम्यं, वन्दे विष्णुं भवभयहरं, सर्वलोकैकनाथम्॥

स्वः इद वः पादय पादावनेजन पाद प्रक्षालनम् वृद्धः॥

नमो विश्वस्य रूपाय विश्व स्थित्यन्त हेतवे | विश्वेश्वराय विश्वाय गोविन्दाय नमो नमः ||

नमो कमल नेत्राय नमः कमल मालिने | नमः कमल नाभाय कमला पतये नमो नमः ||

प्रसीद परमानन्द प्रसीद परमेश्वर | आधि व्याधि भुजंगेन दष्टं मामुद्धर प्रभो ||

सर्वदेव नमस्कार - **नमो स्त्वन अनंताय सहस्त्र मूर्तये, सहस्त्रपादाक्षि शिरोरु बाहवे। सहस्त्र नाम्ने पुरुषाय शाश्वते, सहस्त्रकोटि युग धारिणे नमः।।**

## नान्दीश्राद्ध:

संस्कृत व्याकरण के अनुसार नांदी शब्द नंद धातु में घय प्रत्यय लगकर बनता है। नंद धातु भवादीगण की परस्मैपदी धातु है, जिसका अर्थ होता है प्रसन्न होना, हर्षित होना, संतुष्ट होना। इसमें इस कार्य को करने से पितर प्रसन्न होते हैं और विश्वदेव भी प्रसन्न होते हैं इसीलिए विष्णु पुराण में नांदी श्राद्ध का उल्लेख करते हुए यह व्याख्या बताई गई है कि " नंदन्ति देवा: यत्र सा नांदी" अर्थात हमें किसी भी शुभ कर्म में अपने पितरों को तथा देवताओं को प्रसन्न करने के लिए शुभ कर्म से पूर्व नांदी श्राद्ध अवश्य करना चाहिए। नांदी श्राद्ध को ही अभ्युदय श्राद्ध भी कहते हैं। नांदिमुख श्राद्ध हो जाने पर कर्ता को जन्म या मृत्यु का सूतक दोष भी नहीं लगता । यह बहुत आवश्यक हैतथापि कर्ता कोई भी शुभ कर्म, अनुष्ठान, यज्ञ आदि भी निःसंकोच कर सकता है क्योंकि नांदिमुख शुभ कर्मों से पूर्व करने का विधान है। यदि आप यज्ञ करते हो तो उसके २१ दिन पहले, विवाह के १० दिन पहले, चुराकरण के ३ दिन पहले और यज्ञोपवीत में ६ दिन पहले नांदी श्राद्ध करने का निर्देश हमारे शास्त्रों में मिलता है। हमें यह जानना चाहिए कि नांदी श्राद्ध करने से किसी भी तरह की दैविक आपदा भी हमारे अनुष्ठान या शुभ कर्मों में नहीं आती। भूकंप आदि का दोष भी नांदी श्राद्ध करने पर नहीं होता है। अनुष्ठान यदि आप कोई कर रहे हो या यज्ञ कर रहे हो तो नांदी साथ पूर्व में न कर पाएं तो यथा समय भी किया जा सकता है। यदि यजमान के पिता, माता, दादा, दादी आदि जीवित हों तो उनका नांदिमुख श्राद्ध नहीं होगा अपितु उनसे पूर्व की दो पीढ़ियों का होगा। इसका अर्थ यह है कि पिता जीवित है तो दादा तथा पूर्व पितामह का नांदिमुख साथ होगा। तब नांदिमुख श्राद्ध करते समय उनके पत्तल पर तीन कुश न रखकर मात्र दो कुश ही रखे जाएंगे। उसी प्रकार यदि माता जीवित हैं तो माता का नांदिमुख श्राद्ध नहीं होगा तथा उस पत्तल पर दादी और परदादी के कुश रखकर उनका ही केवल नान्दीमुख श्राद्ध होगा। लोग जीवित हैं उनका कुश उस पत्तल पर नहीं रखना होगा। नांदिमुख श्राद्ध में कुश सीधे रखे जाते हैं । इसको करने का सबसे अच्छा समय प्रातः काल ही माना जाता है। पत्तलों पर कुश को सीधा रखना चाहिए। इसे दोहरा मोड़कर नहीं रखना चाहिए। इस प्रक्रिया में जनेऊ हमेशा बाएं कंधे पर ही होता है। इसमें बाएं दाहिने करने की कोई जरूरत नहीं पड़ती। इस पूजा में स्वधा शब्द का कोई प्रयोग नहीं होता और न ही तिलों का प्रयोग होता है। गृह प्रवेश एवं वास्तु शांति के अवसर पर नांदिमुख श्राद्ध अवश्य करना चाहिए।

नांदी मुख श्राद्ध **षोडश मातृका** के सामने होता है पूर्वाभिमुख होकर साध्य होकर देव पूजा की तरह पितरो की अर्चना होती है

पूर्व दिशा में सत्य वसु देवता के लिए दो आसन दें जिन पर कुशा के शिरों भाग पर गाँठ लगाकर उत्तराग्र रखें ।

बाकी अन्य आसन उत्तर दिशा से लेकर दक्षिण दिशा की तरफ रखें । इस सब आसन ११ होते हैं ।

**सांङ्कल्पिक विधिना 'नान्दीश्राद्धं कुर्यात्। तद्यथा- पत्रावलिमध्ये प्रदक्षिण्येन चतुर्षु स्थानेषु ऋजून् कुशानास्तीर्य तदुपरि सङ्कल्पपूर्वकं पूजनं कुर्यात्। इदं श्राद्धं सव्येन एव कुर्यात्।**

सुन्दर और मिले सब सब ही सुख
संत समागम दुर्लभ भाई॥

❖ ❖ ❖

## मैया मोहँ माखन भावै

मैया री मोहँ माखन भावै
जो मेवा पकवान कहत तू मोहि नहि रूचि आवै

1. बृज जुवती इक पाछे ठाडी सुनत श्याम की बात
मन-मन कहत कबहु अपने घर देखो माखन खात
बैठे जायी मथनिया के ठिग मै तब रहौ छपानी
सूरदास प्रभु अन्तर जामी, ग्वालिनि मन की जानी

❖ ❖ ❖

## हमारो धन राधे

हमारो धन, राधे जू के नाम!
राधे नाम प्रताप श्याम भये, रसिकन में सरनाम॥
राधे नाम सिद्ध करि मुरली, तानन मोह्यो बाम।
राधे नाम कृपा ते द्वापर, रास रच्यो ब्रजधाम॥
राधे नाम सुनत ही भाजत, हरि अधीर तेहि ठाम।
राधे नाम रकार बिना रह, श्यामहुँ आधे श्याम॥
करू 'कृपालु' राधे राधे की, रटना आठों याम॥

❖ ❖ ❖



की जय, अधर्म का नाश हो, विश्व में शान्ति हो, ...

की, भारत हिन्दू राष्ट्र की जय हो, जै जै जै श्री राधे राधे राधे श्याम ।।

ॐ नमः पार्वती पतये, हर-हर महादेवा शम्भू। काल हर, कष्ट हर, दुख हर, दरिद्र हर, सर्व पाप हर। हर हर महादेव शम्भू

*हस्ते अक्षत पुष्पाणि गृहत्वा मन्त्र पुष्पांजलि*

पुष्पांज्जलि - हाथ में फूल लेकर -

विशेषण विशिष्टायां शुभ पुन्यतिथो अमुक गोत्रः अमुक नामाहम् क्रत्स्य कर्मणः साङ्गता सिद्ध्यर्थं
विषय-विकार मिटाओ,पाप हरो देवा,

ॐ यज्ञेन यज्ञमयजन्त देवास्तानि धर्माणि प्रथमान्यासन्। ते ह नाकं महिमानः सचन्त यत्र
साध्याः सन्ति देवाः।।

# आरती

## हे गिरधर तेरी आरती गाऊँ



हे गिरधर तेरी आरती गाऊँ
आरति गाऊँ प्यारे तुझको रिझाऊँ,
बाँके बिहारी तेरी आरति गाऊँ।

1. मोर मुकुट तेरे शीश पे सोहे,
प्यारी वंशी मुनि मन मोहै,
देख छवि बलिहारी जाऊँ ॥ हे गिरधर....
2. चरणों से निकली गंगा प्यारी,
जिसने सारी दुनिया तारी,
उन चरणों में शीश नवाऊँ ॥ हे गिरधर....
3. व्यास दास के नाथ आप हो,
सुख दु:ख जीवन प्यारे साथ आप हो,
श्रीचरणों में बलि बलि जाऊँ ॥ हे गिरधर....
4. संग सोहैं वृषभानु दुलारी,
ललिता विशाखा सखियाँ प्यारी।
वास सदा वृन्दावन पाऊँ ॥ हे गिरधर....
5. श्री हरिदास के प्यारे तुम हो,
मेरे मोहन जीवन धन हो
प्यारी छवि तेरी मन में बसाऊँ ॥ हे गिरधर....

❖ ❖ ❖



श्री हरि की डाल पे झूला पड़ो है
सब भक्तों में उत्साह बड़ो है ।। आजा रे कन्हैया

## श्री श्यामा श्याम की आरती



श्यामा तेरी आरती कन्हैया तेरी आरती ॥
सारा संसार करेगा कर जोड़ के ॥

1. सिर पर सोना मुकुट विराजे, गल वैजयन्ती माला साजै ॥
और फूलन के हार करेगा कर जोड़ के।
श्यामा तेरी....
2. ब्रह्मादिक तेरौ यश गावें, नारद शारद ध्यान लगावें।
और करें जै जै कार, करेगा कर कर जोड़ के ॥
श्यामा तेरी....
3. मैं हूँ दीनन दु:खिया भारी, आया हूँ प्रभु शरण तुम्हारी।
रखियो लाज हमार, करेगा कर जोड़ के ॥
श्यामा तेरी....
4. अपने चरण की भक्ति दीजै, अपनी शरण में मोहे रखलीजै।
करो भवसागर पार, करेगा कर जोड़ के ॥
श्यामा तेरी....
5. प्रेम सहित जो आरति गावे श्री राधा माधव के पद पावे।
बाढै सुयश अपार, करेगा कर जोड़ के ॥
श्यामा तेरी....

❖ ❖ ❖



की जय, अधर्म का नाश हो, विश्व में शान्ति हो, विश्व का कल्याण हो, भारत माता
की, भारत हिन्दू राष्ट्र की जय हो, जै जै जै श्री राधे राधे राधे श्याम ।।
ॐ नमः पार्वती पतये, हर-हर महादेवा शम्भू । काल हर, कष्ट हर, दुख हर, दरिद्र हर, सर्व पाप हर । हर हर

*हस्ते अक्षत पुष्पाणि गृहत्वा मन्त्र पुष्पांजलि*
पुष्पांजलि - हाथ में फूल लेकर -

विशेषण विशिष्टायां शुभ पुन्यतिथो अमुक गोत्रः अमुक नामाहम् क्रत्स्य कर्मणः साङ्गता सिद्धयर्थ

विषय-विकार मिटाओ,पाप हरो देवा,

ॐ यज्ञेन यज्ञमयजन्त देवास्तानि धर्माणि प्रथमान्यासन्। ते ह नाकं महिमानः सचन्त यत्र साध्याः सन्ति देवाः।।

# आरति अति पावन पुराण की



आरति अति पावन पुराण की,
धर्म भक्ति विज्ञान खान की॥

1. महापुराण भागवत निरमल,
शुक-मुख विगलित निगम कल्पफल॥
परमानन्द सुधा रसमय कल,
लीला रति-रसनिधान की॥ आरती....

2. कलि-मल-मथनि त्रिताप-निवारिणि,
जन्म-मृत्युमय भव-भय-हारिणि॥
सेवत सतत सकल सुखकारिणि,
शुभहौषधि हरि-चरित-गान की॥ आरती....

3. विषय-विलास-विमोह-विनाशिनि,
विमल-विराग विवेक विकासिनि।
भगवत्तत्व-रहस्य प्रकाशिनि,
परम ज्योति परमात्म-ज्ञान की॥ आरती....

4. परमहंस-मुनि-मन उल्लासिनि,
रसिक-हृदय रस रास विलासिनि
भुक्ति, मुक्ति, रति प्रेम सुदासिनि,
कथा अकिंचन प्रिय सुजान की॥
आरति अति पावन पुराणकी,
धर्म-भक्ति विज्ञान खान की॥ आरती....

❖❖❖



# आरती श्रीकुंज बिहारी की

आरती कुंज बिहारी की। श्री गिरधर कृष्ण मुरारी की॥

1. गले में वैजन्ती माला, बजावै मुरली मधुर वाला,
श्रवण में कुण्डल झलकाला।
श्री आनन्द कन्द, वृन्दावन चन्द, मोहन वृज चन्द,
राधिका रमण बिहारी की। श्री गिरधर कृष्ण मुरारी की॥

2. गगन सम अंग कान्ति काली, राधिका चमक रही आली,
लतन में ठाड़े वनमाली।
भ्रमर सी अलक, कस्तूरी तिलक, चन्द्रसी झलक,
ललित छवि श्यामा प्यारी की, श्री गिरधर कृष्ण मुरारी की।

3. शीश पै मोर मुकुट विलसै, देवता दर्शन को तरसै,
गगन से सुमन बहुत बरसै।
बजे मुरचंग मधुर मृदंग, ग्वालिनी संग,
अतुल रति गोप कुमारी की, श्री गिरधर कृष्ण मुरारी की॥

4. जहाँ से प्रगट भई गंगा, कलुष कलि हारिणी श्री गंगा,
स्मरण से मोह होत भंगा।
बसी शिव शीश, जटा के बीच, हरै अघ खीस,
चरण छवि श्री बनवारी की। श्री गिरधर कृष्ण मुरारी की॥

5. चमक रही उज्वल तट रेणू, बाज रही वृन्दावन वेणू,
चहूँ दिशि गोप ग्वाल धेनू।
हँसत मृदु मंद, चांदनी चन्द, कटत भव फन्द,
टेर सुन दीन भिखारी की। श्री गिरधर कृष्ण मुरारी की॥
आरती कुंज बिहारी की। श्री गिरधर कृष्ण मुरारी की॥

❖❖❖



*हस्ते अक्षत पुष्पाणि गृहत्वा मन्त्र पुष्पांजलि*

पुष्पांञ्जलि - हाथ में फूल लेकर -

की जय, **अधर्म** का नाश हो, **विश्व मै शान्ति हो, विश्व का कल्याण** हो, **भारत माता** की, **भारत हिन्दू राष्ट्र** की जय हो, जै जै जै श्री राधे राधे राधे श्याम ।।

ॐ नमः पार्वती पतये, हर-हर महादेवा शम्भू । काल हर, कष्ट हर, दुख हर, दरिद्र हर, सर्व पाप हर । हर हर महादेव शम्भू

विशेषण विशिष्टायां शुभ पुन्यतिथो अमुक गोत्रः अमुक नामाहम् क्रत्स्य कर्मणः साङ्गता सिदध्यर्थे

विषय-विकार मिटाओ,पाप हरो देवा,

ॐ यज्ञेन यज्ञमयजन्त देवास्तानि धर्माणि प्रथमान्यासन्। ते ह नाकं महिमानः सचन्त यत्र साध्याः सन्ति देवाः।।

# आरति बालकृष्ण की कीजै



आरती बालकृष्ण की कीजै,
अपनो जनम सफल कर लीजै।
श्रीयशुदा को परम दुलारो, बाबा की अँखियन को तारो।
गोपिन के प्राणन सों प्यारो, इन पै प्राण निछावर कीजै॥
आरति बालकृष्ण....

बलदाऊ को छोटो भइया, कनुआ कहि कहि बोलत मइया।
परम मुदित मन लेत बलइया, यह छबि नैनन में भरि लीजै॥
आरति बालकृष्ण....

तोतरि बोलन मधुर सुहावै, सखन संग खेलत सुख पावै।
सोई सुकृती जो इनकूँ ध्यावे, अब इनको अपनो करि लीजै॥
आरति बालकृष्ण....

श्रीराधावर सुघर कन्हैया, व्रज जन को नवनीत खवैया।
देखत ही मन लेत चुरैया, अपनो सर्वस इनको दीजै॥
आरति बालकृष्ण....

❖ ❖ ❖



# श्रीरामायण जी की आरती

आरति श्रीरामायणजी की। कीरति कलित ललित सिय पी की॥
गावत ब्रह्मादिक मुनि नारद। वाल्मीकि बिग्यान बिसारद॥
सुक सनकादि सेष अरु सारद। बरनि पवनसुत कीरति नीकी॥1॥
गावत बेद पुरान अष्टदस। छओ शास्त्र सब ग्रंथन को रस।
मुनि जन धन संतन को सरबस। सार अंस संमत सबहि की॥2॥
गावत संतत संभु भवानी। अरु घटसंभव मुनि बिग्यानी।
ब्यास आदि कबिबर्ज बखानी। कागभुसुंडि गरुड़ के ही की॥3॥
कलिमत हरनि बिषय रस फीकी। सुभग सिंगार मुक्ति जुबती की।
दलन रोग भव मूरि अमी की। तात मात सब बिधि तुलसी की॥4॥

❖ ❖ ❖

# राजा राम की आरती

हे राजा राम तेरी आरती उतारूँ।
आरती उतारूँ तोपे तन मन वारूँ॥ हे राजाराम....

कनक सिंहासन राजत जोरी।
दशरथ नन्दन जनक किशोरी॥
छिन-छिन पल यह रूप निहारूँ॥ हे राजाराम.... ॥1॥

वाम भाग शोभित जग जननी।
चरण विराजत हैं सुत अंजनी॥
प्रभु पंकज न नेक विसारूँ॥ हे राजाराम.... ॥2॥

श्यामल तन पीताम्बर सोहे।
देख छवि मुनि जन मन मोहे॥
सुन्दरता पर सर्वस वारूँ॥ हे राजाराम.... ॥3॥

❖ ❖ ❖



की जय, अधर्म का नाश हो, विश्व मै शान्ति हो, विश्व का कल्याण हो, भारत माता की, भारत हिन्दू राष्ट्र की जय हो, जै जै जै श्री राधे राधे राधे श्याम ।।

ॐ नमः पार्वती पतये, हर-हर महादेवा शम्भू । काल हर, कष्ट हर, दुख हर, दरिद्र हर, सर्व पाप हर । हर हर महादेव शम्भू

*हस्ते अक्षत पुष्पाणि गृहत्वा मन्त्र पुष्पांजलि*

पुष्पांजलि - हाथ में फूल लेकर -

## नमस्कार मंत्र

मो गोभ्यः श्रीमतीभ्यः सौरभेयीभ्य एव च। नमो ब्रह्मसुताभ्यश्च पवित्राभ्यो नमो नमः ॥

सर्वकामदुधे देवि सर्वतीर्थाभिषेचिनि । पावनि सुरभिश्रेष्ठे देवि तुभ्यं नमो नमः ॥

गोग्रास- नैवेद्य-मन्त्र - सुरभित्वं जगन्मातर्देवि विष्णुपदे स्थिता। , सर्वदेवमयी ग्रासं मया दत्तमिमं ग्रस।।

## ॥ दुर्गा सप्तशती: सिद्धकुञ्जिकास्तोत्रम् ॥

ॐ अस्य श्रीकुंजिकास्तोत्रमंत्रस्य सदाशिव ऋषिः, अनुष्टुप् छंदः, श्रीत्रिगुणात्मिका देवता, ॐ ऐं बीजं, ॐ ह्रीं शक्तिः, ॐ क्लीं कीलकम्, मम सर्वाभीष्टसिद्ध्यर्थे जपे विनियोगः ।

उवाच: शृणु देवि प्रवक्ष्यामि, कुञ्जिकास्तोत्रमुत्तमम् । येन मन्त्रप्रभावेण चण्डीजापः शुभो भवेत ॥1॥

कवचं नार्गलास्तोत्रं कीलकं न रहस्यकम् । न सूक्तं नापि ध्यानं च न न्यासो न च वार्चनम् ॥2॥

जकापाठमात्रेण दुर्गापाठफलं लभेत् । अति गुह्यतरं देवि देवानामपि दुर्लभम् ॥3॥

नीयं प्रयत्नेनस्वयोनिरिव पार्वति । मारणं मोहनं वश्यंस्तम्भनोच्चाटनादिकम् । पाठमात्रेण

द्ध्येत्कुञ्जिकास्तोत्रमुत्तमम् ॥4॥

थ मन्त्रः ॥ - ॐ ऐं ह्रीं क्लींचामुण्डायै विच्चे ॥ ॐ ग्लौं हुं क्लीं जूं सः ज्वालयज्वालय ज्वल ज्वल

ल प्रज्वल ऐं ह्रीं क्लीं चामुण्डायै विच्चे ज्वलहं सं लं क्षं फट् स्वाहा ॥

इति मन्त्रः ॥

नमस्ते रूद्ररूपिण्यै नमस्ते मधुमर्दिनि । नमः कैटभहारिण्यै नमस्ते महिषार्दिनि ॥1॥

नमस्ते शुम्भहन्त्र्यै च निशुम्भासुरघातिनि । जाग्रतं हि महादेवि जपं सिद्धं कुरूष्व मे ॥2॥

ऐंकारी सृष्टिरूपायै ह्रींकारी प्रतिपालिका । क्लींकारी कामरूपिण्यै बीजरूपे नमोऽस्तु ते ॥3॥

चामुण्डा चण्डघाती च यैकारी वरदायिनी । विच्चे चाभयदा नित्यं नमस्ते मन्त्ररूपिणि ॥4॥

धां धीं धूं धूर्जटेः पत्नी वां वीं वूं वागधीश्वरी । क्रां क्रीं क्रूं कालिका देवि शां शीं शूं मे शुभं कुरु ॥5॥

हुं हुं हुंकाररूपिण्यै जं जं जं जम्भनादिनी । भ्रां भ्रीं भ्रूं भैरवी भद्रे भवान्यै ते नमो नमः ॥6॥

अं कं चं टं तं पं यं शं वीं दुं ऐं वीं हं क्षं । धिजाग्रं धिजाग्रं त्रोटय त्रोटय दीप्तं कुरु कुरु स्वाहा ॥7॥

पां पीं पूं पार्वती पूर्णा खां खीं खूं खेचरी तथा । सां सीं सूं सप्तशती देव्या मन्त्रसिद्धिं कुरुष्व मे ॥8॥

इदं तु कुञ्जिकास्तोत्रंमन्त्रजागर्तिहेतवे । अभक्ते नैव दातव्यंगोपितं रक्ष पार्वति ॥

यस्तु कुञ्जिकाया देविहीनां सप्तशतीं पठेत् । न तस्य जायतेसिद्धिररण्ये रोदनं यथा ॥

॥ इति श्रीरुद्रयामले गौरीतन्त्रे शिवपार्वतीसंवादे कुञ्जिकास्तोत्रं सम्पूर्णम् ॥

## द्वादश ज्योतिर्लिंग स्तोत्र:

सौराष्ट्रे सोमनाथं च श्रीशैले मल्लिकार्जुनम्। उज्जयिन्यां महाकालमोंकारं अमलेश्वरम्॥

परल्यां वैद्यनाथं च डाकिन्यां भीमशंकरम्। सेतुबन्धे तु रामेशं नागेशं दारुकावने॥

वाराणस्यां तु विश्वेशं त्र्यम्बकं गौतमीतटे। हिमालये तु केदारं घृष्णेशं च शिवालये॥

एतानि ज्योतिर्लिङ्गानि सायंप्रातः पठेन्नरः। सप्तजन्मकृतं पापं स्मरणेन विनश्यति॥

## ॥ श्रीशिवपञ्चाक्षरस्तोत्रम् ॥

नागेन्द्रहाराय त्रिलोचनाय, भस्माङ्गरागाय महेश्वराय ।

नित्याय शुद्धाय दिगम्बराय, तस्मै न काराय नमः शिवाय ॥१॥

मन्दाकिनी सलिलचन्दन चर्चिताय, नन्दीश्वर प्रमथनाथ महेश्वराय ।

मन्दारपुष्प बहुपुष्प सुपूजिताय, तस्मै म काराय नमः शिवाय ॥२॥

शिवाय गौरीवदनाब्जवृन्द, सूर्याय दक्षाध्वरनाशकाय ।

श्रीनीलकण्ठाय वृषध्वजाय, तस्मै शि काराय नमः शिवाय ॥३॥

वसिष्ठकुम्भोद्भवगौतमार्य, मुनीन्द्रदेवार्चितशेखराय।

चन्द्रार्क वैश्वानरलोचनाय, तस्मै व काराय नमः शिवाय ॥४॥

यक्षस्वरूपाय जटाधराय, पिनाकहस्ताय सनातनाय ।

दिव्याय देवाय दिगम्बराय, तस्मै य काराय नमः शिवाय ॥५॥

पञ्चाक्षरमिदं पुण्यं यः पठेच्छिवसन्निधौ। शिवलोकमवाप्नोति शिवेन सह मोदते॥

## AARATI HSANKER JI KI

ॐ जय शिव ओंकारा, प्रभु जय शिव ओंकारा। ब्रह्मा विष्णु सदाशिव, अर्द्धांगी धारा

ॐ हर हर हर महादेव॥

एकानन चतुरानन पंचानन राजे। शिव पंचानन राजे। हंसासन गरुड़ासन वृषवाहन साजे

॥ ॐ हर हर हर महादेव.॥

दो भुज चार चतुर्भुज दस भुज अति सोहे। प्रभु दस भुज अति सोहे। तीनों रूप निरखते। त्रिभुवन मन मोहे ॥ ॐ हर हर हर महादेव॥

अक्षमाला बनमाला मुण्डमाला धारी। शिव मुण्डमाला धारी। चंदन मृगमद चंदा, सोहे त्रिपुरारी॥ ॐ हर हर हर महादेव॥

श्वेताम्बर पीताम्बर बाघम्बर अंगे। शिव बाघम्बर अंगे। ब्रह्मादिक सनकादिक भूतादिक संगे ॥ ॐ हर हर हर महादेव॥

कर के मध्य कमंडलु चक्र त्रिशूल धर्ता। शिव कर में त्रिशूल धर्ता। जगकर्ता जगहर्ता जगपालनकर्ता॥ ॐ हर हर हर महादेव॥

ब्रह्मा विष्णु सदाशिव जानत अविवेका। स्वामी जानत अविवेका। प्रणवाक्षर के मध्ये ये तीनों एका ॥ ॐ हर हर हर महादेव॥

काशी में विराजे विश्वनाथ, नंदी ब्रह्मचारी। नित उठ दर्शन पावत, महिमा अति भारी॥ ॐ हर हर हर महादेव॥

त्रिगुण शिवजी की आरती जो कोई नर गावे। प्रभु प्रेम सहित गावे। कहत शिवानन्द स्वामी

वत पर नारियल पुष्प द्रव्य रखै - ॐ श्री मदभगवताख्योअयं प्रत्यक्षः कृष्ण एव हि । स्वीकृतोअसि
यानाथ मुक्त्यर्थम् भवसागरे ।।
व्यास वंदना-व्यासाय विष्णुरूपाय व्यासरूपाय विष्णवे । नमो वै ब्रह्मनिधये वासिष्ठाय नमो नमः ।।
नमोस्तुते व्यास विशाल बुद्धे फुल्लारविन्दायतपत्रनेत्र। येन त्वया भारत तैल पूर्णः प्रज्वलितो ज्ञानमय प्रदीप ।।

श्री शुकदेव पूजन - यं प्रव्रजन्तमनुपेतमपेत कृत्यं द्वैपायनो विरह कातर आजुहाव। पुत्रेति तन्मयतया तरवोऽभिनेदुः तं सर्वभूतहृदयं मुनिमानतोस्मि॥ श्री शुकदेवाय आवाहयामि स्थापयामि पूजयामि ।।

भागवतं पुस्तक पीठः पूजन - श्री मद् भागवतं शास्त्रं विष्णु रूपं यदुच्यते । तदहं सप्रवक्ष्यामि विशेषेण सुरानद्य ।।

धन्यं भागवतं शास्त्रं यस्मिंन्भाति जनार्दन । धन्यास्ते वैष्णवा लोके ये शृण्वन्ति कथा मिमाम् ।।

तुलसी पूजन -

तुलसि श्रीसखि शुभे पापहारिणि पुण्यदे । नमस्ते नारदनुते नारायणमनःप्रिये ॥ १॥
मनः प्रसादजननि सुखसौभाग्यदायिनि । आधि व्याधि हरे देवि तुलसि त्वां नमाम्यहम् ॥ २॥
सौभाग्यं सन्ततिं देवि धनं धान्यं च सर्वदा । आरोग्यं शोकशमनं कुरु मे माधवप्रिये ॥ ६॥
देवी त्वं निर्मिता पूर्वमर्चितासि मुनीश्वरैः । नमो नमस्ते तुलसी पापं हर हरिप्रिये।।
तुलसी श्रीर्महालक्ष्मीर्विद्याविद्या यशस्विनी। धर्म्या धर्मानना देवी देवीदेवमनः प्रिया।।
भते सुतरां भक्तिमन्ते विष्णुपदं लभेत्। तुलसी भूर्महालक्ष्मीः पद्मिनी श्रीर्हरप्रिया।।

ष्णु- शान्ताकारं भुजगशयनं, पद्मनाभं सुरेशं, विश्वाधारं गगनसदृशं, मेघवर्ण शुभाङ्गम्। लक्ष्मीकान्तं कमलनयनं, गिभिर्ध्यानगम्यं, वन्दे विष्णुं भवभयहरं, सर्वलोकैकनाथम्॥ कस्तूरीतिलकं ललाटपटले वक्षःस्थले कौस्तुभं। नासाग्रे वरमौक्तिकं तले वेणुः करे कङ्कणं॥ सर्वांगे हरिचन्दनं सुललितं कण्ठे च मुक्तावली। गोपस्त्रीपरिवेष्टितो विजयते गोपालचूडामणिः॥
ॐ विष्णो रराटमसि विष्णोः, श्नप्त्रे स्थो विष्णोः, स्यूरसि विष्णोर्ध्रुवोऽसि, वैष्णवमसि विष्णवे त्वा॥

ष्ण जी - लडडू गोपाल पूजन -

च्चिदानंद रूपाय विश्वोत्पत्यादिहेतवे! तापत्रय विनाशाय श्री कृष्णाय वयं नुमः।।
कृष्णाय वासुदेवाय देवकी नन्दनाय च । नंदगोपकुमाराय गोविंदाय नमो नमः ॥
नमो विश्वस्य रूपाय विश्व स्थित्यन्त हेतवे । विश्वेश्वराय विश्वाय गोविन्दाय नमो नमः ।।
नमो कमल नेत्राय नमः कमल मालिने । नमः कमल नाभाय कमला पतये नमो नमः ।।
प्रसीद परमानन्द प्रसीद परमेश्वर । आधि व्याधि भुजंगेन दष्टं मामुद्धर प्रभो ।।
श्रीकृष्ण - वसुदेवसुतं देवं, कंसचाणूरमर्दनम्। देवकी परमानन्दं, कृष्णं वन्दे जगद्गुरुम्।
कृष्णाय वासुदेवाय हरये परमात्मने । प्रणतः क्लेशनाशाय गोविंदाय नमो नमः ।।
वृन्दावनेश्वरी राधा कृष्णो वृन्दावनेश्वरः। जीवनेन धने नित्यं राधाकृष्णगतिर्मम।।
राधा साध्यम साधनं यस्य राधा, मन्त्रो राधा मन्त्र दात्री चः राधा ।
सर्वं राधा जीवनम् यस्य राधा, राधा राधा वाचिकिम तस्य शेषम् ॥
वृन्दावन सो वन नहीं, नंदगांव सो गांव! बंशीवट सो वट नहीं, कृष्ण नाम सो नाम
वृन्दावन के वृक्ष को, मरम न जाने कोय। डाल डाल और पात पे; श्री राधे राधे होय।।
राधा मेरी स्वामिनी, मैं राधे को दास। जनम जनम मोहे दीजियो, श्री चरणों का दास।
राधा राधा कहत ही, सब बाधा मिट जाय। कोटी जनम की आपदा, नाम लिये सों जाय,
बरसाने की राधिका, नंदगांव के श्याम इन दोनों के चरणों में मेरा कोटि-कोटि प्रणाम ।
भक्त भक्ति भगवंत गुरु चतुर नाम बपु एक। इनके पद बंदन किएँ, नासत बिघ्न अनेक।।
कृष्णं नारायणं वन्दे कृष्णं वन्दे व्रजप्रियम्। कृष्णं द्वैपायनं वन्दे कृष्णं वन्दे पृथासुतम्॥
**कृष्णस्य द्रविणं राधा राधायाः द्रविणं हरि : जीवनेन धने नित्यं राधाकृष्णगतिर्मम।**
*भगवान श्रीकृष्ण की पूर्ण सम्पदा श्री राधा रानी है और श्रीराधारानी का पूर्ण धन भगवान श्रीकृष्ण हैं,*

॥ महिषासुर मर्दिनि स्तोत्रम् ॥ अयि गिरिनन्दिनि नन्दितमेदिनि विश्वविनोदिनि नन्दिनुते।
गिरिवरविन्ध्यशिरोऽधिनिवासिनि विष्णुविलासिनि जिष्णुनुते।
भगवति हे शितिकण्ठकुटुम्बिनि भूरिकुटुम्बिनि भूरिकृते। जय जय हे महिषासुरमर्दिनि रम्यकपर्दिनि शैलसुते।
सुरवरवर्षिणि दुर्धरधर्षिणि दुर्मुखमर्षिणि हर्षरते।
दनुजनिरोषिणि
अयि जगदम्ब
मधुमधुरे मधुकैटभ
अयि शतखण्ड
निजभुजदण्ड
अयि रणदुर्मद
दुरितदुरीह दुराशय
अयि शरणागत
दुमिदुमितामर
अयि निजहुङ्कृति
शिवशिवशुम्भ
धनुरनुषङ्ग रण
कृतचतुरङ्ग
सुरललना ततथेयि
धुधुकुट धुक्कुट
जय जय जप्य
नटित नटार्ध नटी
अयि सुमनःसुमन
सुनयनविभ्रम
सहितमहाहव
वर्गवृते।
शितकृतफुल्ल
अविरलगण्ड
अयि सुदतीजन
कमलदलामल
अलिकुलसङ्कुल
करमुरलीरव
निजगणभूत
कटितटपीत
जितकनकाचल
विजितसहस्रकरैक
सुरथसमाधि
पदकमलं करुणानिलये
तव पदमेव परम्
कनकलसत्कलसिन्धुजलै
तव चरणं शरणं
तव विमलेन्दुकुलं
मम तु मतं शिवनामधने
अयि मयि दीन दयालुतया ... अयि जगतो जननी कृपयासि यथासि तथानुमितासिरते।
यदुचितमत्र भवत्युररीकुरुतादुरुतापमपाकुरुते। जय जय हे महिषासुरमर्दिनि रम्यकपर्दिनि शैलसुते।



विशेषण विशिष्टायां शुभ पुन्यतिथो अमुक गोत्रः अमुक नामाहम क्रत्स्य कर्मणः साङ्गता सिद्ध्यर्थं

षय-विकार मिटाओ,पाप हरो देवा,

श्रद्धा भक्ति

तन मन ध

तेरा तुझको

श्याम सुन्दर

कहत शिवान

मथुरा में ज

आरति भई र

संकट,क्षण में

............///?

बंसी वाले गो

कर्पूरगौरं करुण

त्वमेव माता च

देव ॥

सानन्दमानन्दव

भक्त्या दीपं

() प्रदक्षिणा

चारो ओर घूम

आरती की थाल

द्रव्य छोड़कर स

ये तीर्थानि प्रच

यानि कानि च

*निषिद्ध कर्म*

हरिओम जल

वन्दनं ।

ॐ द्यौः शान्ति

शान्तिः, सर्वं

यतो यतः सम

ॐ शं नो देवीरभि

स्वस्ति पन्थाम

ओ३म् ये देवान

॥

पुनन्तु माँ

भक्त्या दीप

ते ॥

<u>हस्ते अक्षत पुष्पाणि गृहत्वा मन्त्र पुष्पांजलि</u>

## श्रीभागवत भगवान की है आरती



श्रीभागवत भगवान की है आरती,
पापियों को पाप से है तारती ॥

1. ये अमरग्रन्थ ये मुक्ति पंथ ये पंचम वेद निराला।
नव ज्योति जगाने वाला।
हरिनाम यही, हरिध्यान यही, जग के मंगल की आरती ॥
पापियों को पाप....

2. ये शान्ति गीत पावन पुनीत, पापों को मिटाने वाला।
हरि दरश कराने वाला।
ये सुख करणी, ये दुःख हरणी, श्रीमधुसूदन की आरती ॥
पापियों को पाप....

3. ये मधुर बोल जग पंथ खोल, सन्मार्ग बताने वाला।
बिगड़ी को बनाने वाला।
श्रीराम यही, घनश्याम यही, प्रभु की महिमा की आरती ॥
पापियों को पाप....

❖ ❖ ❖



ॐ यज्ञेन यज्ञमयजन्त देवास्तानि धर्माणि प्रथमान्यासन्। ते ह नाकं महिमानः सचन्त यत्र साध्याः सन्ति देवाः।।

1. गणेश गायत्री– ॐ एक दंष्ट्राय विद्महे, वक्रतुण्डाय धीमहि। तन्नो बुद्धिः प्रचोदयात् ।

2. गौरी गायत्री– ॐ गणेशअम्बिकाये विध्महे , कर्म सिद्धये च धीमहि, तन्नो गौरी प्रचोदयाति ।

3. शिव गायत्री – ॐ तत्पुरुषाय विद्महे, महादेवाय धीमहि । तन्नो रुद्रः प्रचोदयात् ।

4. कृष्ण गायत्री – ॐ देवकी नन्दनाय विद्महे, वासुदेवाय धीमहि । तन्नो कृष्णः प्रचोदयात् ।

3. राधा - ॐ वृषभानुजायै विद्महे , कृष्ण प्रियायै धीमहि । तन्नो राधा प्रचोदयात् ।

7. हनुमान गायत्री–ॐ अञ्जनी सुताय विद्महे, वायु पुत्राय धीमहि। तन्नो मा रुतिः प्रचोदयात् ।

4. तुलसी गायत्री–ॐ श्री तुलस्यै विद्महे, विष्णु प्रियायै धीमहि । तन्नो वृन्दाः प्रचोदयात् ।

5. Ram –ॐ दशरथये विद्महे, सीता बल्लभाय धीमहि । तन्नो रामः प्रचोदयात् ।

6. सीता गायत्री–ॐ जनकनन्दिन्यै विद्महे, भूमिजायै धीमहि । तन्नो सीता प्रचोदयात् ।

**ॐ पितृ गणाय विद्महे जगतधारिणे धीमहि तन्नो पित्रो प्रचोदयात्।**

8. विष्णु गायत्री–ॐ नारायण विदूमहे, वासुदेवाय धीमहि तन्नो विष्णुः प्रचोदयात्।

9. लक्ष्मी गायत्री–ॐ महालक्ष्म्यै विद्महे, विष्णु प्रियायै धीमहि । तन्नो लक्ष्मी प्रचोदयात् ।

10. अग्नि गायत्री–ॐ महाज्वालाय विद्महे, अग्निदेवाय धीमहि । तन्नो अग्निः प्रचोदयात् ।

**ॐ सेवन्तिका बकुल चम्पक पाटलाब्जैः, पुन्नाग जाति करवीर रसाल पुष्पैः ।**

**बिल्व प्रवाल तुलसीदल मंजरीभिः । त्वां पूजयामि जगदीश्वर मे प्रसीद।।**

**मंदार माला कलितालकायै, कपालमालंगित सुन्दराय। दिव्याम्बरायै च दिगम्बराय, नमः शिवायै च नमः शिवाय।**

**ॐ नाना सुगन्धि पुष्पाणि यथा कालो भवानी च, पुष्पान्जलिर्मया दत्त ग्रहाण परमेश्वर ॥ पुराण पुर्षोत्तमाय नमः ॥ मंत्रपुष्पांजली समर्पयामि ॥**

**सुमन सुगंधित सुमनलय सुमनस बुद्धी विचार, पुष्पांजलि अर्पण करूँ मेरे ठाकुर मेरी मात् करो स्वीकार।। मंत्रपुष्पांजली समर्पयामि!!**

सुमन सुगन्धित सुमन लै सुमन सुगंधि सुजान!! पुष्पांजलि अर्पण करू मेरे देव / मेरी मात् करो स्वीकार!! !!मंत्र पुष्पांजलि समर्पयामि!!

Jaikar – श्री **वृन्दावन** बिहारी लाल, **राधा रानी**, श्री **सीताराम** जी महाराज, **पवनसुत हनुमान** जी महाराज, शंकर भगवान की जय, गंगा यमुना की, श्री **मद् भागवत महापुरान**, श्री **व्यास जी महाराज**, श्री **शुकदेव जी महाराज**, सदगुरु महाराज की, **सन्त समाज की जय, सत्य सनातन वैदिक धर्म, गौउ माता की** जय, अपने मात पिता की जय, भक्त और भगवान की जय, नगर बस्ती की जय, आज के आनन्द की जय **धर्म** की जय, **अधर्म** का नाश हो, **विश्व मै शान्ति हो, विश्व का कल्याण** हो, **भारत माता** की, **भारत हिन्दू राष्ट्र** की जय हो, जै जै जै श्री राधे राधे राधे श्याम ।।

ॐ नमः पार्वती पतये, हर-हर महादेव! शम्भू । काल हर, कष्ट हर, दुख हर, दरिद्र हर, सर्व पाप हर ! हर हर

क्षमा प्रार्थना- आवाहनं न जानामि न जानामि विसर्जनम्। पूजां चैव न जानामि क्षमस्व परमेश्वर।।

मंत्रहीनं क्रियाहीनं भक्तिहीनं जनार्दन। यत्पूजितं मया देव परिपूर्ण तदस्तु मे।।

पापोहं पापकर्माहं पापात्मा पाप संभवः! त्राहिमां पुण्डरीकाक्ष सर्व पाप हरो हरी।

यदक्षर पद भ्रष्टं मात्रा हीनं च यद् भवेत | तत्सर्वं क्षम्यतां देव प्रसीद परमेश्वर ||

साष्टांग नमस्कार

**नमोऽस्त्वनन्ताय सहस्रमूर्तये सहस्रपादाक्षिशिरोरुबाहवे । सहस्रनाम्ने पुरुषाय शाश्वते सहस्रकोटियुगधारिणे नमः ।।**

**नमो ब्रह्मण्यदेवाय गोब्राह्मणहिताय च । जगद्धिताय कृष्णाय गोविन्दाय नमो नमः ।।**
**वसुदेवसुतं देवं कंसचाणूरमर्द नम् । देवकी परमानन्दम् कृष्णं वन्दे जगद्गुरुम् ।।**

*भगवत्स्मरण :* ॐ प्रमादात्कुर्वतां कर्म प्रच्यवेताध्वरेषु यत्। स्मरणादेव तद्विष्णोः सम्पूर्ण स्यादिति श्रुतिः॥

**यस्य स्मृत्या च नामोक्त्या तपोयज्ञक्रियादिषु। न्यूनं सम्पूर्णतां याति सद्यो वन्दे तमच्युतम्॥**

**ॐ विष्णवे नमः। ॐ विष्णवे नमः। ॐ विष्णवे नमः।**

शुभकामना मंत्र : ॐ सर्वे भवन्तु सुखिनः । सर्वे सन्तु निरामयाः । सर्वे भद्राणि पश्यन्तु । मा कश्चित् दुःख भाग्भवेत् ॥ ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः॥

*'नाम संकीर्तनं यस्य सर्व पाप प्रणाशनम्, प्रणामो दुःख शमनः तम नमामि हरिं परम्।।* || akhiri slok

**आसन से यजमान हटना**

यजमान जिस आसन पर बैठा है | उसके नीचे जल छिड़क कर उस जल को अपने माथे में और आँखों में लगा ले |

**ॐ सकराय नमः ॐ इन्द्राय नमः - ऐसे करने से इंद्र आपके पूजा को नहीं लेके जायेगा ऐसा मानना है**

**मन्त्र अक्षत आशीर्वाद**

ब्राहमण फूल फल आदि लेकर **यजमान तथा उसकी पत्नी** को मन्त्र अक्षत दें |

**ॐ मन्त्रार्थाः सफलाः सन्तु पूर्णाः सन्तु मनोरथाः | शत्रूणां बुद्धि नाशो अस्तु मित्राणा मुदयस्तव ||**

**ॐ श्रीर्वर्चस्व मायुष्य मारोग्य माविधात पवमानं महीयते | धनं धान्यं पशुं पुत्र पौत्र लाभं शत संवत्सरं दीर्घमायुः ||**

**त्वम् आयुष्मान् वर्चस्वी तेजस्वी श्रीमान् भूयाः।**

**गॉठ खोलन -**

यजमान और उसकी पत्नी की गॉठ बाँधी है, खोल दी जाय | यजमान सबका ब्राहमणो का आशीर्वाद लें | स्वस्ति वाचन बोले |

**ॐ स्वस्ति न इन्द्रो वृद्धश्रवा : स्वस्ति न : पूषा विश्व वेदाः । स्वस्ति नस्तार्क्षो ऽअरिष्टनेमि स्वस्ति नो बृहस्पतिर्दधातुः ॥१॥**

**|| ॐ विष्णवे नमः ॐ विष्णवे नमः ॐ विष्णवे नमः ||**
**|| ॐ विष्णोः स्मरणात परिपूर्णा स्तु अस्तु परिपूर्ण ||**

**उत्तर पूजन** - यजमान - गौरी - गणेश - कलश - नवग्रह चारों कोनों में स्थापित पीठ प्रधान देवता आदि सभी आवाहित देवताओं पर गन्ध - अक्षत - पुष्प छोड़कर उत्तर पूजन कर दें -

**मंत्र - ॐ आवाहित देवताभ्यो नमः | उत्तर पूजां ग्रहणन्तु | प्रीयंताम ||**

**अग्नि विसर्जन** - हवन वेदी के गन्ध - अक्षत - पुष्प छोड़ कर प्रार्थना करे |

**ॐ गच्छ गच्छ सुरश्रेष्ठ, स्वस्थाने परमेश्वर, यत्र ब्रहमादयो देवाः, तत्र गच्छ हुताशन |**

**देव विसर्जन** - लक्ष्मी - गणेश देव हमारे यहा स्थापित रहें | अन्य देवता जो हमने बुलाये है सभी अपने अपने स्थान को प्रस्थान करें और हमें यस, वैभव, धन, लक्ष्मी, पुत्र , पुत्री , पशु , स्थाई लक्ष्मी , सुख सम्पदा प्रदान करने का शुभ आशीर्वाद दें ||

**गच्छन्तु सुराः श्रेष्ठाः स्वस्थानं परमेश्वराः | यजमान हितार्थाय पुनरागमनाय च ||**

**यान्तु देवगणाः सर्वे पूजामादाय मामकीमम | इष्ट काम समृद्ध्यर्थ पुनरागनाय च ||**

**पीठदान संकल्प =** कुश - अक्षत - जल - द्रव्य लेकर = नवग्रह , वास्तु, योगिनी , प्रधान देवता आदि की पीठ का संकल्प करे -

**अद्य विशेषण विशिष्टायां शुभ पुन्यतिथो अमुक गोत्रः अमुक नामाहम् क्रत्स्य कर्मणः सिद्ध्यर्थ इमानि, सोपस्करादि-सहितानि पीठादिनी सर्दक्षिणानि आचार्याय अमुक गोत्राय अमुक नामाहम ब्रहमानाय तुभ्यंमहं सम्प्रददे |**

**ध्वजा पताका दान** - कुश - अक्षत - जल - द्रव्य लेकर = नवग्रह की झण्डी तथा इन्द्रध्वज का संकल्प करे -

**अद्य विशेषण विशिष्टायां शुभ पुन्यतिथो अमुक गोत्रः अमुक नामाहम् क्रत्स्य कर्मणः सिद्ध्यर्थ इदं मण्डपं ध्वज पताकादि - उपस्कर युतम सदक्षिणाम आचार्याय अमुक गोत्राय अमुक नामाहम ब्रहमानाय तुभ्यंमह सम्प्रददे |**

**|| ॐ विष्णवे नमः ॐ विष्णवे नमः ॐ विष्णवे नमः ||**
**|| ॐ विष्णोः स्मरणात परिपूर्णा स्तु अस्तु परिपूर्ण ||**

जय घोष - श्री वृन्दावन बिहारी लाल, राधा रानी, श्री सीताराम जी महाराज, पवनसुत हनुमान जी महाराज, शंकर भगवान की जय, गंगा यमुना की, श्री मद् भागवत महापुरान, श्री व्यास जी महाराज, श्री शुकदेव जी महाराज, सदगुरु महाराज की, सन्त समाज की जय, सत्य सनातन वैदिक धर्म, गौउ माता की जय, अपने मात पिता की जय, भक्त और भगवान की जय, नगर बस्ती की जय, आज के आनन्द की जय धर्म की जय, अधर्म का नाश हो, विश्व मै शान्ति हो, विश्व का कल्याण हो, भारत माता की, भारत हिन्दू राष्ट्र की जय हो, जै जै जै श्री राधे राधे राधे श्याम ||

ॐ नमः पार्वती पतये, हर-हर महादेव! शम्भू | काल हर, कष्ट हर, दुख हर, दरिद्र हर, सर्व पाप हर ! हर

# आरती क्या है और कैसे करनी चाहिये?

आरतीको 'आरात्रिक' अथवा 'आरार्तिक' और 'नीराजन' भी कहते हैं। पूजाके अन्तमें आरती की जाती है। पूजनमें जो त्रुटि रह जाती है, आरतीसे उसकी पूर्ति होती है। स्कन्दपुराणमें कहा गया है—

**मन्त्रहीनं क्रियाहीनं यत् कृतं पूजनं हरेः।**
**सर्वं सम्पूर्णतामेति कृते नीराजने शिवे॥**

'पूजन मन्त्रहीन और क्रियाहीन होनेपर भी नीराजन (आरती) कर लेनेसे उसमें सारी पूर्णता आ जाती है।'

आरती करनेका ही नहीं, आरती देखनेका भी बड़ा पुण्य लिखा है। हरिभक्तिविलासमें एक श्लोक है—

**नीराजनं च यः पश्येद् देवदेवस्य चक्रिणः।**
**सप्तजन्मनि विप्रः स्यादन्ते च परमं पदम्॥**

'जो देवदेव चक्रधारी श्रीविष्णुभगवान्‌की आरती (सदा) देखता है, वह सात जन्मोंतक ब्राह्मण होकर अन्तमें परमपदको प्राप्त होता है।'

विष्णुधर्मोत्तरमें आया है—

**धूपं चारात्रिकं पश्येत् कराभ्यां च प्रवन्दते।**
**कुलकोटिं समुद्धृत्य याति विष्णोः परं पदम्॥**

'जो धूप और आरतीको देखता है और दोनों हाथोंसे आरती लेता है, वह करोड़ पीढ़ियोंका उद्धार करता है और भगवान् विष्णुके परमपदको प्राप्त होता है।'

आरतीमें पहले मूलमन्त्र (जिस देवताका जिस मन्त्रसे पूजन किया गया हो, उस मन्त्र) के द्वारा तीन बार पुष्पाञ्जलि देनी चाहिये और ढोल, नगारे, शङ्ख, घड़ियाल आदि महावाद्योंके तथा जय-जयकारके शब्दके साथ शुभ पात्रमें घृतसे या कपूरसे विषम संख्याकी अनेक बत्तियाँ जलाकर आरती करनी चाहिये—



**ततश्च मूलमन्त्रेण दत्त्वा पुष्पाञ्जलित्रयम्।**
**महानीराजनं कुर्यान्महावाद्यजयस्वनैः॥**
**प्रज्वलयेत् तदर्थं च कर्पूरेण घृतेन वा।**
**आरार्तिकं शुभे पात्रे विषमानेकवर्तिकम्॥**

साधारणतः पाँच बत्तियोंसे आरती की जाती है, इसे 'पञ्चप्रदीप' भी कहते हैं। एक, सात या उससे भी अधिक बत्तियोंसे आरती की जाती है। कपूरसे भी आरती होती है। पद्मपुराणमें आया है—

**कुङ्कुमागुरुकर्पूरघृतचन्दननिर्मिताः।**
**वर्तिकाः सप्त वा पञ्च कृत्वा वा दीपवर्त्तिकाम्॥**
**कुर्यात् सप्तप्रदीपेन शङ्खघण्टादिवाद्यकैः।**

'कुङ्कुम, अगर, कपूर, घृत और चन्दनकी सात या पाँच बत्तियाँ बनाकर अथवा दियेकी (रूई और घीकी) बत्तियाँ बनाकर सात बत्तियोंसे शङ्ख, घण्टा आदि बाजे बजाते हुए आरती करनी चाहिये।'

आरतीके पाँच अङ्ग होते हैं—

**पञ्च नीराजनं कुर्यात् प्रथमं दीपमालया।**
**द्वितीयं सोदकाब्जेन तृतीयं धौतवाससा॥**
**चूताश्वत्थादिपत्रैश्च चतुर्थं परिकीर्तितम्।**
**पञ्चमं प्रणिपातेन साष्टाङ्गेन यथाविधि॥**

'प्रथम दीपमालाके द्वारा, दूसरे जलयुक्त शङ्खसे, तीसरे धुले हुए वस्त्रसे, चौथे आम और पीपल आदिके पत्तोंसे और पाँचवें साष्टाङ्ग दण्डवत्‌से आरती करे।'

'आरती उतारते समय सर्वप्रथम भगवान्‌की प्रतिमाके चरणोंमें उसे चार बार घुमाये, दो बार नाभिदेशमें, एक बार मुखमण्डलपर और सात बार समस्त अङ्गोंपर घुमाये'—

**आदौ चतुः पादतले च विष्णो-**
**र्द्वौ नाभिदेशे मुखबिम्ब एकम्।**
**सर्वेषु चाङ्गेषु च सप्तवारा-**
**नारात्रिकं भक्तजनस्तु कुर्यात्॥**

यथार्थमें आरती पूजनके अन्तमें इष्टदेवताकी प्रसन्नताके हेतु की जाती है। इसमें इष्टदेवको दीपक दिखानेके साथ ही उनका स्तवन तथा गुणगान किया जाता है। आरतीके दो भाव हैं जो क्रमशः 'नीराजन' और 'आरती' शब्दसे व्यक्त हुए हैं। नीराजन (**निःशेषेण राजनं प्रकाशनम्**) का अर्थ है—विशेषरूपसे, निःशेषरूपसे प्रकाशित करना। अनेक दीप-बत्तियाँ जलाकर विग्रहके चारों ओर घुमानेका अभिप्राय यही है कि पूरा-का-पूरा विग्रह एड़ीसे चोटीतक प्रकाशित हो उठे—चमक उठे, अङ्ग-प्रत्यङ्ग स्पष्टरूपसे उद्भासित हो जाय, जिसमें दर्शक या उपासक भलीभाँति देवताकी रूप-छटाको निहार सके, हृदयंगम कर सके। दूसरा 'आरती' शब्द (जो संस्कृतके आर्तिका प्राकृत रूप है और जिसका अर्थ है—अरिष्ट) विशेषतः माधुर्य-उपासनासे सम्बन्धित है। 'आरती वारना' का अर्थ है—आर्ति-निवारण, अनिष्टसे अपने प्रियतम प्रभुको बचाना। इस रूपमें यह एक तान्त्रिक क्रिया है, जिससे प्रज्वलित दीपक अपने इष्टदेवके चारों ओर घुमाकर उनकी सारी विघ्न-बाधा टाली जाती है। आरती लेनेसे भी यही तात्पर्य है— उनकी 'आर्ति' (कष्ट)-को अपने ऊपर लेना। बलैया लेना, बलिहारी जाना, बलि जाना, वारी जाना, न्योछावर होना आदि सभी प्रयोग इसी भावके द्योतक हैं। इसी रूपमें छोटे बच्चोंकी माताएँ तथा बहिनें लोकमें भी आरती (या आरत) उतारती हैं। यह **'आरती'** मूलरूपमें कुछ मन्त्रोच्चारणके साथ केवल कष्ट-निवारणके भावसे उतारी जाती रही होगी। आजकल वैदिक-उपासनामें उसके साथ-साथ वैदिक मन्त्रोंका उच्चारण होता है तथा पौराणिक एवं तान्त्रिक-उपासनामें उसके साथ सुन्दर-सुन्दर भावपूर्ण पद्य-रचनाएँ गायी जाती हैं। ऋतु, पर्व, पूजाके समय आदि भेदोंसे भी आरती की जाती है।



॥ श्रीहरिः॥

# संक्षिप्त पूजन-विधि

किसी देवता या देवीके पूजनके पहले पूजन-वस्तु एवं शरीरकी शुद्धि अनिवार्य होती है। पूजाकी अनेक विधियाँ हैं। यथा—

**१-पञ्चोपचार**—१-गन्ध, २-पुष्प, ३-धूप, ४-दीप और ५-नैवेद्य।

**२-दशोपचार**—१-पाद्य, २-अर्घ्य, ३-आचमन, ४-स्नान, ५-वस्त्र, ६-गन्ध, ७-पुष्प, ८-धूप, ९-दीप और १०-नैवेद्य।

**३-षोडशोपचार**—१-पाद्य, २-अर्घ्य, ३-आचमन, ४-स्नान, ५-वस्त्र, ६-आभूषण, ७-गन्ध, ८-पुष्प, ९-धूप, १०-दीप, ११ नैवेद्य, १२-आचमन, १३-ताम्बूल, १४-स्तवपाठ, १५-तर्पण (पुष्पाञ्जलि) और १६-नमस्कार।

**आचमन** —१- **ॐ केशवाय नमः**, २- **ॐ नारायणाय नमः**, ३-**ॐ माधवाय नमः**।—इन तीन मन्त्रोंसे पृथक्-पृथक् हाथमें जल लेकर मन्त्र पढ़ते हुए आचमन करे। इसके बाद '**ॐ हृषीकेशाय नमः**' बोलकर हाथ धो ले।

**शरीरशुद्धि**— **ॐ अपवित्रः पवित्रो वा सर्वावस्थां गतोऽपि वा।**
**यः स्मरेत्पुण्डरीकाक्षं स बाह्याभ्यन्तरः शुचिः॥**

—इस मन्त्रसे शरीरका जलसे सेचन करे।

तदनन्तर मङ्गलपाठ करे और गणेश-स्मरण करे—

**वक्रतुण्ड महाकाय कोटिसूर्यसमप्रभ। निर्विघ्नं कुरु मे देव सर्वकार्येषु सर्वदा॥**
**शुक्लाम्बरधरं देवं शशिवर्णं चतुर्भुजम्। प्रसन्नवदनं ध्यायेत् सर्वविघ्नोपशान्तये॥**

**सङ्कल्प**—हाथमें अक्षत-पुष्प आदि लेकर पूजनका सङ्कल्प करे—
**ॐ विष्णुर्विष्णुर्विष्णुः अद्य...... अहं श्रुतिस्मृतिपुराणोक्तफलप्राप्त्यर्थं श्रीपरमेश्वरप्रीत्यर्थं च........ देवस्य [ देव्याः ] पूजनं करिष्ये।**

**ध्यान**—जिस देवताकी पूजा करनी हो उसका ध्यान कर ले। जैसे—'**विष्णवे नमः**' विष्णुको नमस्कार कर ले। इसी तरह जिस देवीका ध्यान करना हो उस देवीका ध्यान करे। जैसे—'**दुर्गादेव्यै नमः**' —दुर्गादेवीको नमस्कार कर ले।

**आवाहन**— हाथमें अक्षत, पुष्प लेकर उस देवताका आवाहन करे—
**अमुक*-देवाय/ देव्यै नमः, आवाहयामि।** अक्षत, पुष्प जमीनपर छोड़ दे।

**आसन**—अक्षत, पुष्प लेकर निम्न मन्त्रसे आसन प्रदान करे—

**अनेकरत्नसंयुक्तं नानामणिगणान्वितम्।**
**इदं हेममयं दिव्यमासनं प्रतिगृह्यताम्॥**

**'आसनं समर्पयामि' अमुक-देवाय/ देव्यै नमः।**

**पाद्य—'पादयोः पाद्यं समर्पयामि' अमुक-देवाय/ देव्यै नमः।**

**अर्घ्य—'हस्तयोरर्घ्यं समर्पयामि' अमुक-देवाय/ देव्यै नमः।**

**आचमन—'आचमनीयं जलं समर्पयामि' अमुक-देवाय/ देव्यै नमः।**

**स्नान—'स्नानीयं जलं समर्पयामि' अमुक-देवाय/ देव्यै नमः।**

**वस्त्र—'वस्त्रोपवस्त्रं समर्पयामि' अमुक-देवाय/ देव्यै नमः।**

**यज्ञोपवीत—'यज्ञोपवीतं समर्पयामि' अमुक-देवाय नमः।**

*अमुकके स्थानपर जिस देवी-देवताका पूजन करना हो वहाँ उस देवी-देवताका उच्चारण करना चाहिये।



**चन्दन—'चन्दनं समर्पयामि' अमुक-देवाय/ देव्यै नमः।**

**अक्षत—'अक्षतान् समर्पयामि' अमुक-देवाय/ देव्यै नमः।**

**पुष्प—'पुष्पाणि समर्पयामि' अमुक-देवाय/ देव्यै नमः।**

**पुष्पमाला—'पुष्पमालां समर्पयामि' अमुक-देवाय/ देव्यै नमः।**

**धूप—'धूपमाघ्रापयामि' अमुक-देवाय/ देव्यै नमः।**

**दीप—'दीपं दर्शयामि' अमुक-देवाय/ देव्यै नमः।**

**नैवेद्य—'नैवेद्यं निवेदयामि' अमुक-देवाय/ देव्यै नमः।**

**फल—'फलं समर्पयामि' अमुक-देवाय/ देव्यै नमः।**

**ताम्बूल—'ताम्बूलं समर्पयामि' अमुक-देवाय/ देव्यै नमः।**

**दक्षिणा—'दक्षिणां समर्पयामि' अमुक-देवाय/ देव्यै नमः।**

**आरती—'आरार्तिक्यं समर्पयामि' अमुक-देवाय/ देव्यै नमः।**

**मन्त्रपुष्पाञ्जलि—'मन्त्रपुष्पाञ्जलिं समर्पयामि' अमुक-देवाय/ देव्यै नमः।**

**प्रदक्षिणा—'प्रदक्षिणां समर्पयामि' अमुक-देवाय/ देव्यै नमः।**

**नमस्कार—'प्रार्थनापूर्वकं नमस्कारान् समर्पयामि' अमुक-देवाय/ देव्यै नमः।**

इसके बाद क्षमा-याचना करे—

**मन्त्रहीनं क्रियाहीनं भक्तिहीनं जनार्दन। यत्पूजितं मया देव परिपूर्णं तदस्तु मे॥**
**आवाहनं न जानामि न जानामि विसर्जनम्। पूजां चैव न जानामि क्षमस्व परमेश्वर॥**
**अन्यथा शरणं नास्ति त्वमेव शरणं मम। तस्मात् कारुण्यभावेन रक्ष मां परमेश्वर॥**

**समर्पण—'ॐ तत्सद् ब्रह्मार्पणमस्तु'**—कहकर समस्त पूजन-कर्म भगवान्‌को निवेदित कर दे।

## मानस-पूजा

बाह्यपूजाके साथ-साथ मानस-पूजाका भी अत्यधिक महत्त्व है। जो बाह्यपूजा न कर सकें तो वे भी मानस-पूजा तो कर ही सकते हैं। यहाँ मानस-पूजाका संक्षिप्त स्वरूप दिया जा रहा है—

**( १ ) ॐ लं पृथिव्यात्मकं गन्धं परिकल्पयामि।**

(प्रभो! मैं पृथ्वीरूप गन्ध (चन्दन) आपको अर्पित करता हूँ।)

**( २ ) ॐ हं आकाशात्मकं पुष्पं परिकल्पयामि।**

(प्रभो! मैं आकाशरूप पुष्प आपको अर्पित करता हूँ।)

**( ३ ) ॐ यं वाय्वात्मकं धूपं परिकल्पयामि।**

(प्रभो! मैं वायुदेवके रूपमें धूप आपको प्रदान करता हूँ।)

**( ४ ) ॐ रं वह्न्यात्मकं दीपं दर्शयामि।**

(प्रभो! मैं अग्निदेवके रूपमें दीपक आपको प्रदान करता हूँ।)

**( ५ ) ॐ वं अमृतात्मकं नैवेद्यं निवेदयामि।**

(प्रभो! मैं अमृतरूपी नैवेद्य आपको निवेदन करता हूँ।)

**( ६ ) ॐ सौं सर्वात्मकं सर्वोपचारं समर्पयामि।**

(प्रभो! मैं सर्वात्माके रूपमें संसारके सभी उपचारोंको आपके चरणोंमें समर्पित करता हूँ।)

इन मन्त्रोंसे भावनापूर्वक मानस-पूजा की जा सकती है।



## पूजन-सम्बन्धी जाननेयोग्य कुछ आवश्यक बातें

सूर्य, गणेश, दुर्गा, शिव, विष्णु—ये पञ्चदेव कहे गये हैं। इनकी पूजा सभी कार्योंमें करनी चाहिये।

कल्याण चाहनेवाले गृहस्थ एक मूर्तिकी ही पूजा न करें, अनेक देवमूर्तिकी पूजा करें, इससे कामना पूरी होती है। किन्तु घरमें दो शिवलिङ्ग, तीन गणेश, दो शङ्ख, दो सूर्य, तीन दुर्गामूर्ति, दो गोमतीचक्र और दो शालग्रामकी पूजा करनेसे गृहस्थ मनुष्यको अशान्ति होती है। शालग्रामकी प्राणप्रतिष्ठा नहीं होती। बाणलिङ्ग तीनों लोकोंमें विख्यात हैं, उनकी प्राणप्रतिष्ठा, संस्कार या आवाहन कुछ भी नहीं होता।

पत्थर, काष्ठ, सोना या अन्य धातुओंकी मूर्तियोंकी प्रतिष्ठा घर या मन्दिरमें करनी चाहिये। घरमें चल प्रतिष्ठा और मन्दिरमें अचल प्रतिष्ठा करनी चाहिये। यह कर्मज्ञानी मुनियोंका मत है। गङ्गाजीमें, शालग्रामशिलामें तथा शिवलिङ्गमें सभी देवताओंका पूजन बिना आवाहन-विसर्जन किया जा सकता है।

**तुलसीदल-चयन**—तुलसीका एक-एक पत्ता न तोड़कर पत्तियोंके साथ अग्रभागको तोड़ना चाहिये। तुलसीकी मञ्जरी सब फूलोंसे बढ़कर मानी जाती है। मञ्जरी तोड़ते समय उसमें पत्तियोंका रहना भी आवश्यक माना गया है।

**तुलसीदल-चयनमें निषिद्ध समय**—वैधृति और व्यतीपात—इन दो योगोंमें, मंगल, शुक्र और रवि—इन तीन वारोंमें, द्वादशी, अमावास्या एवं पूर्णिमा—इन तीन तिथियोंमें, संक्रान्ति और

जननाशौच तथा मरणाशौचमें तुलसीदल तोड़ना मना है। संक्रान्ति, अमावास्या, द्वादशी, रात्रि और दोनों संध्याओंमें भी तुलसीदल न तोड़े, किंतु तुलसीके बिना भगवान्‌की पूजा पूर्ण नहीं मानी जाती, अतः निषिद्ध समयमें तुलसीवृक्षसे स्वयं गिरी हुई पत्तीसे पूजा करे (पहले दिनके पवित्र स्थानपर रखे हुए तुलसीदलसे भी भगवान्‌की पूजा की जा सकती है)। शालग्रामकी पूजाके लिये निषिद्ध तिथियोंमें भी तुलसी तोड़ी जा सकती है। बिना स्नानके और जूता पहनकर भी तुलसी न तोड़े।

**बिल्वपत्र तोड़नेका निषिद्ध काल**—चतुर्थी, अष्टमी, नवमी, चतुर्दशी और अमावास्या तिथियोंको, संक्रान्तिके समय और सोमवारको बिल्वपत्र न तोड़े। किंतु बिल्वपत्र शङ्करजीको बहुत प्रिय है, अतः निषिद्ध समयमें पहले दिनका रखा बिल्वपत्र चढ़ाना चाहिये। शास्त्रने तो यहाँतक कहा है कि यदि नूतन बिल्वपत्र न मिल सके तो चढ़ाये हुए बिल्वपत्रको ही धोकर बार-बार चढ़ाता रहे।

**बासी जल, फूलका निषेध**—जो फूल, पत्ते और जल बासी हो गये हों, उन्हें देवताओंपर न चढ़ाये। किंतु तुलसीदल और गङ्गाजल बासी नहीं होते। तीर्थोंका जल भी बासी नहीं होता। वस्त्र, यज्ञोपवीत और आभूषणमें भी निर्माल्यका दोष नहीं आता।

मालीके घरमें रखे हुए फूलोंमें बासी दोष नहीं आता। दौना तुलसीकी ही तरह एक पौधा होता है। भगवान् विष्णुको यह बहुत प्रिय है। स्कन्दपुराणमें आया है कि दौनाकी माला भगवान्‌को इतनी प्रिय है कि वे इसे सूख जानेपर भी स्वीकार कर लेते हैं। मणि, रत्न, सुवर्ण, वस्त्र आदिसे बनाये गये फूल बासी नहीं होते। इन्हें प्रोक्षण कर चढ़ाना चाहिये।



**पूजा-सामग्रीके रखनेका प्रकार**—पूजनकी किस वस्तुको किधर रखना चाहिये, इस बातका भी शास्त्रने निर्देश दिया है। इसके अनुसार वस्तुओंको यथास्थान सजा देना चाहिये।

***बायीं ओर***—(१) सुवासित जलसे भरा उदकुम्भ (जलपात्र), (२) घंटा, (३) धूपदानी और (४) तेलका दीपक भी बायीं ओर रखे।

***दायीं ओर***—(१) घृतका दीपक और (२) सुवासित जलसे भरा शङ्ख।

***सामने***—(१) कुंकुम (केसर) और कपूरके साथ घिसा गाढ़ा चन्दन, (२) पुष्प आदि हाथमें तथा चन्दन ताम्रपात्रमें न रखे।

***भगवान्‌के आगे***—चौकोर जलका घेरा डालकर नैवेद्यकी वस्तु रखे।

**पुष्पादि चढ़ानेकी विधि**—फूल, फल और पत्ते जैसे उगते हैं, वैसे ही इन्हें चढ़ाना चाहिये। उत्पन्न होते समय इनका मुख ऊपरकी ओर होता है, अतः चढ़ाते समय इनका मुख ऊपरकी ओर ही रखना चाहिये। दूर्वा एवं तुलसीदलको अपनी ओर और बिल्वपत्र नीचे मुखकर चढ़ाना चाहिये। दाहिने हाथके करतलको उत्तान कर मध्यमा, अनामिका और अँगूठेकी सहायतासे फूल चढ़ाना चाहिये।

**उतारनेकी विधि**—चढ़े हुए फूलको अँगूठे और तर्जनीकी सहायतासे उतारना चाहिये।

# देव-पूजामें निषिद्ध पत्र-पुष्प

## देवीके लिये विहित-प्रतिषिद्ध पत्र-पुष्प

आक और मदारकी तरह दूर्वा, तिलक, मालती, तुलसी, भंगरैया और तमाल विहित-प्रतिषिद्ध हैं अर्थात् ये शास्त्रोंसे विहित भी हैं और निषिद्ध भी। विहित-प्रतिषिद्धके सम्बन्धमें तत्त्वसागरसंहिताका कथन है कि जब शास्त्रोंसे विहित फूल न मिल पायें तो विहित-प्रतिषिद्ध फूलोंसे पूजा कर लेनी चाहिये।

## शिवार्चामें निषिद्ध पत्र-पुष्प

कदम्ब, सारहीन फूल या कठूमर, केवड़ा, शिरीष, तिन्तिणी, बकुल (मौलसिरी), कोष्ठ, कैथ, गाजर, बहेड़ा, कपास, गंभारी, पत्रकंटक, सेमल, अनार, धव, केतकी, वसंत ऋतुमें खिलनेवाला कंदविशेष, कुंद, जूही, मदन्ती, शिरीष, सर्ज और दोपहरियाके फूल भगवान् शंकरपर नहीं चढ़ाने चाहिये। वीरमित्रोदयमें इनका संकलन किया गया है।

## विष्णुके लिये निषिद्ध फूल

विष्णुभगवान्पर नीचे लिखे फूलोंको चढ़ाना मना है—

आक, धतूरा, कांची, अपराजिता (गिरिकर्णिका), भटकटैया, कुरैया, सेमल, शिरीष, चिचिड़ा (कोशातकी), कैथ, लाङ्गुली, सहिजन, कचनार, बरगद, गूलर, पाकर, पीपर और अमड़ा (कपीतन)।

घरपर रोपे गये कनेर और दोपहरियाके फूलका भी निषेध है।

## सूर्यके लिये निषिद्ध फूल

गुंजा (कृष्णला), धतूरा, कांची, अपराजिता (गिरिकर्णिका), भटकटैया, तगर और अमड़ा—इन्हें सूर्यपर न चढ़ाये। वीरमित्रोदयने इन्हें सूर्यपर चढ़ानेका स्पष्ट निषेध किया है।



वे भी भगवतीपर चढ़ाये जाते हैं[१]। जितने लाल फूल हैं वे सभी भगवतीको अभीष्ट हैं तथा सुगन्धित समस्त श्वेत फूल भी भगवतीको विशेष प्रिय हैं[२]।

बेला, चमेली, केसर, श्वेत और लाल फूल, श्वेत कमल, पलाश, तगर, अशोक, चंपा, मौलसिरी, मदार, कुंद, लोध, कनेर, आक, शीशम और अपराजित (शंखपुष्पी) आदिके फूलोंसे देवीकी भी पूजा की जाती है[३]।

इन फूलोंमें आक और मदार—इन दो फूलोंका निषेध भी मिलता है—**'देवीनामर्कमन्दारौ.....( वर्जयेत् )'** (शातातप)। अतः ये दोनों विहित भी हैं और प्रतिषिद्ध भी हैं। जब अन्य विहित फूल न मिलें तब इन दोनोंका उपयोग करे[४]। दुर्गासे भिन्न देवियोंपर इन दोनोंको न चढ़ाये।

---

१-यानि पुष्पाणि चोक्तानि शङ्करस्यार्चने पुरा।
तानि गौर्याः प्रशस्तानि त्वपामार्गो विशेषतः॥
शिवार्चने निषिद्धानि पत्रपुष्पफलानि च।
तानि देव्याः प्रशस्तानि अनुक्तानि विशेषतः॥

२-नित्यं गौर्याः प्रशस्तानि रक्तपुष्पाणि सर्वदा।
शुक्लान्यपि च सर्वाणि गन्धवन्ति स्मृतानि वै॥
(पारिजात)

३-ऋतुकालोद्भवैः पुष्पैर्मल्लिकाजातिकुङ्कुमैः॥
सितरक्तैश्च कुसुमैस्तथा पद्मैश्च पाण्डुरैः॥
किंशुकैस्तगरैश्चैव किंकिरातैः सचम्पकैः।
बकुलैश्चैव मन्दारैः कुन्दपुष्पैस्तिरीटकैः।
करवीरार्कपुष्पैश्च शिंशपैश्चापराजितैः॥
(आचारभूषण)

४-अर्कपुष्पविधानं तु विहितालाभे द्रष्टव्यम् देवीनामर्कमन्दाराविति निषेधात्।

किंतु दुर्गाजीपर चढ़ाया जा सकता है, क्योंकि दुर्गाकी पूजामें इन दोनोंका विधान है[1]।

शमी, अशोक, कर्णिकार (कनियार या अमलतास), गूमा, दोपहरिया, अगस्त्य, मदन, सिन्दुवार, शल्लकी, माधवी आदि लताएँ, कुशकी मंजरियाँ, बिल्वपत्र, केवड़ा, कदम्ब, भटकटैया, कमल[2]—ये फूल भगवतीको प्रिय हैं।

## देवीके लिये विहित-प्रतिषिद्ध पत्र-पुष्प

आक और मदारकी तरह दूर्वा, तिलक, मालती, तुलसी, भंगरैया और तमाल विहित-प्रतिषिद्ध हैं अर्थात् ये शास्त्रोंसे विहित भी हैं और निषिद्ध भी हैं[3]। विहित-प्रतिषिद्धके सम्बन्धमें तत्त्वसागरसंहिताका कथन है कि

---

१-अर्कमन्दारनिषेधो दुर्गेतरदेवीविषयः। दुर्गापूजाधिकारे तयोः पाठात्।
(आचारेन्दु, पृ० १५९)

२-मल्लिकामुत्पलं पुष्पं शमीं पुन्नागचम्पकम्।
अशोकं कर्णिकारं च द्रोणपुष्पं विशेषतः॥
(आचारेन्दु, पृ० १५९)

धत्तूरकातिकैश्च बन्धूकागस्तिसम्भवैः।
मदनैः सिन्दुवारैश्च सुरभीभिर्बकैस्तथा।
लताभिर्ब्रह्मवृक्षस्य दूर्वाङ्कुरैः सुकोमलैः॥
मञ्जरीभिः कुशानां च बिल्वपत्रैः सुशोभनैः।
...... केतकीं चातिमुक्तं च बन्धूकं बहुलान्यपि।
कर्णिकारः कदम्बश्च सिन्दुवारः समृद्धये।
पुन्नागश्चम्पकश्चैव यूथिका वनमल्लिका॥
तगरार्जुनमल्ली च बृहती शतपत्रिका॥
(वीरमि०, पृ० ३१५—३१८)

विशेषः—इन श्लोकोंमें जो फूल आ चुके हैं, उनका हिंदीमें उल्लेख नहीं किया गया है।

३-तिलकं मालती वाणस्तुलसी भृङ्गराजकम्।
तमालं शिवदुर्गार्थं निषिद्धविहितं भवेत्॥ (भविष्यपुराण)



जब शास्त्रोंसे विहित फूल न मिल पायें तो विहित-प्रतिषिद्ध फूलोंसे पूजा कर लेनी चाहिये[1]।

## शिव-पूजनके लिये विहित पत्र-पुष्प

भगवान् शंकरपर फूल चढ़ानेका बहुत अधिक महत्त्व है। बतलाया जाता है कि तपःशील सर्वगुणसम्पन्न वेदमें निष्णात किसी ब्राह्मणको सौ सुवर्ण दान[2] करनेपर जो फल प्राप्त होता है, वह भगवान् शंकरपर सौ फूल चढ़ा देनेसे प्राप्त हो जाता है[3]। कौन-कौन पत्र-पुष्प शिवके लिये विहित हैं और कौन-कौन निषिद्ध हैं, इनकी जानकारी अपेक्षित है। अतः उनका उल्लेख यहाँ किया जाता है—

पहली बात यह है कि भगवान् विष्णुके लिये जो-जो पत्र और पुष्प विहित हैं, वे सब भगवान् शंकरपर भी चढ़ाये जाते हैं। केवल केतकी—केवड़ेका निषेध है[4]।

शास्त्रोंने कुछ फूलोंके चढ़ानेसे मिलनेवाले फलका तारतम्य बतलाया है, जैसे दस सुवर्ण-मापके बराबर सुवर्ण-दानका फल एक आकके फूलको चढ़ानेसे मिल जाता है। हजार आकके फूलोंकी अपेक्षा एक कनेरका फूल, हजार कनेरके फूलोंके चढ़ानेकी अपेक्षा एक बिल्व-

---

१-विहितप्रतिषिद्धैस्तु विहितालाभतोऽर्चयेत्।

२-एक सुवर्ण=सोलह माशा या एक कर्ष।

३-तपःशीलगुणोपेते विप्रे वेदस्य पारगे।
दत्त्वा सुवर्णस्य शतं तत्फलं कुसुमस्य च॥
(वीरमित्रोदय, पृ० २०)

४-विष्णोर्यानीह चोक्तानि पुष्पाणि च पत्रिकाः।
केतकीपुष्पमेकं तु विना तान्यखिलान्यपि।
शस्तान्येव सुरश्रेष्ठ शंकराराधनाय हि॥ (नारद)

## नित्यहोम-विधि

नित्यकर्मके पश्चात् पूर्वमुख बैठकर आसन-शुद्धिके बाद आचमन, प्राणायाम करके संकल्प करे। **ॐ अद्य** आदि देश-कालका उच्चारण कर **गोत्रः, प्रवरः, शर्मा (वर्मा/ गुप्तः/ दासः) अहं नित्यकर्मानुष्ठानसिद्धिद्वारा श्रुतिस्मृतिपुराणोक्तफलप्राप्त्यर्थं श्रीपरमेश्वरप्रीत्यर्थं च नित्यहोमं करिष्ये।**

**पञ्चभूसंस्कार**—संकल्प करनेके बाद वेदीके निम्नलिखित पाँच संस्कार करने चाहिये—

(१) तीन कुशोंसे वेदी अथवा ताम्रकुण्डका दक्षिणसे उत्तरकी ओर परिमार्जन करे तथा उन कुशोंको ईशान दिशामें फेंक दे (**दर्भैः परिसमुह्य**)। (२) गोबर और जलसे लीप दे (**गोमयोदकेनोपलिप्य**)। (३) स्रुवा अथवा कुशमूलसे पश्चिमसे पूर्वकी ओर प्रादेशमात्र (दस अंगुल लंबी) तीन रेखाएँ दक्षिणसे प्रारम्भ कर उत्तरकी ओर खींचे (**वज्रेणोल्लिख्य**)। (४) उल्लेखनक्रमसे दक्षिण अनामिका और अँगूठेसे रेखाओंपरसे मिट्टी निकालकर बायें हाथमें तीन बार रखकर पुनः सब मिट्टी दाहिने हाथमें रख ले और उसे उत्तरकी ओर फेंक दे (**अनामिकाङ्गुष्ठाभ्यां मृदमुद्धृत्य**)। (५) पुनः जलसे कुण्ड या स्थण्डिलको सींच दे (**उदकेनाभ्युक्ष्य**)।

इस प्रकार पञ्चभूसंस्कार करके पवित्र अग्नि अपने दक्षिणकी ओर रखे और उस अग्निसे थोड़ा क्रव्याद-अंश निकालकर नैर्ऋत्यकोणमें रख दे। पुनः सामने रखी पवित्र अग्निको कुण्ड या स्थण्डिलपर निम्न मन्त्रसे स्थापित करे—**ॐ अग्निं दूतं पुरो दधे हव्यवाहमुप ब्रुवे। देवाँ२ आ सादयादिह।**

—इस मन्त्रसे अग्नि-स्थापनके पश्चात् कुशोंसे परिस्तरण करे। कुण्ड या स्थण्डिलके पूर्व उत्तराग्र तीन कुश या दूर्वा रखे। दक्षिणभागमें पूर्वाग्र तीन कुश या दूर्वा रखे। पश्चिमभागमें उत्तराग्र तीन कुश या दूर्वा रखे। उत्तरभागमें पूर्वाग्र तीन कुश या दूर्वा रखे। अग्निको बाँसकी नलीसे प्रज्वलित करे। इसके बाद अग्निका ध्यान करे।



अमर तत्व जो त्रय कालों का भेद यथावत् पाता है।
बुद्धि, ज्ञान की पाँच इन्द्रियाँ, अहंकार से नाता है।।
इन्हीं सप्त ऋत्विज्का फैला जिसमें निशदिन यज्ञ-वितान।
नित्य युक्त शिव संकल्पों से वह मन मेरा हो भगवान्।। 4।।

चार वेद निगमागम सारे, ईश-ज्ञान के सुन्दर स्रोत।
रथ के पहिये में ज्यों आरे एव रहते ओत-प्रोत।।
जगम-जग का चित्त अचल हो, जिसमें रहता निष्ठावान्।
नित्य युक्त शुभ संकल्पों से वह मन मेरा हो भगवान्।। 5।।

जो जन-कुल को बागडोर से इधर उधर ले जाता है।
चतुर सारथी ज्यों घोड़े को उत्तम चाल चलाता है।
सदा प्रतिष्ठित हृदय देश मे, विपुल तीव्र गति अजर महान्।
नित्य युक्त शिव संकल्पों से वह मन मेरा हो भगवान्।। 6।।

**स नः पवस्व शं गवे शं जनाय शमर्वते। शं राजन्नोषधीभ्यः**

—सा0 उत्तरार्चिक।प्रपा0 1।मन्त्र 3

हे भगवान्! हमारे मन में ज्ञान प्रभा फैलाओ।
औषध, सोम, धेनु, धन रक्षा में कटिबद्ध कराओ।।

**अभयं नः करत्यन्तरिक्षमभयं द्यावापृथिवी उभे इमे।**
**अभयं पश्चादभयं पुरस्तादुत्तरादधरादभयं नो अस्तु।।27।।**

अन्तरिक्ष द्यौ पृथ्वी प्रमुदित हमको अभय बनावें।
प्रभु के पद पर यज्ञ कर्म के फल परमार्थ चढ़ावें।।

**अभयं मित्रादभयममित्रादभयं ज्ञातादभयं परोक्षात्।**
**अभयं नक्तमभयं दिवा नः सर्वा आशा मम मित्रं भवन्तु।।28।।**

मित्र, अमित्र, अधेरी रजनी अनुदित अभय बनावें।
भक्त 'भवानी' भयभञ्जक पर श्रद्धा-सुमन चढ़ावें।।

—अथर्व का0 19।सू0 15।मन्त्र 5-6।।

# सामान्य होम विधि:

## (दैनिक, विशेष सभी यज्ञों में)

**विधि (4)** – तत्पश्चात् हवन कुण्ड अथवा वेदी में समिधायें रक्खें। तीन समिधायें पहिले से बचाकर अलग रखलें, पुनः निम्नलिखित मन्त्र द्वारा घृत के दीपक या दियासलाई से कपूर जलावें।

**ओ३म् भूर्भुवः स्वः। गोभि0 प्र0 1। खं0 1 सू0 11।।**

हे सच्चिदानन्द ! यह अग्नि मंगलमय हो।

आचमन, अंगस्पर्श एवं स्तुति प्रार्थनोपासना के पश्चात् और विशेष यज्ञों में इनको करने के बाद स्वस्तिवाचन शान्तिकरण के पश्चात्।

**विधि (5)** – फिर उस जलते हुए कर्पूर को स्रुवे में रखकर नीचे लिखे मन्त्र से कुण्ड में रखी हुई समिधाओं के मध्य में छोड़ दें।

**ओम् भूर्भुवः स्वर्द्यौरिव भूम्ना पृथिवीव वरिम्णा।**
**तस्यास्ते पृथिवि देवयजनि पृष्ठेऽग्निमन्नादमन्नाद्यायादधे।।**

–यजु0 3 ।5 ।।

देवताओं को यथायोग्य भाग पहुँचाने वाली अग्नि को प्रदीप्त करके मैं सर्वलोक को अनुकूल बनाने के लिए उस परमेश्वर की प्रार्थना करता हूँ जो सर्वाधार, सर्वव्यापक और सुख–स्वरूप है और जिसमें पृथ्वी, अन्तरिक्ष और द्यौलोक स्थित हैं। यह यज्ञाग्नि हमें अन्नादि देकर तृप्त और पुष्ट करे।

**विधि (6)**– इस मन्त्र से कुण्ड में छोटी–छोटी समिधायें रखकर अग्नि को सँवार, यदि आवश्यक हो तो पंखा से अग्नि को प्रदीप्त करें –

**ओम् उद्बुध्यस्वाग्ने प्रति जागृहि त्वमिष्टापूर्ते सं सृजेथामयं च।**
**अस्मिन्त्सधस्थे अध्युत्तरस्मिन् विश्वे देवा यजमानश्च सीदत।।**

–यजु0 15 ।54

हे अग्ने ! तू प्रसन्न होकर प्रकट हो। हे यजमान ! तुम सजग और सावधान होकर यज्ञ–कर्म का अनुष्ठान करो। वेद–ज्ञान फैलाओ, अतिथि–सत्कार



करो, कूप–तड़ाग खुदवाओ, बाग–बगीचे लगाओ, पाठशाला और धर्मशाला बनवाओ, पुस्तकालय और चिकित्सालय खोलो। जनता की सेवा–समन्वित इष्ट कर्म (यज्ञ) के नाना रूप हैं। इस यज्ञ में विश्वदेव विराजमान हों।

## समिदाधान

**विधि (7)** – जब अग्नि समिधाओं में प्रविष्ट होने लगे तब निम्न चार मन्त्रों से तीन समिधायें जो पहले से तैयार हों, घी में भिगोकर अग्नि में चढ़ावें। इस मन्त्र से पहली समिधा चढ़ावें –

**ओम् अयन्त इध्म आत्मा जातवेदस्तेनेध्यस्व वर्धस्व चेद्ध वर्धय चास्मान् प्रजया पशुभिर्ब्रह्मवर्चसेनान्नाद्येन समेधय स्वाहा। इदमग्नये जातवेदसे इदन्न मम।। 1 ।।** –आश्व0 1 ।10 ।12 ।।

हे घट–घट में व्यापी भगवन् ! यह मेरी आत्मा तेरे लिए ईंधन रूप है। मुझमें तू प्रकाशित होकर प्रेरणा कर, जिससे मैं कल्याण मार्ग में आगे बढ़ूं। हमें तू आज्ञाकारी पुत्र, पौत्र, सेवक आदि प्रजा से प्रतिष्ठित कर। गौ आदि पशुओं एवं दूध–घी आदि खाद्य–पदार्थों से समृद्ध कर। यह सुन्दर समिधा है, ज्ञानस्वरूप परमात्मा के लिए, मेरे लिए नहीं।

इन दो मन्त्रों से दूसरी समिधा चढ़ावें।

**ओम् समिधाग्निं दुवस्यत घृतैर्बोधयतातिथिम्।**
**आस्मिन् हव्या जुहोतन स्वाहा।। इदमग्नये इदन्न मम।। 2।।**

**ओम् सुसमिद्धाय शोचिषे घृतं तीव्रं जुहोतन।**
**अग्नये जातवेदसे स्वाहा। इदमग्नये जातवेदसे इदन्न मम।। 3।।**

हे विद्वानो ! तुम समिधा से यज्ञ की पवित्र अग्नि को प्रज्ज्वलित करो और इस यज्ञाग्नि की तरह घृतादि से सेवा करो। इसमें अपनी कामनाओं की त्याग–रूपी सामग्री की यथा–विधि आहुति डालो। यह सुन्दर समिधा ज्योतिरूप जगदीश्वर के लिए है, मेरे लिए नहीं।। 1 ।।

हे यज्ञकर्त्ता ! अग्नि में तपाया हुआ शुद्ध घी लेकर इस यज्ञ में आहुति

आचमन अंगस्पर्श एवं स्तुति प्रार्थनोपासना के पश्चात् और विशेष यज्ञों में इनको करने के बाद स्वस्तिवाचन शान्तिकरण के पश्चात्।

डालो, जिससे सारे संसार का कल्याण हो। सुन्दर समिधा प्रकाश–स्वरूप परमेश्वर के लिए हैं, मेरे लिए नहीं।

इस निम्नलिखित मन्त्र से तीसरी समिधा चढ़ावें –

**ओं तं त्वां समिद्भिरंगिरो घृतेन वर्धयामसि।**
**बृहच्छोचायविष्ठ्य स्वाहा।। इदमग्नयेऽङ्गिरसे इदन्न मम।।4।।**

–यजु0 अ0 3 ।मन्त्र 1 ।2 ।3 ।।

हे सर्व फलदायक प्रगतिशील अग्ने! तुझे घृत और समिधाओं से अलंकृत कर वातावरण को शान्त, शुद्ध और सात्विक बनावें। यह सुन्दर समिधा है, मंगलस्वरूप महेश्वर के लिये, मेरे लिए नहीं।। 4।।

## पंच–घृताहुति

विधि (8) – इस मन्त्र से पाँच बार घी की आहुति देवें–

**ओम्! अयं त इध्म आत्मा जातवेदस्तेनेध्यस्व वर्धस्व चेद्ध वर्धयचास्मान् प्रजया पशुभिर्ब्रह्मवर्चसेनान्नाद्येन समेधय स्वाहा। इदमग्नये जातवेदसे इदं न मम।।**

हे अग्ने ! यह काठ तेरा आधार है, इससे तू प्रदीप्त हो और बढ़। हमको पुत्रादि प्रजा से सम्पन्न कर और पशुओं से लाभ पहुँचा। यह हमारी आहुति स्वीकार कर, जो प्रजापति परमात्मा के लिए है, मेरे लिए नहीं।

## जलाञ्जलि

विधि (9) – तत्पश्चात् अञ्जलि में जल लेकर निम्नलिखित मन्त्रों से वेदी या कुण्ड के चारों ओर छिड़कें –

**ओम् अदितेऽनुमन्यस्व।** इससे वेदी या कुण्ड के पूर्व भाग में।

हे अखण्ड अखिलेश्वर ! हमें सुमति दीजिए–

**ओम् अनुमतेऽनुमन्यस्व।** इससे पश्चिम में।

हे व्यापक विभो ! हमें सुबुद्धि दीजिए।

**ओम् सरस्वत्यनुमन्यस्व।** इससे उत्तर में।

– गोभिल0 गृ0 अ0 प्र0 1 ।ख0 3 सू0 1 से 3 ।।



हे ज्ञानरूप भगवन् ! हमें ज्ञान दीजिए।

**ओं देव सवितः प्र सुव यज्ञं प्र सुव यज्ञपतिं भगाय।**
**दिव्यो गन्धर्वः केतपूः केतं नः पुनातु वाचस्पतिर्वाचं नः स्वदतु।।**

(इससे वेदी या कुण्ड के चारों ओर)–यजु0 अ0 30 । मन्त्र 1

हे महाप्रभु ! आप शिल्पकारों और विश्व कर्त्ताओं को उत्पन्न कर संसार का सौन्दर्य बढ़ावें और यज्ञपतियों को पैदा कर प्रजा का कल्याण करावें। संगीतज्ञों और साहित्यकों में पवित्र भाव भरें। आप वाचस्पति हैं, अतएव हमारी वाणी को मधुर और बुद्धि को विशुद्ध बनावें।

## आघारावाज्याहुति

विधि (10) – फिर निम्नलिखित मन्त्रों से घृत की दो आहुतियाँ कुण्ड के भीतर प्रज्ज्वलित अग्नि पर देवें।

**ओं अग्नये स्वाहा। इदमग्नये इदन्न मम।।**

इससे कुण्ड के उत्तर में प्रकाश स्वरूप परमेश्वर अथवा यज्ञाग्नि के लिये यह आहुति हैं, मेरे लिये नहीं।

**ओं सोमाय स्वाहा। इदं सोमाय इदन्न मम।।**

इससे कुण्ड के दक्षिण में शान्ति स्वरूप सर्वेश्वर अथवा सोमलता आदि के लिए ये आहुति है, मेरे लिये नहीं।

## आज्यभागाहुति

विधि (11) – इन दोनों मन्त्रों से यज्ञ–कुण्ड के मध्य में घी की आहुति देवें –

**ओं प्रजापतये स्वाहा। इदं प्रजापतये–इदन्न मम।।**

– प्रजापति परमात्मा प्रजापालक के लिए यह आहुति है, मेरे लिए नहीं।
–यजु0 22 ।32

यदि पुरुष और स्त्री दोनों हों (अथवा कोई दो जने हों तो पुरुष घी की और स्त्री साकल्य सामग्री की आहुति दें। और यदि अकेले ही हों तो साकल्य में ही घृत मिला लें। साकल्य की आहुति देते समय हाथ की पीठ नीचे की ओर रक्खें, हाथ का अगला भाग झुकाकर श्रद्धापूर्वक आहुति दें, चुटकी बाँध कर नहीं।)

**ओम् इन्द्राय स्वाहा। इदमिन्द्राय–इदन्न मम।।**

इन्द्र रूपी ईश्वर अथवा जनता के लिए यह आहुति है, मेरे लिए नहीं।

–यजु0 22।27

**विधि (12)** – पुनः प्रातःकाल को प्रातः काल के तथा सायंकाल को सायंकाल के मन्त्रों से घृत और सामग्री की आहुति दें।

**ज्ञातव्य** – यदि दोनों काल हवन करने में असमर्थ हों तो दोनों कालों की आहुतियाँ निम्न विधि से प्रातःकाल ही दे लें।

# प्रातः काल की आहुतियाँ

**ओं सूर्यो ज्योतिर्ज्योतिः सूर्यः स्वाहा।** –य0 अ0 3 मं09।।

–सूर्य के प्रकाश के प्रकाशक परमात्मा की प्रसन्नता के लिये हम स्तुति करते हैं।

**ओं सूर्यो वर्चो ज्योतिर्वचः स्वाहा।**

–जिसकी ज्योति से सारा जगत् जगमगा रहा है, उसी जगदीश्वर की प्रसन्नता के लिए हम स्तुति करते हैं।

**ओं ज्योतिः सूर्यः सूर्यो ज्योतिः स्वाहा।** –य0 अ0 3 मं09।।

– जिसकी ज्योति से सारा जगत् जगमगा रहा है, उसी जगदीश्वर की प्रसन्नता के लिये हम स्तुति करते हैं।

**ओं सजूर्देवेन सवित्रा सजूरुषसेन्द्रवत्या। जुषाणः सूर्यो वेतु स्वाहा।।**

– यजु0 अ0 3।मं0 10।।

– सर्वलोक में व्यापक सर्वशक्तिमान् सर्वनियन्ता सर्वेश्वर की प्रीति प्राप्त करने के लिए हम स्तुति करते हैं।

**ओम् भूरग्नये प्राणाय स्वाहा। इदमग्नये प्राणाय इदन्न मम।।**

– परमेश्वर प्राणाधार है, वही प्राणवायु का पोषक है। उसी के लिए यह आहुति है, मेरे लिये नहीं।

**ओम् भुवर्वायवेऽपानाय स्वाहा। इदम् वायवेऽपानाय इदन्न मम।।2।।**

– परमेश्वर प्राणपति है। वही अपान–वायु का रक्षक है। उसी के लिये



यह आहुति है, मेरे लिए नहीं।

**ओं स्वरादित्याय व्यानाय स्वाहा। इदमादित्याय व्यानाय इदन्न मम।।3।।**

– परमेश्वर मंगल–स्वरूप है। उसी के प्रताप से व्यान–वायु मनुष्य के लिए स्वास्थ्यदायक होता है। यह आहुति उसी के लिए हैं, मेरे लिए नहीं।

**ओम् भूर्भुवः स्वरग्निवाय्वादित्येभ्यः प्राणापानव्यानेभ्यः स्वाहा। इदमग्निवाय्वादित्येभ्यः प्राणापानव्यानेभ्यः इदन्न मम।।**

– पार0 का0 1 5 सू0 3।4।।

– परमात्मा सबका स्वामी है। अग्नि, वायु और सूर्य उसी के नियन्त्रण के अधीन हैं। वही प्राण, अपान और व्यान से जीवन का पोषण और रक्षण करता है। यह आहुति उसी के लिए है, मेरे लिए नहीं।

**ओम् आपो ज्योति रसोऽमृतं ब्रह्म भूर्भुवः स्वरों स्वाहा।**

परमात्मा–सर्वरक्षक, सर्वव्यापक, ज्योतिर्मय, जगत् का बीज अविनाशी, सृष्टिकर्ता, सर्वाधार, अन्तर्यामी और सुखस्वरूप है।

**विधि (13)** – तदनंतर निम्नलिखित तीन मंत्रों से आहुति दें।

**ओम् यां मेधां देवगणाः पितरश्चोपासते। तया मामद्य मेधयाऽग्ने मेधाविनं कुरु स्वाहा।1।** –यजु0 अ0 32 मंत्र 34।

हे ज्ञान–स्वरूप परमेश्वर ! जिस मेधा बुद्धि का आश्रय लेकर मनुष्य उच्चपद प्राप्त कर लेता है, उसी मेधा से हमें अलंकृत करो।

**ओं विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद्भद्रं तन्न आ सुव स्वाहा।।2।।** – यजु0 अ0 30।मंत्र 3।।

इस मंत्र का अर्थ पृष्ठ 40 पर देखें।

**ओम् अग्ने नय सुपथा राये अस्मान् विश्वानि देव वयुनानि विद्वान्। युयोध्यस्मज्जहुराणमेनो भूयिष्ठाँ ते नम उक्तिं विधेम स्वाहा।। 3।।**

– यजु0 अ0 40।मं0 16।।

इस मन्त्र का अर्थ पृष्ठ 43 पर देख लेवें।

# सायंकाल की आहुतियाँ

(आहिताग्नि* होम)

**ओम् अग्निर्ज्योतिर्ज्योतिरग्निः स्वाहा।** –य0 अ0 3 मं09 ।।

आग्नि की ज्योति की भी ज्योति उस जगदीश्वर के अनुग्रह के लिए हम प्रार्थना करते हैं।

**ओम् अग्निर्वर्चो ज्योतिर्वर्चः स्वाहा।** –यज0 अ03 ।मं09 ।।

अग्नि में ज्योति स्वरूप परमेश्वर की दीप्ति है, इसी की हम प्रार्थना करते हैं।

इस तीसरे मन्त्र को मन में पढ़कर आहुति देवें –

**ओम् अग्निर्ज्योति ज्योतिरग्निः स्वाहा।** –य0 अ0 3 ।मं09 ।।

अग्नि की ज्योति में परमात्मा की ज्योति है उसी की स्तुति करते हैं।

**ओं सजूर्देवेन सवित्रा सजू रात्र्येन्द्रवत्या जुषाणो अग्निर्वेतु स्वाहा।**

।–य0 अ0 3 ।मंत्र 10 ।।

प्रकाशमान् सर्व प्रेरक महाप्रभु की रात्रि भी एक विभूति है।

वह हमारे लिए प्रीति युक्त, सुखप्रद हो। यह यज्ञ सफल हो, यही परमात्मा से हमारी प्रार्थना है।

**ओं भूरग्नये प्राणाय स्वाहा।*** (1)
**ओम् भुवर्वायवेऽपानाय स्वाहा।** (2)
**ओं स्वरादित्याय व्यानाय स्वाहा।** (3)
**ओम् भूर्भुवः स्वरग्निवाय्वादित्येभ्यः प्राणापानव्यानेभ्यः स्वाहा।** (4)
**ओउम् आपोज्योतिरसोऽमृतं ब्रह्म भूर्भुवः स्वरों स्वाहा।**

–पार0 का0 1–5 सू0 3–4

---

* एक ही समय यज्ञ करने की स्थिति में। यदि दोनों समय यज्ञ करें तो यहाँ (1) इदमग्नये प्राणाय इदन्न मम।(2) इदं वायवे उपानाय इदन्न मम।(3) इदमादित्याय व्यानाय इदन्न मम।(4) इदमग्निवाय्वादित्येभ्यः प्राणापानव्यानेभ्यः इदन्न मम' लगावें। यदि एक ही समय करें तो न लगावें।(सार्वदेशिक से) यदि सायंकाल पृथक् यज्ञ करें तो आचमन (विधि 1) से विधि 11 तक की सम्पूर्ण क्रिया करके सायंकाल के मन्त्रों के अन्त में यां मेधां, विश्वानि देव तथा अग्ने नय सुपथा की आहुतियाँ भी दें।



**विधि (10)** – यदि घृत और साकल्य शेष रहे तो गायत्री मन्त्र अथवा 'ओम् विश्वानि0' इस प्रार्थना–मन्त्र से तीन या अधिक आहुतियाँ पूर्णाहुति मन्त्र से पूर्ण देवें।

## पूर्णाहुति

**ओं सर्वं वै पूर्णं स्वाहा। इस मन्त्र से तीन आहुति दें।**

**द्रष्टव्य** – दैनिक यज्ञ में इतनी ही विधि करणीय है। अन्त में 'शान्ति पाठ' (जो आगे दिया जायेगा) कर यज्ञ–कार्य की समाप्ति करें। पश्चात् पूजनीय प्रभो यह ईश–विनय प्रेम और श्रद्धा से गावें।

सामान्य होम विधिः समाप्त

# विशेष यज्ञों में

(पृष्ठ 56 से आगे की विधि)

**विधि (1)** – तदनन्तर अग्न्याधान, समिदाधान आदि से लेकर यदि प्रातःकाल हो तो प्रातः सायं दोनों समय की अथवा केवल प्रातःकाल की और यदि सायंकाल हो तो सायंकाल की आहुतियाँ 'अग्ने नय सुपथा' मंत्र (पृष्ठ 56 से 63) तक देवें। पश्चात् 'आघारावाज्य भागाहुति' चार, 'व्याहृति आहुति' चार 'स्विष्टकृत् आहुति' एक तथा 'प्राजापत्याहुति' एक ये दस आहुतियाँ नीचे लिखे मन्त्रों से देवें–

## आघारावाज्यभागाहुति

**ओं अग्नये स्वाहा।। इदमग्नये इदन्न मम।।** इससे उत्तर में।
(गोभिल0)

**ओं सोमाय स्वाहा।। इदं सोमाय इदन्न मम।।** इससे दक्षिण में (गोभिल0)
**ओं प्रजापतये स्वाहा। इदं प्रजापतये इदन्न मम।।** इससे मध्य में।
**ओं इन्द्राय स्वाहा। इदमिन्द्राय इदन्न मम।।** इससे मध्य में।
–(यजु0 22।32,27)

## व्याहृत्याहुतियाँ

**ओम् भूरग्नये स्वाहा।। इदमग्नये इदन्न मम।। 1**
प्रकाश–पुञ्ज परमेश्वर के लिए यह आहुति है, मेरे लिए नहीं।

**ओम् भुवर्वायवे स्वाहा। इदं वायवे इदन्न मम।। २**
सर्वव्यापक सर्वेश्वर के लिए यह आहुति है, मेरे लिए नहीं।

**ओं स्वरादित्याय स्वाहा।। इदमादित्याय इदन्न मम।। 3**
ज्योतिरूप जगदीश्वर के लिए यह आहुति है, मेरे लिए नहीं।

**ओम् भूर्भुवः स्वरग्निवाय्वादित्येभ्यः स्वाहा। इदमग्नि वाय्वादित्येभ्यः इदन्न मम।। 4**



ईश्वर सर्वाधार, सुख–स्वरूप और सर्वव्यापक है। अग्नि, वायु और सूर्य के कल्याणकारी होने के लिए यह आहुति है, मेरे लिए नहीं।

## स्विष्टकृत–होमाहुति

इस मन्त्र से घी अथवा भात की आहुति देवें –

**ओम् यदस्य कर्मणोऽत्यरीरिचं यद्वा न्यूनमिहाकरम्।**
**अग्निष्टत् स्विष्टकृद्विद्यात्सर्वंस्विष्टं सुहुतं करोतु मे।**
**अग्नये स्विष्टकृते सुहुतहुते सर्वप्रायश्चित्ताहुतीनां**
**कामानां समर्द्धयित्रे सर्वान्नः कामान्त्समर्द्धय स्वाहा।**
**इदमग्नये स्विष्टकृते इदन्न मम।।**

यह भौतिक अग्नि शरीर का कल्याण करें और आध्यात्मिक अग्नि आत्मा का। यज्ञ फल–दायक हो, पूर्व कृत पाप के लिए प्रायश्चित की प्रेरणा मिले, कामनायें स्वार्थ पूर्ण नहीं, प्रत्युत् जन हितकारी हों। मैंने कर्म का जो कुछ अनुष्ठान किया, चाहे वह अधिक हो या कम, उसे मैं श्रद्धा से इष्टदेव के चरणों पर चढ़ाता हूँ, उस पर अब मेरा कोई अधिकार नहीं रहा।

## प्राजापत्याहुति

इस मन्त्र को मन में पढ़कर आहुति दें –

**ओम् प्रजापतये स्वाहा।। इदं प्रजापतये इदन्न मम।।**
यह आहुति प्रजापति परमात्मा के लिए है, मेरे लिए नहीं।

**विधि (7)** – निम्नलिखित मंत्रों से आज्याहुति दें। समावर्त्तन और विवाह में यह आहुतियाँ मुख्यतया देनी योग्य है।

## आज्याहुति

**ओम् भूर्भुवः स्वः। अग्न आयूंषि पवस आ सुवोर्जमिषं च नः।**
**आरे बाधस्व दुच्छुनां स्वाहा। इदमग्नये पवमानाय इदन्न मम।। 1।।**

हे प्रकाशरूप परमात्मन् ! मेरे जीवन को पवित्र करो और आयु को बढ़ाओ। मुझे अन्न और बल दो। दुष्ट जीव जन्तुओं से मेरी रक्षा करो। यह आहुति पतित पावन परमेश्वर के लिये है, मेरे योग्य नहीं।

**ओम् भूर्भुवः स्वः। अग्निर्ऋषिः पवमानः पांचजन्यः पुरोहितः।**
**तमीमहे महागयं स्वाहा। इदमग्नये पवमानाय इदन्न मम।।2।।**

हे भगवन्! तू सर्वव्यापक, सर्वज्ञ, अन्तर्यामी है। तू ही प्रजातन्त्र के पुरोहित और पञ्चायत का प्रेरक है जिसका यशोगान कर विद्वान् भव–बाधा से विमुक्त हो जाते हैं। उसी परमेश्वर के लिए यह आहुति है, मेरे लिए नहीं।

**ओम् भूर्भुवः स्वः। अग्ने पवस्व स्वपा अस्मे वर्चः सुवीर्यम्।**
**दधद्रयिं मयि पोषं स्वाहा। इदमग्नये पवमानाय। इदन्न मम।।3।।**

–ऋ0 9।66।19।11

हे सच्चिदानन्द ! हमें शौर्य और शक्ति दो, तेजस्वी बनाओ यह सम्पत्ति बढ़ाओ। यह आहुति परमात्मा के लिए है, मेरे लिए नहीं।

**ओम् भूर्भुवः स्वः। प्रजापते न त्वदेतान्यन्यो विश्वा जातानि परि ता बभूव यत्कामास्ते जुहुमस्तन्नो अस्तु वयं स्याम पतयो रयीणां स्वाहा। इदं प्रजापतये इदन्नमम।। 4।।**

हे प्रजापति ! तू सर्वोपरि है। जिसे–जिस कामना से हम तेरा आश्रय लेवें उसे तू पूर्ण कर, जिससे हम सुख–सम्पत्ति भोग सकें। यह आहुति प्रजापति के लिए है, मेरे लिए नहीं।

## अष्टाज्याहुति

विधि (3) – इसके अनन्तर समस्त मंगल कार्यों में निम्नलिखित आठ मन्त्रों से 'अष्टाज्याहुति' देनी चाहिए।

**ओं त्वन्नोऽग्ने वरुणस्य विद्वान् देवस्य हेडोऽवयासिसीष्ठाः। यजिष्ठो वह्नितमः शोशुचानो विश्वाद्वेषांसि प्रमुमुग्ध्स्मत् स्वाहा। इदमग्निवरुणाभ्याम् इदन्न मम।। 1।।**

हे प्रकाशमान् परमात्मन् ! तू ही हमारे सब दृश्य और अदृश्य कर्मों को जानने वाला है। हमें ऐसी सुमति दें कि हम सदैव तेरी आज्ञा का पालन करें और किसी से द्वेष–भाव न रक्खें।

यह आहुति उसी तेजस्वी यज्ञपति के लिए है, मेरे लिए नहीं।



**ओं स त्वन्नोअग्नेऽवमो भवोती नेदिष्ठो अस्या उषसो व्युष्टौ। अव यक्ष्व नो वरुणं रराणो व्रीहि मृडीकं सुहवो न एधि स्वाहा। इदमग्निवरुणाभ्याम् इदन्न मम।। 2।।**

हे ज्योतिर्मय जगदीश्वर! तू हमारी रक्षा और पालन कर। इस सुन्दर प्रभातकाल में अग्निहोत्रादि शुभ कर्मों से हमारे अन्तःकरण में छिपी हुई पाप वासनायें नष्ट हो जायें। पुण्य कार्य में सदा प्रेरणा और फल देने वाले प्रभु! इस हवि को तू स्वीकार कर। यह आहुति परमात्मा के लिए है, मेरे लिए नहीं।

**ओम् इमं मे वरुण श्रुधी हवमद्या च मृडय। त्वामवस्युरा चके स्वाहा।। इदं वरुणाय इदन्न मम।। 3।।**

हे उपास्यदेव ! तू मेरी प्रार्थना को सुन और आज इस यज्ञ से हमें सुखी कर। मनोकामना की पूर्ति के लिए मैं बार–बार तेरी स्तुति करता हूँ। यह आहुति प्रशंसनीय परमात्मा के लिए है, मेरे लिए नहीं। –ऋ0 1।25।19

**ओं तत्त्वा यामि ब्रह्मणा वन्दमानस्तदाशास्ते यजमानो हविर्भिः अहेडमानो वरुणेह बोध्युरुशंस मा न आयुः प्रमोषीः स्वाहा। इदं वरुणाय इदन्न मम।।4।।**

हे अखिलेश्वर ! हमारी वेद विहित स्तुति स्वीकार कर हम तुम से आयु की याचना करते हैं और उसे यज्ञादि शुभ कार्यों के अनुष्ठान में उपयोग करना चाहते हैं। यह आहुति भगवान् के लिए हैं, मेरे लिए नहीं। –ऋ0 1।24।11

**ओम् ये ते शतं वरुण ये सहस्रं यज्ञियाः पाशा वितता महान्तः। तेभिर्नोऽद्य सवितोत विष्णुर्विश्वे मुञ्चन्तु मरुतः स्वर्क्काः स्वाहा।। इदं वरुणाय सवित्रेविष्णवे विश्वेभ्यो देवेभ्यो मरुद्भ्यः स्वर्क्केभ्यः इदन्न मम।। 5।।**

हे पूज्य परमेश्वर ! यज्ञ सम्बन्धी शुभ कर्मों में सैकड़ों–हजारों विघ्न–बाधायें आ पड़ती हैं, उनसे तू हमारी रक्षा कर। यह आहुति सर्वोत्पादक सर्वेश्वर के लिए हैं, मेरे लिए नहीं।

**ओम् अयाश्चाग्नेऽस्यनभिशस्तिपाश्च सत्यमित्वमयासि। अया नो यज्ञं वहास्या नो धेहि भेषजं स्वाहा।। इदमग्नये अयसे इदन्न मम।। 6।।**

–कात्या0 25।1।11।।

हे विश्वेश्वर ! तुम बाहर और भीतर सर्वत्र विराजमान हो। निर्दोष और निष्कलक मनुष्यों के प्रतिपालक और कल्याणकारक हो। हमारे शोक सन्ताप

को दूर करो। यह आहुति विश्वम्भर के लिए है, मेरे लिए नहीं।

**ओम् उदुत्तमं वरुण पाशमस्मदवाधमं वि मध्यमं श्रथाय। अथा वयमादित्य व्रते तवानागसो अदितये स्याम स्वाहा।। इदं वरुणायाऽऽदित्यायाऽदितये च इदन्न मम।। 7।।**

हे अविनाशी ईश्वर ! हमारे जीवन के छोटे-बड़े सभी बन्धनों को काट दे, हमारे हृदय में कोई दुर्भाव न हो, हम शरीर से कोई अपराध न करें तेरे आदर्श का पालन और मोक्ष प्राप्ति का प्रयत्न करते रहें। यह आहुति पूजनीय परमात्मा के लिए है, मेरे लिए नहीं। —(ऋ0 1।24।15)

**ओम् भवतं नः समनसौ सचेतसावरेपसौ। मा यज्ञं हिं सिष्टं मा यज्ञपतिं जातवेदसौ शिवौ भवतमद्य नः स्वाहा। इदं जातवेदोभ्याम् इदन्न मम।। 8।।**

हे दयानिधे ! हमारे मध्य में समान मन और समान बुद्धि वाले निष्पाप व्यक्तियों का समाज हो। हम एक दूसरे की सेवा और सहायता करें, यज्ञ का लोप न होने दें। यज्ञकर्त्ता की रक्षा करें, आज यज्ञ-काल में सभी शान्त रूप हों। यह आहुति ब्रह्म के लिए है, मेरे लिए नहीं।

**विधि (9)** – पश्चात् स्वस्तिवाचन, शान्तिकरण दोनों अथवा एक से, अथवा दोनों के या एक के थोड़े मन्त्रों से अथवा यजुर्वेद के इकत्तीसवें अध्याय (पुरुष सूक्त) या अन्य किसी अध्याय से अथवा पूरे यजुर्वेद या चारों वेदों से मन्त्र के आदि में 'ओ3म्' और अन्त में 'स्वाहा' जोड़कर (स्वाहा का उच्चारण सभी उच्च स्वर से करें) सामग्री और घृत के परिमाण के अनुसार आहुति दें। तदनन्तर कम से कम तीन आहुतियाँ 'गायत्री मन्त्र' या 'ओ3म् विश्वानि0' मन्त्र से दें। फिर निम्न लिखित मंत्र से तीन आहुतियाँ (एक बार में एक आहुति) दें –

**ओं सर्वं वै पूर्णं स्वाहा।**

**विधि (10)** – अन्त में निम्न प्रकार से महावामदेव्य गान करके शान्ति पाठ के पश्चात् यज्ञ कार्य समाप्त करें।

**महावामदेव्य गान**

**काऽ5 या। नश्चाऽ3 यित्राऽ2 आभुवात्। ऊ। ती सदावृधः स खा। औऽ3 हो हायि। कया ऽ13 शतायि। ष्ठौहो3। हुम्माऽ2। वा2तो3ऽ5 हायि। (1)**

**काऽ5स्त्वा। सत्यो2मा3उदानाम्। मा। हिष्ठा मात्सादन्धः। सा। औ3हो हायि। दृढाऽ23 विदा रुजौहो3। हुम्मा2। वाऽ3सो3ऽ5हायि। (2)**



**आऽ5मी। षुणा3। सा3खीनाम्। आ। बिता जरायितॄ। णाम्। ओ23 हो हायि। शता 23म्भवा सियोहो 3। हुम्मा 2 ताऽ2 यो 3ऽ5 हायि। (3)**

सर्वत्र और सर्वदा विस्तृत-व्यापक सखा रूप परमात्मा हमें श्रेष्ठ बुद्धि और उत्तम कर्मों से प्राप्त हो सकते हैं। इस पञ्चभौतिक शरीर को पुष्ट और बलिष्ठ बनाने के लिए अन्न की आवश्यकता है, अतएव अन्न देने वाली मातृभूमि की सेवा और रक्षा करना मनुष्य का सर्वोपरि धर्म है। हे परमात्मन्! तुम्हीं साधारण प्राणियों के एकमात्रा रक्षक हो, अतएव हम तुम्हारी शरण में आये हैं, हमारी ओर अभिमुख होकर अपना आश्रय दो।

# शान्ति पाठ

**ओम् द्यौः शान्तिरन्तरिक्षं शान्तिः पृथिवी शान्तिरापः शान्तिरोषधयः शान्तिः। वनस्पतयः शान्तिर्विश्वेदेवाः शान्तिर्ब्रह्म शान्तिः सर्वं शान्तिः शान्तिरेवशान्तिः सा मा शान्तिरेधि। ओ3म् शान्तिः शान्तिः शान्तिः।।**

—यजु0 अ0 36।मंत्र 17।।

सभी मिलकर शान्तिपाठ के निम्न हिन्दी भावानुवाद को प्रेम व श्रद्धा से गायें।

# शान्ति-गीत

शान्ति कीजिये प्रभु त्रिभुवन में शान्ति कीजिये प्रभु त्रिभुवन में।
जल में थल में और गगन में, अन्तरिक्ष में अग्नि पवन में।
औषधि वनस्पति वन उपवन में, सकल विश्व के जड़ चेतन में।
ब्राह्मण के उपदेश वचन में, क्षत्रिय के द्वारा हो रण में।
वैश्य जनों के होवें धन में और शूद्र के हो चरणन में।। शान्ति0
शान्ति राष्ट्र निर्माण सृजन में, नगर, ग्राम में और भुवन में।
जीव मात्र के तन में मन में और प्रकृति के हो कण कण में।।
शान्ति कीजिये0 ।।

# पक्ष यज्ञ विधि

## पूर्णमासी की आहुतियाँ

**ओं अग्नये स्वाहा।1। ओं अग्निषोमाभ्यां स्वाहा।2। ओं विष्णवे। स्वाहा।3।**

## अमावस्या की आहुतियाँ

**ओं अग्नये स्वाहा।1। ओं इन्द्राग्निभ्यां स्वाहा।2। ओं विष्णवे स्वाहा।3।**

# 3. पितृ–यज्ञ

प्रत्येक ब्रह्मचारी व गृहस्थी का परम कर्त्तव्य है कि जीवित माता–पिता, दादा–दादी आदि अपने से बड़ों की नित्य श्रद्धा–भक्ति सहित सेवा करें।

जिन माता–पिता आदि ने अनेक प्रकार के कष्ट उठा कर हमारा लालन–पालन किया है, उनके ऋण से उऋण होना असम्भव ही है। जो लोग अपने इस कार्य में प्रमाद करते हैं वे नरकगामी होते हैं। अतः प्रत्येक ब्रह्मचारी व गृहस्थी का यह परम कर्त्तव्य है कि अपने माता–पिता आदि गुरुजनों को अपनी सेवा से तृप्त करें। इसी को 'तर्पण' कहते हैं, इनकी श्रद्धापूर्वक सेवा करने को 'श्राद्ध' कहते हैं।

आजकल अविद्यान्धकार के कारण लोग तर्पण और श्राद्ध का अर्थ ही भूल गये हैं और माता–पिता के मर जाने पर उनको पानी देकर तर्पण और पिण्डदान तथा ब्राह्मण भोजन कराके श्राद्ध करते हैं। परन्तु यह सब व्यर्थ है, क्योंकि जीव मरकर अपने कर्मानुसार दूसरी योनि धारण कर लेता है। इस प्रकार के तर्पण व श्राद्ध से उसको लाभ नहीं पहुँच सकता।

प्रायः देखा यह जाता है कि लोग जीवित माता–पिता की सेवा में **उपेक्षा करते हैं और मरने पर उनको गंगा में पहुँचाते तथा तर्पण और श्राद्ध करते हैं, जैसा कि किसी ने कहा है –**

**जियत पिता से दंगम–दंगा, मरे पिता पहुँचाये गंगा।**



भला आप ही विचारें, इससे क्या लाभ? सच्चा तर्पण व 'श्राद्ध' तो यही है कि जीवित माता–पिता की नित्य प्रति श्रद्धाभक्ति पूर्वक सेवा की जावे और उनको हर तरह से तृप्त रखा जावे। यही 'पितृ–यज्ञ' है। जो ऐसा करते हैं, उसकी प्रत्येक कामना पूर्ण होती है।

# 4. बलिवैश्वदेव यज्ञ

विधि (1)– जब भोजन बन जाय तो भोजन करने से पूर्व प्रथम निम्नलिखित मन्त्रों से घृत मिश्रित भात अथवा खारी और नमकीन वस्तुओं के अतिरिक्त जो कुछ भोजन सामग्री बनी हो, अग्नि में उसके आगे लिखी दस आहुतियाँ दें–

**ओउम् अग्नये स्वाहा।। 1।।**

परमेश्वर के लिए यह सुन्दर आहुति है।

**ओम सोमाय स्वाहा।। 2।।**

सब पदार्थों को उत्पन्न और पुष्ट करके सुख देने वाले परमेश्वर के लिए यह सुन्दर आहुति है।

**ओम् अग्नीषोमाभ्यां स्वाहा।। 3।।**

जो प्राण स्वरूप (सब प्राणियों के जीवन का हेतु) अपान (सुख–स्वरूप) सब दुःखों के नाश का हेतु ईश्वर है, उसके लिए यह सुन्दर आहुति है।

**ओम् विश्वेभ्यो देवेभ्यः स्वाहा।। 4।।**

संसार को प्रकाशित करने वाले परमेश्वर के गुण अथवा विद्वान् लोगों के लिए यह सुन्दर आहुति है।

**ओम् धनवन्तरये स्वाहा।। 5।।**

जन्म–मरण रूप रोगों के नाश करने वाले परमात्मा के लिए यह सुन्दर आहुति है।

**ओम् कुहवै स्वाहा।। 6।।**

अमावसयेष्टि आदि के लिए यह सुन्दर आहुति है।

**ओम् अनुमत्यै स्वाहा।। 7।।**

पौर्णमास्येष्टि अथवा परमेश्वर की चिति–शक्ति के लिए यह सुन्दर आहुति है।

**ओम् प्रजापतये स्वाहा।। 8।।**

सब जगत् के स्वामी के लिए यह सुन्दर आहुति है।

**ओम् सहद्यापृथिवीभ्यां स्वाहा।। 9।।**

पृथ्वी के राज्य और सत्य–विद्या के प्रकाश के लिए यह सुन्दर आहुति है।

**ओम् स्विष्टकृते स्वाहा।। 10।।**

इष्ट सुख के करने वाले प्रभु के लिए यह सुन्दर आहुति है।

**विधि (2)** – फिर निम्नलिखित मन्त्रों से एक थाली या पत्तल में नीचे बतलाई हुई दिशाओं में भाग रक्खें। यदि कोई अतिथि उस समय आ जायें तो उसको दे दें, अन्यथा अग्नि में छोड़ दें।

**ओम् सानुगायेन्द्राय नमः।।** इससे पूर्व की ओर।

सवैश्वर्य युक्त परमेश्वर और उसके गुणों के लिए यह बलि–भाग है।

**ओम् सानुगाय यमाय नमः।** इससे दक्षिण की ओर।

न्यायकारी परमेश्वर और सृष्टि में सत्य–न्याय के कर्त्ता सज्जनों के लिए यह बलि–भाग है।

**ओम् सानुगाय वरुणाय नमः।** इससे पश्चिम की ओर।

सबसे उत्तम परमेश्वर और उसके धार्मिक भक्तों के लिए यह बलि–भाग है।

**ओम् सानुगाय सोमाय नमः।** इससे उत्तर की ओर।

पुण्यात्माओं को आनन्दित करने वाले परमेश्वर तथा पुण्यात्मा लोगों के लिए यह बलि–भाग है।

**ओम् मरुद्भ्यो नमः।** इससे द्वार की ओर।

प्राण अर्थात् जिसके रहने से जीवन और निकलने से मरण होता है। इसलिये जिनकी रक्षा करनी आवश्यक है, उनके लिये यह बलि–भाग है।

**ओम् अद्भ्यो नमः।** इससे जल की ओर।

जो जल के समान शान्दियाक है, उनकी रक्षा आवश्यक है। इसलिये उनके लिये यह बलि–भाग है।



**ओं वनस्पतिभ्यो नमः।** इससे मूसल और ओखली की ओर।

जिससे वर्षा अधिक होती है, और जिनके फलादि से जगत् का उपकार होता है, इसलिये जिनकी रक्षा करनी योग्य है इनके लिए यह बलि–भाग हैं।

**ओं श्रियैः नमः।** इससे ईशानकोण की ओर।

जिस सबके सेवा करने योग्य परमात्मा की सेवा से राज्यश्री की प्राप्ति के लिये सदा उद्योग करना चाहिए। उसी के लिए यह बलि–भाग है।

**ओं भद्रकाल्यै नमः।** इससे नैऋत्यकोण की ओर।

कल्याण करने वाली परमात्मा की शक्ति का सदा आश्रय करना चाहिए। उसी के लिये यह बलि–भाग है।

**ओं ब्रह्मणे नमः।**

वेद के स्वामी परमात्मा की प्रार्थना और विद्या–प्रचार के लिये उद्योग करना चाहिए। उसी के लिये यह बलि–भाग है।

**ओं वास्तुपतये नमः।** इन दोनों से मध्य में।

गृह–सम्बन्धी पदार्थों के पालन करने वाले मनुष्य अथवा ईश्वर का सहाय सर्वत्र होना चाहिए। उसकी के लिये यह बलि–भाग है।

**ओं विश्वेभ्यो देवेभ्यो नमः।**

संसार के प्रकाशक ईश्वर के गुण अथवा विद्वान् लोगों के लिये बलि–भाग है।

**ओं दिवाचरेभ्यो भूतेभ्यो नमः।**

दिन में विचरने वाले प्राणियों से उपकार लेना तथा उनको सुख देना मनुष्य का काम है, उन्हीं के लिए यह बलि–भाग है।

**ओं नक्तञ्चारिभ्यो भूतेभ्यो नमः।** इन तीनों से ऊपर की ओर।

रात्रि में विचरने वाले प्राणियों से उपकार लेना तथा उन्हें सुख देना मनुष्य का काम है, उन्हीं के लिये यह बलि–भाग है।

**ओं सर्वात्मभूतये नमः।** इससे पीठ की ओर।

सब में व्याप्त परमेश्वर की सत्ता सदा ध्यान में रखनी चाहिए। उसी के लिये यह बलि–भाग है।

**ओं पितृभ्य:स्वधायिभ्यः स्वधा नमः।** इससे दक्षिण की ओर।

माता–पिता, आचार्य, अतिथि, पुत्र और भृत्यादि को भोजन कराकर भोजन करना चाहिये। इन्हीं के लिये यह बलि–भाग है।

**विधि (1)** – फिर घृत सहित लवणान्न लेकर निम्न श्लोकों कहे अनुसार कुत्ता, पतित, चाण्डाल, पाप–रोगी, कौआ व कीड़े इन छः नामों से छः भाग रखें और जिसके हों उसी को दे दें।

**शुनां च पतितानां च श्वपचां पापरोगिणाम्।**
**वायसानां कृमीणां च शनकैर्निर्वपेद् भुवि।।**

– मनु0 अ0 3 ।श्लोक।। 92

कुत्ते, पतित, चाण्डाल, पाप–रोगी, कौए, और कीड़े इनके भाग धीरे से भूमि पर रखें, जिससे कि मिट्टी न लगे।

# 5. अतिथि–यज्ञ

धार्मिक, परोपकारी, सत्योपदेशक, पक्षपात–रहित, सर्वहितकारक, विद्वानों की अन्नादि से सेवा करनी तथा उनसे श्रद्धापूर्वक प्रश्नोत्तर करके ज्ञान प्राप्त करना 'अतिथि–यज्ञ' कहलाता है। यह भी नित्य–कर्तव्य है। इस प्रकार उपर्युक्त पञ्च महायज्ञों को स्त्री–पुरुष नित्य किया करें।

✦



# परिशिष्ट

## 1– प्रातः सोकर उठने के समय की प्रार्थना

(प्रातः 5 घड़ी रात रहे उठकर निम्न मंत्रों से प्रार्थना करनी चाहिये)

**प्रातरग्निं प्रातरिन्द्रं हवामहे प्रातर्मित्रावरुणा प्रातरश्विना।**
**प्रातर्भगं पूषणं ब्रह्मणस्पतिं प्रातस्सोममुत रुद्रं हुवेम।। 1।।**

**प्रातर्जितं भगमुग्रं हुवेम वयं पुत्रमदितेर्यो विधर्ता।**
**आध्रश्चिद्यं मन्यमानस्तुरश्चिद्राजा चिद्यं भगं भक्षीत्याह।। 2।।**

**भग प्रणेतर्भग सत्यराधो भगेमां धियमुदवा ददन्नः।**
**भग प्रणो जनय गोभिरश्वैर्भग प्र नृभिर्नृवन्तः स्याम।। 3।।**

**उतेदानीं भगवन्त स्यामोत प्रपित्व उत मध्ये अह्नाम्।**
**उतोदिता मघवन्त्सूर्यस्य वयं देवानां सुमतौ स्याम।। 4।।**

**भग एव भगवां अस्तु देवास्तेन वयं भगवन्तः स्याम।**
**तं त्वा भग सर्व इज्जोहवीति स नो भग पुर एता भवेह।। 5।।**

– ऋ0 मं0 7 सूक्त 41 ।।मं0 1 से 5।।

## प्रभात–प्रार्थना

(पद्यानुवाद)

– आचार्य स्वदेश

1– हे प्रकाश के पुञ्ज सृष्टिकर्त्ता ऐश्वर्य प्रदाता।
मित्रा, वरुण, तू रूद्रदेव है सूर्य चन्द्र, निर्माता।
भक्त, वेद, ब्रह्माण्ड पालके व्यापक ब्रह्म कहाता।
प्रातः की पावन बेला में मैं तेरे गुण गाता।

2– हे विजयशील ऐश्वर्य प्रदाता तेजस्वी तपधारी।
अन्तरिक्ष के पुत्र सूर्य सम लोकों के आधारी।
हे सर्वज्ञ सुपालक, रक्षक दुर्जन–जन भयकारी।
प्रातः की पावन बेला में स्तुति करुँ तुम्हारी।

3– हे भजनीय सत्यपथप्रेरक सद्–ऐश्वर्य बढ़ाओ।
सदाचार प्रज्ञा प्रदान कर ईश मुझे अपनाओ।
घोड़े गाय आदि पशुओं से राज्यश्री प्रकटाओ।
आर्यजनों से हो सनाथ प्रभु कृपा कोर दिखलाओ।

4– भगवन् आज कृपा तेरी हो और परिश्रम मेरा।
उत्तमबल वैभव विद्या का मुझमें होय बसेरा।
दिन के मध्य धनों के स्वामी बने निवेदन मेरा।
प्रातः काल देवों की मति से हो सम्बन्ध घनेरा।

5– जिससे हे जगदीश्वर तेरे सब सज्जन गुण गावें।
भव के भीतर भव्य भावना भर दो भक्त बुलावें।
भगवन् तुमसा कौन जगत् में पूज्य जिसे अपनावें।
कृपासिन्धु कुछ कृपा बिन्दु दो जग की प्यास बुझावें।

## 2. रात्रि में सोने के समय की प्रार्थना

**ओं अग्ने त्वं सुजागृहि वयं सुमन्दिषीमही।**
**रक्षाणो अप्रयुच्छन् प्रबुधे नः पुनस्कृधि।।** –य0 अ0 4 । 14

जो अग्नि जगने के समय अच्छे प्रकार जगाता वा जिससे जगत् कर्मानुष्ठान करने वाले हम लोग (दुखद–स्वप्नों से रहित) आनन्दपूर्वक सोते हैं, जो प्रमाद रहित होके हम लोगों की रक्षा करता है, उसे युक्तिपूर्वक सब सेवन करते हैं।

(ब) इसके अतिरिक्त 'मानस शिव संकल्प' के छः मंत्रों का पाठ पद्यानुवाद सहित भक्ति भाव से करें। पृष्ठ 53 व 54 पर देखें।

## 3. भोजन के समय की प्रार्थना

**ओउम् अन्नपतेऽन्नस्य नो देहि अनमीवस्य शुष्मिणः।**
**प्र प्र दातारं तारिषऽऊर्जं नो धेहि द्विपदे चतुष्पदे।।**

–यजु0 11 ।83

**अर्थ** – हे अन्न के स्वामिन् प्रभो ! हमें अन्न दो, जो रोग रहित और



पुष्टिकारक हो। आप अन्नदाता का कल्याण करें। दुपाये (मनुष्यों) और चौपायों (पशुओं) में तेज धारण करो।

## 4. भोजन समाप्ति पर

**ओं मोघमन्नं विन्दते अप्रचेताः सत्यं ब्रवीमि वध इत् स तस्य।**
**नार्यमणं पुष्यति नो सखायं केवलाघो भवति केवलादी।।**

**अर्थ** – मूढ़ अज्ञानी तो अन्न को व्यर्थ प्राप्त करता है। सच कहता हूँ वह तो उसका घातक ही होता है, क्योंकि वह न तो राजा का पालन करता है और न ही बन्धु का। सच तो यह है कि अकेला खाने वाला केवल पापमय होता है।

## 5. यज्ञोपवीत बदलने का मन्त्र

**ओं यज्ञोपवीतं परमं पवित्रं प्रजापतेर्यत्सहजं पुरस्तात्।**
**आयुष्यमग्र्यं प्रतिमुञ्च शुभ्रं यज्ञोपवीतं बलमस्तु तेजः।।**

वेदोक्त कर्म में अधिकारी बनने के लिए इस ब्रह्म–सूत्र को जो परमात्मा के ज्ञान–प्राप्ति का सूचक है, शुद्ध ज्ञान की सूचना करने वाला है, जो ईश्वर में स्वभाव–सिद्ध उदिष्ट हितकारी है, ऐसे 'ब्रह्मसूत्र' को मैं बाँधता (धारण) करता हूँ। ईश्वर करे कि यह निर्मलता का बोधक यज्ञोपवीत बल और तेज देने वाला हो।

**ओं यज्ञोपवीतमसि यज्ञस्य त्वा यज्ञोपवीतेनोपनह्यामि।**

–पार0 गृह 2 ।सू0 11 ।।

हे ब्रह्मसूत्र ! तू यज्ञोपवीत है। तुझे यज्ञ कार्य के लिये ही ग्रहण करता हूँ। मैं आज स्वयं को यज्ञोपवीत में बाँधता हूँ।

## 6. व्रत धारण (दृढ़ प्रतिज्ञा) के मन्त्र

**ओं अग्ने व्रतपते व्रतं चरिष्यामि तत्ते प्रब्रवीमि तच्छकेयम्।**
**तेन र्ध्या समिदमहमनृतात्सत्यमुपैमि स्वाहा। इदमग्नये इदन्न मम।। 1।।**
**ओं वायो व्रतपते ✤ स्वाहा। इदं वायवे इदन्न मम।। 2।।**
**ओं सूर्य व्रतपते ✤ स्वाहा। इदं सूर्याय इदन्न मम।। 3।।**
**ओं चन्द्र व्रतपते ✤ स्वाहा। इदं चन्द्राय इदन्न मम।। 4।।**
**ओं व्रतानां व्रतपते ✤ स्वाहा। इदमिन्द्राय व्रतपतये मम।। 5।।**

## 7. आर्य समाज का साप्ताहिक सत्संग

यह सत्संग प्रत्येक रविवार को अथवा सप्ताह में किसी निश्चित दिन यथा सम्भव प्रातः काल और यदि असुविधा हो तो सायंकाल करना चाहिए। आर्यसमाज के प्रत्येक सदस्य तथा सभी सत्संग प्रेमियों को सपरिवार इस सत्संग में अनिवार्यतः श्रद्धा, प्रेम और भक्ति–भाव के साथ सम्मिलित होना चाहिए।'

**समय** – सत्संग में कम से कम 2 घण्टे से 3 घण्टे तक का समय लगाना उचित है। समय के अनुसार ही निम्नलिखित कार्यक्रम का समय–विभाग बनाकर, लिखकर रखना चाहिए।

**स्थान** – सत्संग का स्थान समाज मन्दिर ही हो तो उत्तम है। गाँवों आदि में जहाँ मन्दिर नहीं हो वहाँ एक छोटी कुटी तो बना ही लेनी चाहिए अथवा किसी चौपाल आदि का एक निश्चित स्थान कर देना चाहिए। स्थान को पवित्र एवं वातावरण को शान्त–शुद्ध रखना आवश्यक है।

**कार्यक्रम** – (अ) सामूहिक सन्ध्या– जिनका उच्चारण अति शुद्ध हो, वे करावें। शेष मौन पाठ करें।

(आ) विशेष यज्ञ। यथाविधि करें।

(इ) यज्ञ की समाप्ति पर मंगल कामना, ईश्वर स्तुति–प्रार्थना आदि निम्न प्रकार करें।

---

☛ इसके आगे 'व्रतं चारिष्यामि' आदि सम्पूर्ण मंत्र बोलना।

आर्यकुमार सभाओं तथा महिला सभाओं के सत्संग में भी इसी कार्यक्रम को अपनाया जा सकता है।

☛ गाँवों में जहाँ कहीं विशेष असुविधा हो, यह सत्संग अमावस्या तथा पौर्णमासी को (पाक्षिक) रखा जा सकता है।



## मंगल कामना

**सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः।**
**सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद्दुःखभाग्भवेत्।।**

हे नाथ ! सब सुखी हों, कोई न हो दुखारी।
सब हों निरोग भगवन्, धन–धान्य के भण्डारी।।
सब भद्रभाव देखें, सन्मार्ग के पथी हों।
दुखिया न कोई होवे, सृष्टि में प्राणधारी।।

## ईश्वर स्तोत्र

**त्वमेव माता च पिता त्वमेव, त्वमेव बन्धुश्च सखा त्वमेव।**
**त्वमेव विद्या द्रविणं त्वमेव, त्वमेव सर्वं मम देव देव।।**

मात तुही गुरु तात तुही, मित्र भ्रात तुही धन–धान्य हमारो।
ईश तुही जगदीश तुही, मम शीश तुही प्रभु राखन हारो।।
राव तुही उमराव तुही, सत्भाव तुही प्रभु राखन हारो।
सार तुही, करतार तुही, घरवार तुही परिवार हमारो।।

**नमस्ते सते ते जगत् कारणाय, नमस्ते चिते सर्वलोकाश्रयाय**
**नमोऽद्वैततत्वाय मुक्तिप्रदाय, नमो ब्रह्मणे व्यापिने शाश्वताय**

नमस्ते निराकार निर्गुण निरूपम, नमस्ते शिवं सत्य सुन्दर स्वरूपम्
नमस्ते अगोचर अगमओजदायक, नमस्ते निरंजन निगम नीतिनायक
नमस्ते महेश्वर महा मोक्षदाता, नमस्ते विभू विश्वव्यापी विधाता
नमस्ते सदा सच्चिदानन्द स्वामी, नमस्ते नियन्ता 'भवानी' नमामी

**त्वमेकं शरण्यं त्वमेकं वरेण्यं त्वमेकं जगत्पालकं स्वप्रकाशम्**
**त्वमेकं जगत्कर्तृ पातृ प्रहर्तृ त्वमेकं परं निश्चलं निर्विकल्पम्**

हे वन्दनीय ईश्वर ! तेरी शरण में आया।
तू है स्वयं प्रकाशित, तेरी त्रिलोक माया।।
जगके तुम्हीं जनक हो, पालक विनाशकारी।
हे नाथ ! जब दयाकर सुधि वेग लो हमारी।।

**भयानां भयंभीषणंभीषणानां, गति प्राणिनां पावनं पावनानाम्**
**महोच्चैः पदानां नियन्तृत्वमेकं, परेषां परं रक्षणंरक्षणानाम्**

भीषण तुझसे भीत और भय भी भय खावे।
जीवन को गतिशील रसज्ञ पवित्र बनावे।।
सर्वोपरि सर्वेश सच्चिदानन्द स्वरूपम्।
रक्षण के रखबार सभी में दिव्य अनुपम।।

**वयंत्वांस्मरामो वयं त्वांभजामो, वयं त्वांजगत्साक्षिरूपं नमामः**
**सदेकं निधानं निरालम्बमीशं भवाम्बोधिपोतं शरण्यं व्रजामः**

सुमिरन, भजन, साधना द्वारा तुमसे नेह लगाऊँ।
घट–घट व्यापी की छाया में श्रेय मार्ग पर जाऊँ।।
एक मात्र अवलम्ब सभी का है तू आश्रय–दाता।
तेरे नाम निगम–नौका से भवसागर तर जाता।।

–अनु0 पूज्यपाद स्वामी भवानीदयाल जी, वैदिक मिशनरी

**ओं असतो मा सद्गमय। तमसो मा ज्योतिर्गमय। मृत्योर्माऽमृतं गमय।।**

हों असत् से दूर भगवन्, सत्य का वरदान दो।
दूरकर द्रुत तिमिर भगवन्! शुभ्र–ज्योति विहानदो।।
मृत्यु–बन्धन को हटा, अमरत्व हे भगवान् दो।
प्रकृति–पाशों से छुड़ा आनन्द मधु का पान दो।।

– अनु0 श्री पं0 द्विजेन्द्रनाथ शास्त्री, मेरठ

**ओं शन्नो मित्रः शं वरुणः शन्नो भवत्वर्यमा।**
**शन्न इन्द्रो बृहस्पतिः शन्नो विष्णुरुरुक्रमः।।**

तुम्हीं ब्रह्मा, तुही विष्णु, तुम्हीं इन्द्र अविनाशी।
बृहस्पति अर्यमा तुम ही वरुण वर मित्र सुखराशी।।
ऋतम् सत्यम् से तूने सृष्टि को सम्यक् सँवारा है।
तेरे आलोक से भगवन्, प्रकाशित लोक सारा है।।

**न तत्र सूर्यो भाति न चन्द्र तारकम् नेमा विद्युतो भान्ति कुतोऽयमग्निः।**
**तमेव भान्तिमनुभाति सर्वं, तस्य भासा सर्वमिदं विभाति।।**



जग के प्रकाश सारे तुमसे प्रकाश पाते।
रवि–चन्द्र और तारे नभ में चमक दिखाते।।
तू है स्वयं प्रकाशित, अद्भुत प्रकाश तेरा।
अपनी प्रभा दिखादे, जग से मिटे अंधेरा।।

**ओं स ब्रह्मा स विष्णुः स रुद्रस्स शिवस्सोऽक्षरस्स।**
**परमः स्वराट्। स इन्द्रस्य कालाग्निस्स चन्द्रमाः।।**

ब्रह्मा स्वराट् तू ही इन्द्र भी कहाता।
तू विष्णु सर्वव्यापी, हो चन्द्र जगमगाता।।
कालाग्नि, रुद्र, अक्षर, शिव, इष्टदेव मेरे।
तुम एक ही हो भगवन्! पर नाम हैं घनेरे।।

**ओं सहनाववतु सह नौ भुनक्तु सह वीर्यं करवावहै।**
**तेजस्विनावधीतमस्तु मा विद्विषावहै।।**

भगवन्! आज विपद का मारा मैं तेरे ढिंग आया हूँ।
जीवन के संग्राम–क्षेत्र में अगणित ठोकर खाया हूँ।।
ओज–तेज–बल–वीर्य ज्ञान–गुण से हमको मण्डित कीजे।
साम्यभाव, सुन्दर समाज, सुखदायक सत्संगति दीजे।।

**ओं तेजोऽसि तेजो मयि धेहि, वीर्यमसि वीर्य मयि धेहि।**
**बलमसि बलं मयि धेहि, ओजोऽस्योजो मयि धेहि।**
**मन्युरसि मन्युं मयि धेहि, सहोऽसि सहो मयि धेहि।**

हे तेजवन्त भगवन्! मेरे में तेज भरदे।
ब्रह्माण्ड वीर्य! मुझको भी वीर्यवान् करदे।।
बल–वीर्य के विधायक! मुझको बली बनाओ।
हे ओज के अधीश्वर! निज ओज से सजाओ।।
पुरुषत्व, रोष पावन सहने की शक्ति दीजे।
अपने सभी गुणों से परिपूर्ण नाथ कीजे।।

**यं ब्रह्मा वरुणेन्द्र रुद्र मरुत स्तुवन्ति दिव्यं स्तवैः**
**वेदैः साग पदक्रमोपनिषदैर्गायन्ति यं सामगाः**

**ध्यानावस्थित तद्गतेन मनसा पश्यन्ति यं योगिनो।**
**यस्यान्तं न विदुः सुरासुरगणाः देवाय तस्मै नमः।।**

ब्रह्म, वरुण, रुद्र, मारुत सब जिसकी गाथा गाते।
वेद और उपनिषद् कथा कीर्तन से नहीं अघाते।।
मानस–दर्शन के हित जिसका योगी ध्यान लगाते।
उसी देव अधिनायक को हम सादर शीश नवाते।।

– पू0 स्वामी भवानीदयाल जी, वैदिक मिशनरी

**यस्य मे हिमवन्तो महित्वा यस्य समुद्रः रसया सहाहुः।**
**यस्य मा प्रदिशो यस्य बाहुः कस्मै देवाय हविषा विधेम।।**

हिम आवृत ये उन्नत पर्वत जिसकी महिमा गाते हैं।
ये समुद्र भी उछल–उछलकर गुण जिसके बतलाते हैं।।
चित्र विचित्र दिशायें जिसकी महिमा का करती हैं गान।
दशों दिशायें जिस विराट्की बलशाली हैं भुजा समान।।
भक्ति–भाव की भेटें लेकर उन चरणों तक जाते हैं।
श्रद्धा पूर्वक सुख–सागर के आगे शीश झुकाते हैं।।

– श्री पं0 धर्मदेव जी

## वैदिक विनय

उक्त स्तोत्र पाठ के पश्चात् 'वैदिक विनय' का निम्नलिखित मन्त्र और उसका गीतमय अनुवाद मिलकर गावें।

**ओउम् इन्द्रं वर्धन्तो अप्तुरः कृण्वन्तो विश्वमार्यम्। अपघ्नन्तो अराव्णः।**

हे प्रभु ! हम तुमसे वर पावें।
अखिल विश्व को आर्य बनावें।।
फैलें, सुख–सम्पत्ति फैलावें, आप बढें प्रिय राष्ट्र बढ़ावें।
वैर–विघ्न को मार मिटावें, प्रीति–नीति की रीति चलावें।।

(ब) पश्चात् दैनिक एवं विशेष यज्ञों में यह प्रार्थना गावें–



## यज्ञ प्रार्थना

– पं लोकनाथ तर्कवाचस्पति

पूजनीय प्रभो ! हमारे भाव उज्ज्वल कीजिए।
छोड़ देवें छल–कपट को, मानसिक बल दीजिए।। 1
वेद की गायें ऋचायें, सत्य को धारण करें।
हर्ष में हों मग्न सारे शोक–सागर से तरें।। 2
अश्वमेधादिक रचायें यज्ञ पर–उपकार को।
धर्म–मर्यादा चलाकर, लाभ दें संसार को।। 3
नित्य श्रद्धा–भक्ति से यज्ञादि हम करते रहें।
रोग पीड़ित विश्व के सन्ताप सब हरते रहें।। 4
भावना मिट जाय मन से पाप अत्याचार की।
कामनायें पूर्ण होवें यज्ञ से नर नारि की।। 5
लाभकारी हो हवन हर प्राणधारी के लिए।
वायु–जल सर्वत्र हों शुभ गन्ध को धारण किये।। 6
स्वार्थ–भाव मिटे हमारा प्रेम–पथ विस्तार हो।
'इदन्न मम' का सार्थक प्रत्येक में व्यवहार हो।। 7
होथ जोड़ झुकायें मस्तक वन्दना हम कर रहे।
'नाथ' करुणा–रूप करुणा आपकी सब पर रहे।। 8

(ऊ) तत्पश्चात् 'भजन संकीर्तन' में से ईश्वर–भक्ति अथवा महर्षि महिमा का एक सुन्दर भजन सब मिलकर गावें –

(ए) वेदमन्त्र की व्याख्या – 'आर्याभिविनय' से।

(ओ) कथा महर्षि जीवन–चरित्र (श्रीमद्दयानन्द प्रकाश)

(औ) तत्पश्चात् ऋग्वेद के अन्तिम संगठन–सूक्त का पाठ करें।

## संगठन सूक्त

**सं समिद्युवसे वृषन्नग्ने विश्वान्यर्य आ।**
**इड़स्पदे समिध्यसे स नो वसून्या भर।।** 1

हे प्रभो ! तुम शक्तिशाली हो बनाते सृष्टि को।
वेद सब गाते तुम्हें हैं कीजिए सुख-वृष्टि को।। 1

**सगच्छध्वं संवदध्वं सं वो मनांसि जानताम्।**
**देवा भागं यथा पूर्वे सं जानानां उपासते।। 2**

प्रेम से मिलकर चलें बोलें सभी ज्ञानी बनें।
पूर्वजों की भाँति हम कर्त्तव्य के मानी बनें।। 2

**संमानो मंत्रः समितिः समानी समानं मनः सहचित्तमेषाम्।**
**समानं मंत्रमभिमंत्रये वः समानेन वो हविषा जुहोमि।। 3**

हों विचार समान सबके चित्त मन सब एक हों।
ज्ञान पाते हैं बराबर भोग्य पा सब नेक हों।। 3

**समानी व आकूतिः समाना हृदयानि वः।**
**समानमस्तु वो मनो यथा वः सुसहासति।। 4**

हों सभी के मन तथा संकल्प अ-विरोधी सदा।
मन भरे हों प्रेम से जिससे बढ़े सुख-सम्पदा।। 4

## वैदिक राष्ट्रीय प्रार्थना

**ओं आ ब्रह्मन् ब्राह्मणो ब्रह्मवर्चसी जायताम्।**
**आराष्ट्रे राजन्यः शूरऽइषव्योऽतिव्याधी महारथो जायताम्**
**दोग्धीधेनुर्वोढानड्वानाशुः सप्तिः पुरन्धिर्योषाजिष्णुरथेष्ठा**
**सभेयोयुवास्य यजमानस्य वीरो जायताम्**
**निकामे-निकामे नः पर्जन्यो वर्षतु फलवत्यो नऽओषधयः**
**पच्यन्ताम् योगक्षेमो नः कल्पताम्।।** —यजु0 अ0 22।मंत्र 22

ब्रह्मन् ! स्वराष्ट्र में हो द्विज ब्रह्म तेजधारी।
क्षत्रिय महारथी हों अरि-दल विनाशकारी।।
होवें दुधारु गौवें, वृष अश्व आशुवाही।
आधार राष्ट्र की हों, नारी सुभग सदा ही।।



बलवान् सभ्य योद्धा यजमान पुत्र होवें।
इच्छानुसार वर्षें, पर्जन्य ताप धोवें।।
फल-फूल से लदी हों औषध अमोघ सारी।
हो योगक्षेम-कारी, स्वाधीनता हमारी।।

(अ) आर्य समाज के दस नियम मिलकर पाठ करें (ये आगे दिये हैं)

(आ) आवश्यक सूचनायें व परिचय आदि के पश्चात् शांति पाठ।

## 8. पारिवारिक सत्संग

**द्रष्टव्य** – आर्य परिवार में इन सत्संगों का आयोजन अत्यावश्यक है। आठवें दिन या अमावस्या पूर्णिमा को या जैसी सुविधा हो ये सत्संग आवश्यक है। वैदिक भावनाओं के प्रचार प्रसार का इन्हें सर्वोतम साधन बनाया जा सकता है।

**विधि** – अन्य समस्त विधि साप्ताहिक सत्संग की रखें। सत्यार्थ प्रकाश, महर्षि जीवन चरित्र के स्थान पर पारिवारिक कर्त्तव्य विषयक भाषण का आयोजन करें। स्त्रियोपयोगी भजन भी हों। बीच में ऋषि, सत्यार्थ प्रकाश के उदाहरण दें।

## 9. वेद सप्ताह एवं महर्षि बोध सप्ताह

श्रावणी से जन्माष्टमी तक 'वेद सप्ताह' तथा शिवरात्रि से एक सप्ताह पूर्व से, शिवरात्रि तक 'महर्षि बोध सप्ताह' प्रतिवर्ष सभी आर्यसमाजों में उत्साह पूर्वक मनाना चाहिए।

### कार्यक्रम

(अ) प्रतिदिन प्रातः प्रभात फेरी (गायन आगे दिये गये हैं)

(आ) सामान्य होम के अतिरिक्त प्रतिदिन यजुर्वेद के एक अध्याय की विशेष आहुतियाँ दी जायें। यजु0 अ0 22, 30, 31, 32, 35, 36 तथा 40, एक सप्ताह के लिए ये 7 अध्याय उपयुक्त रहेंगे। (इनमें से कुछ आगे दिये हैं)

(इ) वेद कथा या महर्षि जीवन कथा।

(ई) आत्म-निरीक्षण जीवन को साधनशील बनाने के लिए किसी व्रत का धारण, आर्य सदस्यों की वृद्धि, आर्य साहित्य का विक्रय-वितरण आदि रचनात्मक कार्यों पर बल दिया जावे।